संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 05 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 152 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# ओडिशा रेल हादसे की सीबीआई जांच होगी

## 'ट्रेन की ओवरस्पीड हादसे की वजह नहीं', केवल एक ट्रेन का एक्सीडेंट हुआ, रेलवे ने समझाई हादसे की क्रोनोलॉजी

### सीबीआई जांच होगी...

**= रविवार सुबह एक्सीडेंट साइट का जायजा लेने के बाद रेल मंत्री ने कहा था- इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलाव की वजह से एक्सीडेंट हुआ**

**टीम एक्शन इंडिया/बालासोर**

2 जून की शाम को ओडिशा के बालासोर में ट्रेन हादसा कैसे हुआ? इस सवाल का जवाब रेलवे बोर्ड ने डिटेल में दिया। बोर्ड ने बताया कि तीन ट्रेनें नहीं बल्कि सिर्फ एक ट्रेन कोरोमंडल एक्सप्रेस हादसे का शिकार हुई है। कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी से टकराई, फिर बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट कोरोमंडल की बोगियों में भिड़ गई। जहां हादसा हुआ, उस लाइन में रफ्तार की सीमा 130 किमी प्रति घंटा है और दोनों ट्रेनें तय स्पीड में ही चल रही थीं। हादसा सिग्नलिंग में आई परेशानी के कारण हुआ है। हादसे में 275 लोगों की मौत हुई है और 1000 से ज्यादा लोग घायल हैं।

**कैसे हुआ हादसा:** 2 जून की शाम शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस चेन्नई से हावड़ा जा रही थी। वहीं, बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस हावड़ा से आ रही थी। कोरोमंडल एक्सप्रेस को लूप लाइन पर ग्रीन सिग्नल मिला, जिस पर मालगाड़ी खड़ी थी। इसके बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकरा गई। मालगाड़ी में लोहा लदा था, इसीलिए वह हादसे का धक्का झेल गई।

उधर, मालगाड़ी से टकराने के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे तीसरे ट्रैक पर जा गिरे। इसके बाद उसी ट्रैक पर आ रही बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस कोरोमंडर की बोगियों से टकरा गई। इस लाइन पर ट्रेनों की रफ्तार की सीमा 130 किमी प्रति घंटा है, इसलिए दोनों में से कोई भी ट्रेन ओवरस्पीडिंग में नहीं थी। कोरोमंडल एक्सप्रेस को हरी झंडी मिली थी। ग्रीन सिग्नल का मतलब ड्राइवर (लोको पायलट) को बताना होता है कि आगे का रास्ता साफ है और वह अपनी अनुमत अधिकतम गति के साथ आगे जा सकता है।





### देश में 13,215 रेल इंजन, सिर्फ 65 में कवच सिस्टम

**टीम एक्शन इंडिया/भुवनेश्वर**

**ओडिशा** के बालासोर में 2 जून की शाम हुए रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 288 हो गई है, 900 से ज्यादा लोग घायल हैं। हादसे की शिकार हुई दोनों ट्रेनों में कवच सुविधा (ऑटोमैटिक ब्रेकिंग सिस्टम) नहीं था। कवच सिस्टम होता तो बालासोर हादसे को रोका जा सकता था।

### हादसे की पहली सूचना एनडीआरएफ जवान ने दी

**टीम एक्शन इंडिया/बालासोर**

**ओडिशा** ट्रेन हादसे की खबर सबसे पहले एनडीआरएफ के जवान ने अपने कंट्रोल रूम भेजी। ये जवान कोरोमंडल एक्सप्रेस में सवार था और छुट्टी पर अपने घर जा रहा था। उसने कंट्रोल रूम में घटनास्थल की लाइव लोकेशन भेजी। एनडीआरएफ जवान की भेजी वॉट्सऐप लाइव लोकेशन की वजह से पहली रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंची। एनडीआरएफ जवान वेंकटेश (39) कोरोमंडल एक्सप्रेस से छुट्टियों पर अपने घर जा रहे थे। रेस्क्यू टीम के पहुंचने तक वो मोबाइल टॉर्च की मदद से घायलों को बाहर निकालते रहे। 2 जून की शाम 7 बजे बालासोर के पास 3 ट्रेन टकरा गई थीं। वेंकटेश 2021 में ही सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ से एनडीआरएफ में शामिल हुए हैं।

### ओडिशा ट्रेन एक्सीडेंट में 288 नहीं, 275 मौतें

**टीम एक्शन इंडिया/भुवनेश्वर/बालासोर**

**ओडिशा** में बालासोर ट्रेन हादसे के दो दिन बाद ओडिशा सरकार ने दावा किया है कि हादसे में 288 नहीं, बल्कि 275 लोगों की जान गई है। राज्य के चीफ सेक्रेटरी प्रदीप जेना ने रविवार को कहा कि कुछ शव दो बार गिन लिए गए थे, इस वजह से मृतकों की संख्या में गड़बड़ी हुई।

### 'सिग्नलिंग में आई परेशानी हादसे की वजह'

**बोर्ड** ने बताया कि अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक सिग्नलिंग में आई परेशानी के कारण हुआ है। इस मामले पर अभी ज्यादा कुछ कहना जल्दबाजी होगी। जांच के बाद ही डिटेल सामने आएगी, उसके बाद ही दावे के साथ कुछ कहा जा सकेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी कहा था कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलाव की वजह से एक्सीडेंट हुआ।

### 'सिग्नल फेल होने की दो वजह हो सकती हैं'

**रेलवे** बोर्ड के प्रिंसिपल एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर संदीप माथुर ने बताया कि लूप लाइन पर ट्रेन को ले जाने के लिए एक प्वाइंट होता है। उसे ऑपरेट करना होता है, जिससे यह तय किया जाता है कि ट्रेन सीधी जाएगी या लूप लाइन पर जाएगी। वहीं, सिग्नल इस तरीके से इंटरलॉक होते है कि जिससे पता चल जाए कि आगे की लाइन बिजी नहीं है और ट्रेन लूप लाइन पर जा रही है। ट्रेन को सुरक्षित तरीके से ट्रैक पर ले जाने के लिए यह बेहद अहम होता है। सिग्नलिंग की दिक्कत तब आती है, जब कोई रेलवे की बिना जानकारी के ट्रैक पर कोई काम करता है। इससे कई बार केबल कट जाने से सिग्नल फेल होने की संभावना रहती है। वहीं, दूसरा कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बालासोर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए।

### सुरजेवाला को यूपी की कोर्ट से झटका



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**कांग्रेस** नेता और राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला को उत्तर प्रदेश (यूपी) की कोर्ट से झटका लगा है। यूपी के बनारस की स्पेशल (एमपी-एमएलए) कोर्ट ने 23 साल पुराने एक मामले में गैर जमानती वारंट जारी किया है। इस मामले में अगली सुनवाई अब 9 जून को की जाएगी। कोर्ट ने इस मामले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि हाईकोर्ट के आदेश पर आरोपी को न्याय हित में पहले ही लास्ट चांस दिया जा चुका है। मामला साल 2000 का है। सुरजेवाला उस समय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उन पर वाराणसी में संवासिनी कांड में कांग्रेस नेताओं के ऊपर लगे कथित झूठे आरोप के विरोध में हंगामा करने के लिए मामला दर्ज किया गया था।

### दाउद के नाम पर धमकाया जा रहा: समीर वानखेड़े



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**एनसीबी** के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े का कहना है उनको और परिवार को अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के नाम से जान से मारने की धमकी दी जा रही है। वानखेड़े ने मुंबई पुलिस को बताया कि उन्हें फर्जी ट्विटर अकाउंट से धमकियां मिल रही हैं। जिसके बाद वानखेड़े ने मुंबई पुलिस के सीनियर **अधिकारियों को इसकी सूचना दी।**

**रिश्वत केस में फंसे समीर वानखेड़े:** वानखेड़े इस समय रिश्वत की मांग को लेकर आरोपों से घिरे हैं। उनके खिलाफ सीबीआई ने एक एफआईआर दर्ज की है। जांच एजेंसी का कहना है समीन ने कॉर्डेलिया क्रूज ड्रग्स केस में शाहरुख खान के बेटे आर्यन को छोड़ने के बदले 25 करोड़ रुपए की मांग की थी। सीबीआई ने इस मामले में वानखेड़े समेत 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### बिहार में गंगा नदी पर बन रहा पुल गिरा



**खगड़िया:** बिहार के खगड़िया के अगुवानी-सुल्तानगंज के बीच गंगा नदी पर बन रहा पुल रविवार को गिर गया। पुल के चार पिलर भी नदी में समा गए। पुल का करीब 192 मीटर हिस्सा नदी में गिरा है। हादसा शाम के समय हुआ, इसलिए कोई मजदूर वहां काम पर नहीं था। हालांकि इतना बड़ा स्ट्रक्चर गिरने से गंगा नदी में कई फीट ऊंची लहरें उठीं। इससे नदी में नाव पर बैठे लोग सहम गए।

पुल का कुछ हिस्सा पिछले साल भी गिर चुका है। इसे एसपी सिंगला कंपनी बना रही है। पुल का शिलान्यास 2014 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था। पुल का निर्माण 2015 से चल रहा है। इसकी लागत 1710.77 करोड़ रुपए है।

### चारधाम तीर्थयात्रियों की संख्या 20 लाख के पार



**देहरादून:** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के तीर्थयात्रियों की संख्या 20 लाख के आंकड़े को पार कर गई है। इतना ही नहीं 4 जून तक 40 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। उत्तराखंड सरकार के मुताबिक अब तक सबसे ज्यादा 7.13 लाख तीर्थयात्री बाबा केदारनाथ के दर्शन कर चुके हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए 15 जून तक केदारनाथ धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन बंद किए गए हैं। उत्तराखंड के चार धामों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा 22 अप्रैल से शुरू हुई है। पर्यटन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक मौसम साफ होने पर रोजाना 60 हजार से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर रहे हैं।

## गृह मंत्री अमित शाह से मिले पहलवान बजरंग, साक्षी-विनेश

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे रेसलर्स विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुलाकात की है। यह मुलाकात शनिवार देर रात करीब 11 बजे हुई है। करीब 2 घंटे तक अमित शाह के निवास मीटिंग चली। यह मुलाकात खाप पंचायतों की तरफ से केंद्र को 9 जून तक का अल्टीमेटम देने के बाद हुई।



एक महिला रेसलर की मां ने इस मीटिंग की पुष्टि करते हुए कहा कि अमित शाह ने पहलवानों को बिना भेदभाव के पूरी जांच का भरोसा दिया है। यही वजह रही कि रविवार को सोनीपत के गांव मुंडलाना में सर्व समाज की महापंचायत में बजरंग पूनिया ने कोई बड़ा फैसला लेने से रोक दिया।

### ऑफिस में महिला से बोला-मैडम क्या फिगर है, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**मुंबई** की सेशन कोर्ट ने रियल स्टेट कंपनी में काम करने वाले दो कर्मचारियों को जमानत देने से मना कर दिया। इन पर ऑफिस में एक महिला कलीग के फिगर पर कमेंट करने का आरोप है। कोर्ट ने कहा, ऑफिस में किसी महिला कलीग से कहना कि, उसका फिगर अच्छा है और उसने खुद को काफी मेंटेन कर रखा है। यह सेक्शुल हैरेसमेंट की कैटेगरी में आता है। सेशन कोर्ट के जज खान ने पिछले हफ्ते दो ऑर्डर दिए थे।




केंद्रीय मंत्री रेल हादसे में घायल लोगों का हालचाल जानते हुए।

## छोटे कपड़े पहनकर मंदिर नहीं जा सकेंगी लड़कियां

**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**

**उत्तराखंड** के तीन मंदिरों में महिलाओं और लड़कियों के लिए ड्रैस कोड लागू किया गया है। हरिद्वार के दक्ष प्रजापित मंदिर, पौड़ी के नीलकंठ महादेव मंदिर और देहरादून के टपकेश्वर महादेव मंदिर में लड़कियां छोटे कपड़े पहनकर दर्शन के लिए नहीं जा सकेंगी। इन तीनों मंदिरों को मैनेज करने वाले महानिर्वाणी अखाड़े ने यह आदेश जारी किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्कर्ट या शॉर्ट्स पहनने पर मंदिर में एंट्री नहीं मिलेगी। जिन महिलाओं के शरीर का 80% से



ज्यादा हिस्सा ढका हुआ होगा, वे ही मंदिर में जा पाएंगी। अखाड़े के सेक्रेटरी, महंत रविंदर पुरी ने कहा कि श्रद्धालुओं को मंदिरों में देश के पारंपरिक कपड़े पहन कर जाना चाहिए। मंदिरों की पवित्रता बनाए रखने के लिए पहले लोगों से अपील की गई थी।

## अमृतसर में निहंगों व पुलिस में झड़प

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**पंजाब के** अमृतसर में निहंगों व पुलिस के बीच देर रात झड़प हो गई। मामला बढ़ता देख अतिरिक्त पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची तो निहंग गाड़ियों में बैठ फरार हो गए। पुलिस ने एक निहंग पंडोरी वडैच निवासी तेजबीर सिंह की पहचान कर तकरीबन 20 अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, बटाला में भी चलान काटने को लेकर निहंग पुलिस के साथ उलझ गए। डीसीपी परमिंदर सिंह भंडाल ने बताया कि घटना सुल्तानविंड रोड की है। यहां रात को पुलिस की तरफ से चेकिंग की



जा रही थी। तभी आरोपी तेजबीर सिंह निहंग बाने में वहां पहुंचा। 3-4 गाड़ियों में दो दर्जन के करीब निहंग भी साथ थे।

**पुलिस के बैकअप आते ही भाग गए:** पुलिस के रोकते ही आरोपी व अन्य निहंगों ने पुलिस से झगड़ा करना शुरू कर दिया। इसी बीच पुलिस ने बैकअप टीम को वहां बुला लिया। जैसे ही पुलिस टीमें पहुंची, आरोपी निहंग वहां से गाड़ियों में बैठ भाग गए, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई को शुरू कर दिया है। गुरदासपुर के बटाला में गांधी चौक पर भी निहंगों व पुलिस के बीच विवाद पैदा हो गया। यहां भी ब्लू स्टार ऑपरेशन के चलते सख्ती को बढ़ाया गया था। वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी बीच दो निहंग मोटरसाइकिल पर पहुंचे। पुलिस ने जब डॉक्यूमेंट मांगे तो निहंगों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था।

### फिक्स डोज कॉम्बिनेशन की 14 दवाओं की बिक्री बैन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने 14 फिक्स डोज कॉम्बिनेशन दवाओं की बिक्री पर रोक लगा दी है। सरकार ने जिन दवाओं पर प्रतिबंध लगाया है उनमें पैरासिटामोल डिस्पर्सिबल टेबलेट, निमेसुलाइड, क्लोरफेनिरामाइन मेलेट सहित कुल 14 दवाएं शामिल हैं। हेल्थ मिनिस्ट्री ने कहा है कि इन सभी दवाओं के कारण होने वाले नुकसान का पता नहीं लग पाता है और लोगों के लिए ये सभी रिस्क पैदा कर सकती हैं।

**समिति की सिफारिशों के बाद केंद्र ने उठाया कदम:** हेल्थ मिनिस्ट्री ने एक नोटिफिकेशन में कहा कि जिन दवाओं को बैन किया गया है उनमें सामान्य इनफेक्शन, खांसी और बुखार के इलाज के लिए उपयोग की जाने वाली दवाएं शामिल हैं। मालूम हो कि केंद्र ने यह कदम विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद उठाया है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस फिक्स डोज कॉम्बिनेशन दवाओं का कोई भी चिकित्सीय औचित्य नहीं है और सभी दवाएं मानव के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। विशेषज्ञ समिति ने कहा कि इन सभी दवाओं की बिक्री और डिस्ट्रीब्यूशन पर रोक लगाना जरूरी है। नोटिफिकेशन में कहा कि विशेषज्ञ समिति और औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड ने सिफारिश की थी कि देश में इन सभी दवाओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाए।

फिक्स डोज कॉम्बिनेशन वे दवाएं होती हैं, जिन्हें दो या दो से अधिक दवाओं को मिलाकर बनाया जाता है।

साधा निशाना

### हमने ना सिर्फ भाजपा को हराया बल्कि उसे धूल में मिला दिया: राहुल गांधी

## देश के लोग भाजपा की नफरत भरी विचारधारा को हराएंगे: राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/न्यूयॉर्क**

**राहुल** गांधी अपने अमेरिका दौरे पर लगातार केंद्र की भाजपा सरकार को निशाने पर ले रहे हैं। अब अपने ताजा बयान में राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में जिस तरह से कांग्रेस पार्टी ने भाजपा को धूल चटाई है, उसी तरह से तेलंगाना और अन्य राज्यों में भी कांग्रेस, भाजपा को हराएगी। राहुल गांधी ने कहा कि ना सिर्फ कांग्रेस पार्टी बल्कि देश के लोग भाजपा की नफरत भरी विचारधारा को हराएंगे।

**'तेलंगाना में भाजपा को धूल चटा देंगे':** वॉशिंगटन और सैन फ्रांसिस्को के बाद राहुल गांधी न्यूयॉर्क पहुंचे। जहां शनिवार को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस-यूएसए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि 'हमने कर्नाटक में यह करके दिखाया है कि हम भाजपा को हरा सकते हैं। हमने ना सिर्फ भाजपा को हराया बल्कि उसे धूल में मिला दिया।' राहुल गांधी ने कहा कि 'कर्नाटक चुनाव में भाजपा ने सारे उपाय किए। उनके पास मीडिया था, हमारे मुकाबले 10 गुना ज्यादा पैसे थे, एजेंसियां थी लेकिन उसके बावजूद हमने उन्हें हरा दिया। मैं बताना चाहता हूं कि अब तेलंगाना के चुनाव में भी हम उन्हें हराएंगे।' राहुल गांधी रविवार को ही मैनहेट्टन में एक रैली भी करेंगे।



### धूल चटाई

**= कर्नाटक में जिस तरह से कांग्रेस ने भाजपा को धूल चटाई है, उसी तरह से अन्य राज्यों में भी भाजपा को हराएगी**

न्यूयॉर्क के कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव के बाद तेलंगाना में भाजपा को ढूंढना मुश्किल हो जाएगा। इस कार्यक्रम में भारतीय मूल के समुदाय के अलावा न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स भी मौजूद थे। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि ना सिर्फ तेलंगाना में बल्कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भी हम कर्नाटक जैसा प्रदर्शन करेंगे। बता दें कि इस साल के अंत में भारत में कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले ये विधानसभा चुनाव काफी अहम माने जा रहे

### पंजाब में अब सताएगी गर्मी



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर:** पूरे साल में सबसे अधिक गर्म नौतपा के दिन खत्म हो गए। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते इस बार नौतपा पंजाब को तपा नहीं सका, लेकिन अब पंजाब में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर कम होता दिख रहा है। बीते दिनों पंजाब के अधिकतर शहरों का तापमान 35 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। आने वाले 7 दिनों में यह तापमान 45 डिग्री को क्रॉस कर जाएगा। मौसम विभाग की तरफ से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों में पंजाब में कहीं भी बारिश रिपोर्ट नहीं की गई है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के दिल्ली की तरफ बढ़ जाने के बाद अब पंजाब में गर्मी बढ़ने लगी है। अगले गुरुवार तक पंजाब में तापमान 40 डिग्री के पार हो जाएगा। इतना ही नहीं, अगले रविवार तक कई शहरों का तापमान 45 डिग्री से अधिक दर्ज किया जाएगा। एक सप्ताह में इतना अधिक तापमान में बदलाव सेहत पर असर डाल सकता है।

# श्री विद्यासागर स्वाध्याय भवन का शिलान्यास किया

## राजीव जैन ने कहा कि जैन धर्म के सिद्धांतों के प्रचार प्रसार में भवन की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।

**8 शांतिधारा के बाद हवन यज्ञ किया और सभी श्रद्धालुओं से शिलान्यास में स्वर्ण, रजत शिलायें रखवाई और पंडाल धर्म के जयकारों से गूंज उठा**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**पार्श्वनाथ** दिगम्बर जैन मंदिर के साथ लगती जमीन में मुनि श्री विद्यासागर स्वाध्याय भवन का शिलान्यास बड़ी धूमधाम एवं पूजा पद्धति से किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ0 कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने मुख्यातिथि के तौर पर प्रथम मंत्रोच्चारण के बीच स्वर्ण शिला रखी। बाल ब्रह्मचारी नितिन कुमार ने सुबह शांतिधारा के बाद हवन यज्ञ किया और सभी श्रद्धालुओं से शिलान्यास में स्वर्ण, रजत शिलायें रखवाई और पंडाल धर्म के जयकारों से गूंज उठा। डॉ0 कविता जैन ने सकल जैन समाज को बधाई देते हुए कहा कि 25 वर्षों से लम्बित भवन का निर्माण कार्य शुरू हुआ है और इससे धार्मिक आयोजनों एवं मुनि महाराज के निवास के लिए सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा।



राजीव जैन ने कहा कि जैन धर्म के सिद्धांतों के प्रचार प्रसार में भवन की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने बताया कि 30 वर्ष पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय बनारसी दास गुप्ता ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 600 गज जमीन देने की घोषणा की थी, इस जमीन के रेट का झगड़ा कई वर्षों तक चलता रहा परन्तु कोई फैसला नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने इस काम को सिरे चढ़ाया और जमीन की कीमत 18 लाख मंत्री कोटे से जमा करवा दी थी। जैन समाज ने कविता-राजीव जैन का माल्यार्पण एवं मुकुट पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में एस.के जैन एडवोकेट, राजेश जैन, अतुल जैन, मनीष जैन, पीयूष जैन, सुशील जैन एडवोकेट, पवन जैन, अंकुश जैन, दिनेश जैन एवं अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।



# रूडेनाथ महाराज की जयंती पर किया भंडारा



**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**औद्योगिक** क्षेत्र में रविवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर एवं श्री श्री 1008 श्री रूडेनाथ महाराज की जयंती पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं नगर निगम वार्ड-8 से पार्षद पुनीत त्यागी की तरफ से हवन यज्ञ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निगम के सभी पार्षदों के अतिरिक्त अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंचकर हवन यज्ञ में आहुति दी। हवन यज्ञ के दौरन निगम पार्षद पुनीत त्यागी ने बताया कि श्री श्री 1008 रूडेनाथ जी महाराज सत्य के मार्ग पर चलने वाले थे। उन्होंने अपने जीवन काल में सच्चाई के मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया और जब-जब विपदा लोगों पर आई तो उन्होंने अपने तप के पराक्रम से उसे दूर करने का काम किया। ज्येष्ठ पूर्णिमा पर उनकी जयंती मनाई जाती है। उनकी जयंती के उपलक्ष्य में उनकी तरफ से यह 12वां भंडारा लगाया गया है। इसमें हर किसी का सहयोग है।

इस अवसर पर नगर निगम के सभी पार्षदों के साथ राकेश कौशिक, राजकुवार कौशिक, महावीर त्यागी, धर्मबीर त्यागी, अमरीश त्यागी, प्रतीक व सौरव आदि मौजूद थे।

# 35 ग्राम 20 मिलिग्राम हैरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना पड़ाव में दर्ज नशा तस्करी के मामले में 02 जून 2023 को सी.आई.ए.-शहजादपुर के पुलिस दल ने उप-निरीक्षक बलकार सिहँ के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी चेतन दास निवासी गावँ बरौली थाना नारायणगढ जिला अम्बाला को 35 ग्राम 20 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 02 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया।

02 जून 2023 को सी.आई.ए.-शहजादपुर के पुलिस दल को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि आरोपी होण्डा सिटी कार में ग्राहकों को हैरोइन बेचने का कार्य करता है जो आज ग्राहकों को हैरोइन बेचने के लिए जाएगा और यदि सही समय पर कार्यवाही की जाए तो उसे हैरोइन सहित काबू किया जा सकता है। सूचना के आधार पर सी.आई.ए.-शहजादपुर के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए



थाना नारायणगढ क्षेत्र बरौली मोड रकबा सैन माजरा के पास नाकाबन्दी की। नाकाबन्दी के दौरान सन्दिग्ध वाहनों की चैकिंग करते समय आरोपी की कार को रूकवाकर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे 35 ग्राम 20 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान चेतन दास निवासी गावँ बरौली थाना नारायणगढ जिला अम्बाला के रूप में हुई जिसे हैरोइन सहित गिरफ्तार कर थाना नारायणगढ में मामला दर्ज किया।

अपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्री जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में 02 जून 2023 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी धर्म सिहँ निवासी गाँव बारबा जिला कुरूक्षेत्र को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता प्रवाचक न्यायालय अम्बाला ने 10 मार्च 2023 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी।

# पदम दहिया ने यूपीएससी में सफलता हासिल करने वाली मानसी को दिया आशीर्वाद

**8 मानसी ने यूपीएससी में 178वां स्थान हासिल कर दिखा दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा**
संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी)-2022 की परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाली गांव सेहरी की होनहार बेटी मानसी दहिया के स्वागत में दहिया खाप द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक पदम दहिया ने बेटी को आशीर्वाद देते हुए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मानसी दहिया ने यूपीएससी में 178वां स्थान हासिल कर समाज को दिखा दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। वे हर क्षेत्र में सफलताओं के झंडे गाड़ रही है और अपना व अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रही है।

पूर्व विधायक ने कहा कि मानसी दहिया ने दिखा दिया कि ग्रामीण क्षेत्र युवा प्रतिभा के धनी है और वे हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे है। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य तय कर कठिन परिश्रम एवं लग्न से



मेहनत करे तो सफलता जरूर कदम चूमती है। जिसका उदाहरण जिला के गांव सेहरी निवासी मानसी दहिया है, जिन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में 178वां रैंक हासिल की तथा अन्य युवाओं व बेटियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन गई है। उन्होंने कहा कि सोनीपत जिला खेलों के नाम से जानी जाता है, लेकिन यहां के युवाओं ने खेल के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए गांव सेहरी की बेटी मानसी दहिया ने भी अपने गांव, जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस दौरान पूर्व विधायक दहिया ने मानसी के पिता कर्मबीर दहिया को भी बेटी की इस सफलता पर शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक ने कहा कि यूपीएससी की परीक्षा देश की सबसे बड़ी परीक्षा है और इस परीक्षा में यह उपलब्ध प्राप्त करने से साबित होता है कि मानसी दहिया एक प्रतिभावान बेटी है। उन्होंने कहा कि बेटी के कठिन परिश्रम, उचित मार्गदर्शन व आईएएस बनने की ललक ने उन्हे सफलता के सोपान पर पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि युवा यदि अनुशासन में रहकर पूरी मेहनत एवं लग्न से अपनी सफलता की ओर बढ़े तो निश्चित रूप से उसे कामयाबी मिलती है।

# 'तीर्थ सत कुंभा धाम की प्राचीनता भव्यता और धार्मिकता बरकरार'



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
जेष्ठ माह की पूर्णिमा पर सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम पर भारी मेला लगा हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान किया अनंत भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। देश के 68 तीर्थ में शामिल सतकुंभा तीर्थ पौराणिक व ऐतिहासिक है। यहां देश के कौने कौने से श्रद्धालु आते हैं मन्नत मांगते हैं इनकी मन्नतें पूरी होती हैं। मन्नत ग्रूप ऑफ होटल्स के एमडी वीरेंद्र कादियान ने तीर्थ पर माथ टेका । उन्होंने महाराज श्रीमहंत राजेश स्वरुप महाराज का आशीर्वाद लिया।

पीठाधीश्वर राजेश स्वरुप महाराज ने कहा कि रविवार को पूर्णमासी पर सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का यहां पर आना शुरू हो गया था। भारी मेले का आयोजन आपके सिद्ध पीठ तीर्थ सत कुंभा धाम पर हुआ है श्रद्धालुओं की अपनी श्रद्धा है कि वह सप्त ऋषि यों के तीर्थ स्थल को नमन करते हैं। श्रद्धालुओं के भंडारे की सेवा सोमपाल खेड़ी गुज्जर , राव ईश्वर सिंह, महिपाल पहल, पावेल राठी, राजपाल, विरेंद्र पहल आदि सेवा में शामिल रहे।

**सतकुम्भा स्कूल के मेधावी छात्रों का किया सम्मान**

सम्मान समारोह सतकुम्भा 12वीं में प्रथम स्थान शालू द्वितीय स्थान हर्ष तृतीय स्थान पर काजल रही। 10वीं क्लास में प्रथम स्थान निशा द्वितीय स्थान खुशी तृतीय स्थान अतुल 12वीं की मेरिट में 25 और 10वीं में मेरिट के 35 विधार्थियों को सम्मानित किया। सिद्ध पीठ तीर्थ सत कुंभा धाम के श्री महंत राजेश स्वरूप जी महाराज ने कहा कि सरस्वती माता विद्या के रूप में जो हमें ज्ञान देती है मां सरस्वती हमेशा सुनने से पढ़ने से समझने से उसकी जो प्रतिष्ठा है हमेशा बढ़ती है।

# नाथ संप्रदाय भारत के प्राचीन और योगियों का संप्रदाय है: आंतिल

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
नाथ संप्रदाय भारत के प्राचीन और योगियों का संप्रदाय है। ये हठ योग पर आधारित है। इस संप्रदाय के योगियों के दाहसंस्कार नहीं होते। दीक्षा लेने के लिए इन्हें अपने कान छिदवाने होते हैं। इसे तांत्रिक वज्रयान का सात्विक रूप भी कहा जाता है। समय-समय पर नाथ पंत अपनी कठोर तपस्या करके क्षेत्र को पवित्र और प्रजा पर आई परेशानी को दूर करते हैं। ऐसे ही परेशानी को महान चमत्कारिक श्री श्री 1008 बाबा



रामलाल नाथ जी महाराज ने अपने कठोर तप करके दूर किया। उक्त बाते खेवड़ा गांव स्थित बाबा रामलाल नाथ धाम पर पहुंचे आंतिल बाहरा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने कही हैं। आंतिल बाहरा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने कहा कि ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर बाबा रामलाल नाथ धाम पर बड़े स्तर पर कार्यक्रम किया जाता है।

## 'जिले में रविवार को कोरोना से संक्रमित नहीं मिला कोई पोजिटिव केस'

**सोनीपत:** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि रविवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 278 हो गई है। अब तक जिला में 60 हजार 085 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोरोना को कोई भी एक्टिव केस मौजूद नहीं है।

# लेन ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने पर किया चालान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**सड़क** सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017



की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 03 जून 2023 को 37 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 395 दिनों में 18583 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक

**8 बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 37 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा**

थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निर्देशों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए आज दिनांक 03 जून 2023 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 37 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भारांपुर ग्रामीण क्षेत्र में बना तकनीकी शिक्षा का हब

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
शहजादपरु के गांव भारांपुर में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने कुछ समय में ही अपनी एक पहचान बनाई है। संस्थान लडके-लड़कियों को तकनीकी शिक्षा देने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्थान की स्थापना के समय केवल दो ही व्यवसाय फिटर व प्लम्बर शुरू किए गए थे। वर्तमान में इस संस्थान में कुल 15 व्यवसाय (02 अतकनीकी व 13 तकनीकी) चल रहे हैं जिनमें कुल 556 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं। जिला नोडल अधिकारी/प्रधानाचार्य भूपिन्द्र सिंह सांगवान के नेतृत्व में तथा संस्थान प्रभारी विनोद सिंह शेखावत के प्रयासों से आईटीआई भारांपुर तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीय योगदान दे रहा है।

आईटीआई भारांपुर में ये व्यवसाय चल रहे है:- कारपेन्टर, कोपा, ड्रेस मेंकिंग, इलैक्ट्रिशियन, फिटर, आई. एंड सी.टी.एस.एम., मशीनिष्ट, मैके.आर. एंड ए.सी., पेन्टर जनरल, प्लम्बर, शीट मैटल वर्कर, टरनर, वैल्डर, वायरमैन तथा टी.पी.ई.एस। इन व्यवसायों के पासशुदा छात्र-छात्राएं विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों व सरकारी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इन व्यवसायों के पासशुदा छात्र-छात्राएं भिन्न-भिन्न विभागों जैसे रेलवे, रोडवेज, लोक निर्माण विभाग आदि में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। आई.टी.आई. करने के बाद सीटीआई जैसे कोर्स करने पर इसी विभाग में अनुदेशक के पद पर भी नौकरी प्राप्त की जा सकती है। वर्तमान में संस्थान में लगभग सभी ट्रेडस के अनुदेशक कार्यरत हैं जो पूरी लगन, निष्ठा व मेहनत से अपना कार्य करते हैं। संस्थान में प्रशिक्षणार्थियों के लिए पुस्तकालय का भी व्यवस्था है। संस्थान में सभी कमरे व वर्कशॉप खुले व हवादार है। संस्थान में प्रशिक्षणार्थियों के लिए इंटरनैट की सुविधा सहित कम्प्यूटर सिस्टम भी उपलब्ध हैं ताकि प्रशिक्षणार्थी ऑनलाईन माध्यम से अपने विषयों व प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी प्राप्त कर सकें। संस्थान में प्रशिक्षणार्थियों के लिए निःशुल्क फोटोस्टेट की व्यवस्था है।



संस्थान में प्रशिक्षणार्थियों के लिए खेल की व्यवस्था भी है। संस्थान में प्रशिक्षणार्थियों के लिए भिन्न-भिन्न खेलों का सामान उपलब्ध है। संस्थान में सभी कमरों व संस्थान परिसर में निगरानी हेतु सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगे हुए हैं। संस्थान में प्रशिक्षणार्थियों के लिए कैंटिन की व्यवस्था भी है ताकि प्रशिक्षणार्थियों को बाहर न जाना पडे। प्रशिक्षण कार्य में बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए जनरेटर की व्यवस्था है। संस्थान में छात्र-छात्राओं के सर्वांगिण विकास के लिए संस्थान स्तर पर विभिन्न क्लब व कमेटियां बनाई हैं जैसे:- रेड रिबन क्लब, इको क्लब, लीगल लिटरेसी क्लब, पासपोर्ट क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना, वोटर आई0डी0 कार्ड कमेटी, एंटी नारकोटिक्स क्लब, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन क्लब।

संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक यूनिट वर्ष 2019 में स्थापित की गई थी। इस यूनिट द्वारा समय-समय पर कई प्रकार के कार्यक्रमों जैसे स्वच्छता अभियान, पौधा रोपण आदि का आयोजन किया जाता है। इसका मुख्य उदेश्य छात्र-छात्राओं को राष्ट्र के लिए निष्ठावान बनाने के लिए सामाजिक कल्याण के लिए प्रोत्साहित करना और बिना पक्षपात के समाज को सेवा प्रदान करना है। एंटी नारकोटिकस क्लब के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को नशे से बचाव के प्रति जागरूक किया जाता है। संस्थान में शैक्षणिक महौल के साथ-साथ सांस्कृतिक तथा खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जाता है जिसके तहत संस्थान में गठित क्लब/सैल/कमेटियों द्वारा समय-समय पर प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। ट्रेनिजों के ज्ञानवर्धन तथा शोध के प्रति प्रेरित करने हेतु संस्थान में विद्वानों व शिक्षाविदों द्वारा व्याख्यान करवाए जाते हैं। ट्रेनिजों की बौद्धिक क्षमता को विकसित करने के लिए विभिन्न वाद-विवाद प्रतियोगिताओं एवं चचाओं का आयोजन किया जाता है। सरकार द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षणार्थियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी व प्रगतिशील योजनाओं को सार्थक ढंग से लागू किया जाता है। संस्थान प्रभारी विनोद सिंह शेखावत ने बताया कि संस्थान में सभी ऐसे व्यवसाय उपलब्ध हैं जो रोजगारान्मुखी हैं। संस्थान में छात्र-छात्राओं की अप्रैन्टिसशीप व प्लेसमैन्ट हेतु अप्रैन्टिसशीप व प्लेसमैन्ट सैल स्थापित है।

# सीएम ने करनाल के गांव काछवा में किया जनसंवाद

## ऑनलाइन सिस्टम होने से प्रदेश के 60 हजार से अधिक पात्र लोगों की बनी स्वत: पेंशन, मुख्यमंत्री ने पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता और टेनिस कोच को मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर रिपोर्ट करने के लिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को अपने करनाल प्रवास के दौरान काछवा गांव में जनसंवाद करते हुए कहा कि प्रदेश में 60 हजार से अधिक पात्र लोगों की पेंशन अपने आप बनी है। राज्य सरकार ने ऐसी ऑनलाइन व्यवस्था की है कि अब 60 साल की आयु होने के बाद पात्र बुजुर्ग व्यक्ति को सरकारी कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ते, उनकी बुढ़ापा पेंशन अपने आप बन जाती है। मनोहर लाल ने बताया कि गांव काछवा में ही 1369 नई पेंशन बनाई गई हैं, जिनमें 19 लोगों की पेंशन स्वतः ही बनी है। गांव में 553 आयुष्मान भारत चिरायु कार्ड भी बनाए गए हैं जिन पर सरकार की ओर से प्राइवेट अस्पतालों को 83 लाख का बिल भी अदा किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आम जन का जीवन सुलभ बनाने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने में लगी है। पहले लोग कई कई घंटे लाइनों में खड़े रहते थे, लेकिन



अब ऑनलाइन व्यवस्था मजबूत होने के कारण सभी योजनाएं सरल हुई हैं। भविष्य में इन्हें और सुगम बनाया जाएगा। प्रदेश सरकार का पूरा फोकस लोगों के जीवन को सुखी बनाना है। मुख्यमंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि करनाल खंड के सभी 46 गांवों के स्टेडियमों के रखरखाव की वर्तमान स्थिति से आगामी 15 दिनों तक अवगत कराया जाए। सभी स्टेडियमों में मूलभूत सुविधाएं लाइट, पानी, शौचालय इत्यादि को दुरुस्त करवाया जाए। उन्होंने काछवा स्टेडियम की लाइटें 1 सप्ताह के अंदर ठीक करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी योजनाओं के लाभ की धनराशि उनके खाते के माध्यम से ही दी जा रही है, जिससे पारदर्शिता आई है। सरकार ने फर्जी खातों पर लगाम लगाते हुए 1500 करोड रुपए की बचत भी की है। उन्होंने कहा है कि भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने के लिए सरकार कृतसंकल्प है। जनसंवाद कार्यक्रम में खेल स्टेडियम से संबंधित एक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता से पूछा तो उसने बताया कि स्टेडियम को खेल विभाग को हैंड ओवर कर दिया गया है। वहीं मौके पर उपस्थित टेनिस कोर्ट ने कहा कि उन्हें जिला खेल अधिकारी की ओर से सूचना दी गई है कि अभी तक स्टेडियम हैंड ओवर नहीं किया गया है। इस पर मुख्यमंत्री ने पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता और जिला खेल कार्यालय के कोच को स्टेडियम से संबंधित समुचित कार्रवाई की रिपोर्ट की फाइल के साथ मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर उपस्थित होने के निर्देश दिए।

**8 समुचित कार्रवाई की रिपोर्ट की फाइल के साथ मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर उपस्थित होने के निर्देश दिए**

## पात्र नागरिकों को सरकारी सुविधाओं का लाभ देना राज्य सरकार का ध्येयः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पात्र नागरिकों को सुविधाएं देने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करते राज्य सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से साढ़े 12 लाख नए राशन कार्ड बनाए हैं। फिर भी यदि किसी लाभार्थी का बीपीएल सूची से नाम बाहर हो गया है तो वे अतिरिक्त जिला उपायुक्त के कार्यालय में जाकर अपना डेटा ठीक करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अधिक से अधिक गरीब लोगों को बीपीएल सूची में शामिल करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने बिजली बिल की सीमा को भी 9 हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन गया है। अब अन्य राज्य भी पीपीपी का अनुसरण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री रविवार को अपने करनाल प्रवास के दौरान जन संवाद कार्यक्रम की श्रृंखला में वार्ड नम्बर 5 के लोगों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सरकार द्वारा बीपीएल कार्ड बनाए गए थे। इस लंबी अवधि के दौरान कुछ परिवारों ने आर्थिक उन्नति कर बीपीएल सीमा से ऊपर उठ गए।

फिर भी कुछ लोग बीपीएल सूची में शामिल थे और ऐसे अपात्र लोगों के स्थान पर सरकार ने पात्र लाभार्थियों को लाभ देने की कवायद शुरू की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा योग्यता के आधार पर नौकरी दी जा रही है, जिसके फलस्वरूप अब युवा पढ़ाई पर फोकस करके अपनी परीक्षा की तैयारी करते नजर आते हैं। जबकि इससे पहले युवा और उनके अभिभावक पर्ची और खर्ची के लिए नेताओं के पीछे दौड़ते थे और भारी भरकम राशि देकर नौकरी प्राप्त करते थे। जन संवाद कार्यक्रम में एक व्यक्ति ने बताया कि अब बगैर पैसे के नौकरी मिल रही है। जिनक पैसे का ब्योंत नहीं था, उन गरीब परिवार के बच्चे अब सरकारी नौकरी में आ रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार से लड़ रही है। किसी भी नेता व अधिकारियों व कर्मचारियों को बख्शा नहीं जा रहा है। इस कार्य में जनता का सहयोग जरूरी है।

## गांव का विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

**हरियाणा के** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गांवों का चहूमुखी विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए गत साढ़े तीन साल के कार्यकाल में राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए निरंतर सार्थक प्रयास किए हैं । ये विचार उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अपने उचाना विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान गांव शामदों में जनसभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि गांव दर गांव डिजिटल लाइब्रेरी एवं कम्यूनिटी सैंटरों का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके अलावा तालाबों का



सौंदर्यीकरण, सार्वजनिक चौपालों का जीर्णोद्धार, व्यायामशालाओं एवं ग्रामीण स्टेडियमों के निर्माण पर भी सरकार का मुख्य फोकस है। कम्यूनिटी सैंटर बनाने के लिए सरकार द्वारा व्यापक नीति बनाई गई है, जिसके लिए पंचायत द्वारा उपलब्धता के अनुसार एक से तीन एकड़ भूमि देने पर कम्यूनिटी सैंटर बनाए जा रहे हैं । प्रदेश में फिलहाल दो सौ से ज्यादा कम्यूनिटी सैंटर करीब 950 पंचायतों में ई-लाईब्रेरी निर्माणधीन हैं । उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बरसों के बाद मौजूदा सरकार ने किसानों को बाढ़ की समस्या से स्थाई तौर पर निजात दिलवाने के लिए महत्वपूर्ण फैसला लिया है।

## पत्रकारों को तथ्यों के आधार पर पत्रकारिता करनी चाहिएः विज

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि समाचार पत्र व मीडिया चैनल संस्थाओं को गुड न्यूज का भी कॉलम या एक कार्यक्रम चलाना चाहिए ताकि समाज में अच्छे कार्यों को करने वाले व्यक्तियों को भी प्रशंसा मिल सकें। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि समाज में सभी व्यक्ति गलत काम नहीं करते, कुछ व्यक्ति अच्छे कार्य भी करते हैं इसलिए ऐसे व्यक्तियों को भी उनके कार्यों के लिए प्रशंसा मिलनी चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि पत्रकारों को तथ्यों के आधार पर पत्रकारिता करनी चाहिए और सकारात्मक खबरों को भी प्रमुखता से छापना चाहिए ताकि जनता को उसका लाभ मिल सके।

**8 पत्रकारों को तथ्यों के आधार पर पत्रकारिता करनी चाहिए और सकारात्मक खबरों को भी प्रमुखता से छापना चाहिए**

विज पंचकूला में विश्व संवाद केन्द्र न्यास, हरियाणा द्वारा ब्रह्माण्ड के आदि पत्रकार देवर्षि नारद जी की जयंती पर जैनेन्द्र गुरुकुल स्कूल, सेक्टर-1 में आयोजित आठवें राज्य स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री ने विश्व संवाद केन्द्र न्यास, हरियाणा को अपने स्वैच्छिक कोष से 10 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।

## रेवाड़ी के मनेठी में जल्द ही होगा एम्स का शिलान्यासः डॉ. बनवारी लाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ/रेवीड़ी**

**हरियाणा** के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि रेवाड़ी के मनेठी में जल्द ही एम्स का शिलान्यास होगा और हरियाणा ही नहीं बल्कि राजस्थान के लोगों को भी इसकी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। सहकारिता मंत्री रविवार को बावल विधानसभा के गाँव नरसिंहपुर गढ़ी व मोहनपुर में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आकंड़े गवाह हैं कि मनोहर सरकार में जिन विकास कार्यों का शिलान्यास हुआ है वे निश्चित समय में पूरे भी हुए हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व मे भारत का कद बढ़ाया है और प्रधानमंत्री की कार्यकुशल नीतियों के बलबूते देश पुनः विश्व गुरु बनने की राह की ओर अग्रसर है। पिछले 9 साल में केन्द्र सरकार की विकासपूर्ण नीतियों से देश मे विकासशील परिवर्तन आया है और देश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, गरीब कल्याण योजना, किसान सम्मान निधी योजना व स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं से आमजन के जीवनस्तर में बदलाव आया है।

**हरियाणा के मन को भा रहा मनोहर विकासः**

जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि हरियाणा सरकार अंत्योदय के सिद्धांत के अनुरूप सभी वर्गों के कल्याण हेतु कार्य कर रही है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बावल ही नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा में सम्पूर्ण विकास हुआ है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या बिजली, पानी अथवा रोजगार संबंधित क्षेत्र हो। उपस्थित ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और भाजपा सरकार के सत्ता में रहते प्रदेश में विकास की इस प्रक्रिया पर कभी भी लगाम नहीं लगेगी।



# यमुना में डूबने से 14 साल के दो बच्चों की मौत

## घरवालों को बिना बताए पहुंचे थे नदी में नहाने



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
गांव जगतपुर के पास यमुना नदी में नहाते समय दो बच्चे डूब गए। घंटेभर बाद दोनों बच्चों को नदी से निकाला गया, लेकिन दोनों को बचाया नहीं जा सका। दोनों दोस्त थे और एक ही स्कूल में पढ़ते थे। मृतक बच्चों का परिवार मूल रूप से अयोध्या (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले हैं। पुलिस ने पोसटमॉर्टम कराकर दोनों बच्चों के शव परिजनों को सौंप दिए हैं। पखवाड़े भर के भीतर इस घाट पर डूबने की दूसरी घटना है। इससे पहले 19 साल के लड़के की डूबने से मौत हो गई थी।

**नहाने के लिए पहुंचे थे घाट:** यह दर्दनाक हादसा गांव जगतपुर के शनि-श्याम घाट पर यमुना नदी में हुआ। बताया जाता है कि 14 साल के दीपांशु और हमउम्र आकाश नहाने के लिए जगतपुर के शनि-श्याम घाट पहुंचे। बताया जाता है कि वहां बड़ी संख्या में युवा और बच्चे नहा रहे थे। इसी दौरान नहाते समय दीपांशु और आकाश अचानक गहरे पानी में चले गए।

**घरवालों को बिना बताए गए थे नहाने:** लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया। घंटेभर की मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस से अरुणा आसफ अली अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि दोनों बच्चे घरवालों को बताए बिना यमुना नदी में नहाने गए थे। दोनों ढका गांव के सर्वोदय बाल स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ते थे। दीपांशु के पिता अजय कुमार दूबे ने बताया कि एक दिन पहले दीपांशु को बुखार था, इसलिए स्कूल नहीं गया। हादसे के दिन उसकी सेहत में सुधार था और वह गली में ही साइकिल चला रहा था। अचानक वह स्वजन को बताए बिना चला गया। बाद में इस हादसे की खबर आई, तब उन्हें पता लगा कि वह अपने दोस्त आकाश के साथ यमुना नदी में नहाने गया था और हादसे का शिकार हो गया।

# कलेक्शन एजेंट से दो बदमाशों ने लूटी थी 55 लाख की नकदी, चार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सदर** बाजार में 10 मई की शाम कलेक्शन एजेंट से हुई 55 .50 लाख रुपये की लूट मामले में उत्तरी जिला पुलिस ने महिला समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। लूट की साजिश महिला के घर पर रची गई थी। पुलिस ने बदमाशों के पास से 13 .65 लाख रुपये बरामद किए हैं।

**फायरिंग कर लूटी थी रकम:** वारदात में शामिल दो बदमाशों की पुलिस फिलहाल तलाश की रही है। डीसीपी सागर सिंह कलसी के अनुसार, नवाब रोड पर दस मई की शाम चार बजे स्कूटी सवार पवन वर्मा को रोककर बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग कर 55 .50 लाख रुपये लूट लिए थे। पवन अपने साथी बालेश्वर के साथ करोल बाग से कई कारोबारियों से नकदी लेकर आ रहे थे।

**पुलिस ने ली सीसीटीवी कैमरे की ली मदद:** वारदात की सूचना के बाद सदर बाजार एसएचओ केएल यादव और स्पेशल स्टाफ इंचार्ज राजकुमार मलिक की टीम ने जांच शुरू की। एएसआई हरफूल को घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में आरोपित मनोज कुमार दिखा। इसके बाद टीम ने उसे जहांगीरपुरी से 19 मई को गिरफ्तार कर लिया। मनोज ने रेकी करने के अलावा बदमाशों को चोरी की बाइक दी थी।

**दो लोग अभी नहीं हुए गिरफ्तार:** पूछताछ में पता चला कि वारदात में राकेश, शांति, सगीर, फैसल, संतोष और शमी शामिल हैं।

# जीजा की गंदी नीयत नहीं भांप सकी छात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हर्ष विहार** थाना क्षेत्र में 12वीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि जीजा ने 16 दिन तक उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता किसी को कुछ न बताए, इसलिए उसे जान से मारने की धमकी देता था। पुलिस ने दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के मामले में प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है। आरोपित फरार है।

**जान से मारने की दी धमकी:** पुलिस ने बताया कि सात मई को 19 वर्षीय पीड़िता का जीजा उनके घर आया था। इस बीच उसके माता-पिता और भाई किसी काम से घर से बाहर चले गए। उसी दौरान जीजा ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने माता-पिता से शिकायत करने की बात कही तो आरोपित ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

**अनजान जगह पर किया दुष्कर्म:** इसके बाद 10 मई को आरोपित फिर अपने ससुराल आया। पीड़िता घर पर अकेली थी। आरोपित उसे जबरदस्ती घर से बाहर घुमाने ले गया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपित ने चाकू दिखाकर डराया। फिर एक अनजान जगह ले जाकर 10 मई से 26 मई तक उसके साथ दुष्कर्म किया।

**शादी करने की थी मंशा:** पुलिस ने बताया 26 मई को आरोपित उसे अपने साथ लेकर शादी करने ले जा रहा था। इस दौरान पीड़िता ने किसी के फोन से अपने पिता को फोन कर दिया।

# हादसे की जिम्मेवारी लेकर केंद्रीय रेल मंत्री त्यागपत्र दें : बवेजा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
हरियाणा कांग्रेस किसान सेल के जिला अध्यक्ष मधुसूदन बवेजा ने उड़ीसा के बालासोर में हुए भीषण रेल हादसे पर सैंकड़ों मृतकों और घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भीषण रेल हादसा बहुत कष्टदायक है जोकि रेलवे विभाग की लचर व्यवस्था के चलते हुआ है, इसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के लोग यह कहते नहीं थकते कि कांग्रेस की सरकार ने 70 साल में कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय एक रेल दुर्घटना के कारण उस समय के रेलवे



मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जिम्मेवारी लेते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। बवेजा ने कहा कि यहां प्रश्न उठता है कि रेल विभाग की लचर व्यवस्था के कारण बालासोर में इतना बड़ा हादसा हुआ है रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तुरंत अपने पद से त्यागपत्र देना चाहिए। बवेजा ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि मृतकों और घायलों के परिजनों को तुरंत मुआवजा देकर उनके दुख को कम करना चाहिए तथा जल्दी से जल्दी उनको उनके स्थान पर पहुंचा देना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि भीषण रेल हादसे कि तुरंत उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भारत में रेलवे व्यवस्था का दीवाला पीटा हुआ है और प्रधानमंत्री बुलेट ट्रेन का ढिंढोरा पीटते नहीं थकते जो कि बहुत ही शर्म की बात है। बवेजा ने कहा कि वर्तमान रेल व्यवस्था को दुरुस्त किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार के होने वाले भीषण हादसे से बचा जा सके।

# केरिपुबल द्वारा भव्य साईकिल रैली का आयोजन किया जायेगा

**सोनीपत:** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, ग्रुप केन्द्र-सोनीपत (हरियाणा) के द्वारा 05 जून को प्रात: 06 बजे से 08 बजे तक ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, गॉव-खेवड़ा, सोनीपत से गॉव-असवारपुर वाया एन.एच-339/बी से होते हुये वापस पुन: केरिपुबल के कैम्प तक भव्य साईकिल रैली का सफलापूर्वक आयोजन किया जाएगा । उक्त कार्यक्रम की समस्त रूपरेखा श्री कोमल सिंह, उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, सोनीपत के द्वारा तैयार की गई हैं । उक्त साईकिल रैली का मुख्य उद्देष्य पर्यावरण संबंधी मुख्य मुद्दो पर जनसामान्य का ध्यान आकृष्ट करना तथा पर्यावरण को स्वच्छ करने वाले उपायो जैसे-पवन ऊर्जा, जल विद्युत तथा सोलर यन्त्रों का उपयोग करने बावत आम जनता को प्रोत्साहित करना हैं।

# एसओएल का मेला हुआ रद्द, डाक से भेजी जाएंगी डिग्रिया

## भगदड़ मचने की आशंका को देखते हुए लिया गया फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली विश्**वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) में स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री वितरित करने के लिए आयोजित डिग्री मेले को रद्द कर दिया गया है। अब छात्रों को उनकी डिग्री स्पीड पोस्ट से भेजी जाएंगी। प्रशासन ने मेले में छात्रों के पहुंचने पर भगदड़ की आशंका को देखते हुए मेले को रद्द करने का फैसला किया। एसओएल ने शनिवार व रविवार के लिए वर्ष 2022 में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी कर चुके छात्रों के लिए डीयू के बहुउद्देशीय सभागार में डिग्री मेला आयोजित किया था। इसके तहत




पहले दिन शनिवार को सुबह 9:30 बजे से 4:30 बजे तक करीब 10 हजार छात्रों को डिग्री वितरित की जानी थी। करीब दो घंटे डिग्री वितरण का संचालन ठीक तरीके से हुआ और तीन हजार छात्रों को डिग्री दी गई। सुबह 11.30 बजे के बाद सभागार के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लग गई और छात्रों की भीड़. काफी बढ़ गई। दस हजार की क्षमता वाले हॉल में करीब 30 हजार छात्र पहुंच गए। इन्हें संभाल पाना मुश्किल हो रहा था। भारी भीड़ को देखते हुए दो घंटे बाद ही डिग्री वितरण बंद कर दिया गया। ऐसे में छात्र दीवार फांद कर अंदर जाने लगे। छात्रों की भीड़ के कारण कैंपस में भी जाम की स्थिति बन गई। ऐसे में भगदड़ की आशंका को देखते हुए पुलिस के कहने पर डिग्री मेले को रद किया गया। एसओएल के कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ यूएस पांडेय ने बताया कि पहले दिन 10 हजार छात्र डिग्री लेने के लिए पंजीकृत थे, उन्हें ही बुलाया गया था, लेकिन करीब 30 हजार छात्र पहुंच गए। इतनी भीड़ को संभाल पाना मुश्किल हो सकता था।

# मानव मित्र मंडल ने वात्सल्य वाटिका में छात्र प्रोत्साहन एवं



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**मानव मित्र मंडल द्वारा श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व व शिरोमणि भक्त कबीर जी के जन्म दिवस के अवसर पर वात्सल्य वाटिका के पावन प्रांगण में मंडल के संस्थापक प्रोफेसर राम रतन शर्मा के मार्गदर्शन में छात्र प्रोत्साहन एवं सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में यूएचबीवीएनएल के एक्सईएन ललित अत्री मुख्य अतिथि के रुप में पधारे। डॉ अशोक कुमार वर्मा स्टार रक्तदाता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मंडल के संरक्षक श्री देशराज भटनागर विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर के सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ दीपक अग्रवाल का कार्यक्रम में विशिष्ट योगदान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम के श्री चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। वात्सल्य वाटिका के संचालक पूज्य स्वामी हरिओम दास जी ने बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।मानव मित्र मंडल के वरिष्ठ सहयोगी प्रवीण कुमार द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया। सेवा कार्य के संयोजक भारतेंदु हरीश ने आए हुए सभी बच्चों से निवेदन करते हुए कहा कि आज जिस प्रकार मानव मित्र मंडल बच्चों का उत्साहवर्धन कर रहा है उसी प्रकार आप बच्चों को भी अपने पैरों पर खड़ा होने के उपरांत समाज के प्रति अपना दायित्व निभाने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्य अतिथि ललित अत्रे ने कहा कि मानव मित्र मंडल ऐसे नागरिकों का निर्माण कर रहा है जिन की बौद्धिक क्षमता देश के लिए लाभप्रद साबित होगी। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में नैतिकता एवं संस्कार की अत्यधिक आवश्यकता है। डॉक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा कि हम मानव मित्र मंडल के सेवा कार्यों में तन मन धन से समर्पित है। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार वर्मा ने भी मंडल के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा ग्रहण करना अमीर गरीब सभी का समान अधिकार है। युवा पीढ़ी

# घर में घुसकर महिला का कत्ल

## पांच साल का बेटा बोला- रात में अंकल आए थे, वह मां से बातचीत कर रहे थे और...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** नरेला इलाके में शुक्रवार देर रात घर में घुसकर एक महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। घटना के समय वह घर में अपने दो बच्चों के साथ मौजूद थी। उसका पति रात्रि ड्यूटी पर फैक्टरी गया हुआ था। सुबह पति के घर पहुंचने पर घटना का खुलासा हुआ। पुलिस ने छानबीन करने के बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरूआती जांच के बाद पुलिस ने वारदात में किसी परिचित के शामिल होने की आशंका जताई है। मृत महिला की शिनाख्त नेहा (26) के रूप में हुई है। वह अपने पति पवन और दो बच्चे पांच साल के बेटे और तीन साल की बेटी के साथ स्वतंत्र नगर में रहती थी। पवन नरेला इलाके में स्थित एक फैक्टरी में काम करता था। शुक्रवार शाम साढ़े छह बजे वह अपनी फैक्टरी चला गया था।

**▶▶ घटना के समय वह घर में अपने दो बच्चों के साथ मौजूद थी। उसका पति रात्रि ड्यूटी पर फैक्टरी गया हुआ था**

शनिवार सुबह नौ बजे वह फैक्टरी से घर आया। पहली मंजिल पर स्थित अपने कमरे में पहुंचने पर उसने फर्श पर नेहा को मृत अवस्था में देखा। पास ही दोनों बच्चे रो रहे थे। नेहा के होंठ व नाक से खून निकल रहा था। उसने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मौके पर क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम भी पहुंची और घटनास्थल से सबूत इकट्ठे किए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नेहा की गला घोंटकर हत्या की गई है। जिस तरह से घटनास्थल पर किसी भी तरह के विरोध के संकेत नहीं मिले हैं, उससे प्रतीत होता है कि हमलावर की घर में फ्रेंडली इंट्री हुई है।

**पांच साल के बेटे ने बताया अंकल आए थे:** छानबीन के दौरान पुलिस ने नेहा के पांच साल के बेटे से आरोपी के बारे में जानकारी हासिल की है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बेटे ने बताया कि रात को एक अंकल घर पर आए थे। वह उसकी मां से बातचीत कर रहे थे। पुलिस बच्चे से उस अंकल का हुलिया लिया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि बच्चा एक मात्र चश्मदीद है, जिसने आरोपी को देखा है।

इसके साथ ही पुलिस नेहा के बेटे के बताए हुलिए के व्यक्ति के घर आने के बारे में जानकारी हासिल कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नेहा के घर के पास ही एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मिली है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# धान की सीधी बिजाई का डेमो दिखाया

**गन्नौर।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग डीएसआर मशीन के माध्यम से धान की सीधी बिजाई के बारे में किसानों को जागरूक कर रहा है। इसके तहत विभाग द्वारा किसानों को इस विधि के बारे में जागरूक करने के लिए कई गांवों के खेत में डीएसआर मशीन के माध्यम से धान की सीधी बिजाई का डेमो दिखाया गया। विभाग के सहायक अभियंता नवीन हुड्डा ने किसानों को बताया कि डीएसआर मशीन के द्वारा धान की बिजाई करने पर 15 से 20 प्रतिशत तक पानी की बचत होने की साथ ही बीज की मात्रा कम लगती है।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


# विवि महिला बॉक्सिंग टीम ने खेलों इंडिया गेम्स में जीती रनर अप ट्रॉफी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर के शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में 25 मई से 3 जून तक आयोजित आयोजित खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की महिला बॉक्सिंग टीम ने एक गोल्ड दो सिल्वर और एक ब्रॉंज मेडल के साथ रनर अप ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा ने टीम के सभी खिलाड़ियों, खेल विभाग के सभी स्टाफ मेंबर्स, टीम के कोच की प्रशंसा की और आने वाले वर्षों के लिए शुभकामनाएँ दी ।



कुवि लोक संपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर दीपक राय बब्बर ने बताया कि 57 किलोभार वर्ग में विंका ने गोल्ड, 70 किलोभार वर्ग में में लाशु यादव ने सिल्वर 75 किलोभार वर्ग में राज साहिबा ने सिल्वर और 81 किलोभार वर्ग में मनप्रीत ने ब्रांज मेडल जीतकर अपनी टीम को दूसरा स्थान दिलवाने में अहम भूमिका निभाई। डॉक्टर दीपक राय बब्बर ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय महिला बॉक्सिंग टीम में कुल 5 मुक्केबाजो ने इन खेलों में भाग लिया, जिसमे में से चार मुक्केबाज मेडल जीतने में कामयाब रही, टीम की सीनियर मुक्केबाज सीवी बूरा इस बार पदक नही जीत पाई।

## न्यूज फ्लैश

### मोटरसाइकिल चोर काबू, चुराई गई मोटरसाइकिल बरामद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पुलिस चौकी सदर बाजार की टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी मुकेश उर्फ खुशिया पुत्र गजे सिंह वासी माता मोहल्ला पुंडरी जिला कैथल को विश्वसनीय सूचना पर पुंडरी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से वारदात में चुराई गई मोटरसाइकिल बजाज सीटी 100 बरामद की गई है। आरोपी इस मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में घूम रहा था।

आरोपी से पूछताछ व अन्य साक्ष्यों के आधार पर खुलासा हुआ कि आरोपी एक आदतन अपराधी है। आरोपी के खिलाफ पहले भी जिला कैथल व करनाल में शस्त्र अधिनियम व चोरी करने के तीन मामले दर्ज हैं। इन मामलों में आरोपी गिरफ्तार हो चुका था और फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहा था।

इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार बनारसी दास वासी गांव जानी जिला करनाल ने पुलिस चौकी सदर बाजार में एक शिकायत देते हुए बताया कि वह 3 जून को अपनी मोटरसाइकिल पर न्यू बहादुर चंद कॉलोनी में किसी काम से आया था और उसने अपनी मोटरसाइकिल बाहर गली में खड़ी की थी। जब वह अपना काम खत्म करके वापस जाने लगा तो उसे अपनी मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। इस संबंध में शिकायतकर्ता के बयान पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना शहर में चोरी करने का मामला दर्ज किया गया। आरोपी को आज अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# लोगों की समस्याओं का सीएम ने मौके पर किया समाधान

**परिवार पहचान पत्र डे्र अनुसार जिस भी व्यक्ति का राशन कार्ड कट गया है वह मुझे बताए, उसकी जांच अभी करवाता हूं, क्योंकि मेरा दफ्तर मेरे साथ चलता है : मनोहर लाल**

**करनाल/राजकुमार प्रिंस**
मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बीपीएल राशन कार्ड काटे जाने के मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र के अनुसार जिस भी व्यक्ति का राशन कार्ड कट गया है वह मुझे बताए, उसकी जांच अभी करवाता हूं, क्योंकि मेरा दफ्तर मेरे साथ चलता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिर भी किसी पात्र व्यक्ति का राशन कार्ड कट गया है। इसके लिए वह एडीसी कार्यालय में जाकर ठीक करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अधिक से अधिक गरीब लोगों को बीपीएल सूची में शामिल करने के उद्देश्य से बिजली बिल 9 हजार से बढ़ाकर 12 हजार कर दिया है। जिसके फलस्वरूप प्रदेश में साढ़े 12 लाख नए राशन कार्ड बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को अपने करनाल प्रवास के दौरान जन संवाद कार्यक्रम की श्रृंखला में वार्ड नम्बर 5 के लोगों के साथ संवाद कर रहे थे। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि सुभाष कश्यप ने मुख्यमंत्री का अपने वार्ड में पहुंचकर लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री ने



जन संवाद कार्यक्रम में बताया कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सरकार द्वारा बीपीएल कार्ड बनाए गए थे। इस लंबी अवधि के दौरान कुछ परिवारों में सरकारी नौकरी भी लग गई, वे भी आज तक बीपीएल सूची में शामिल थे। इसके अलावा अन्य सम्पन्न लोग भी बीपीएल सूची में शामिल थे। ऐसे करीब साढ़े 8 लाख अपात्र व्यक्तियों के बीपीएल कार्ड काटे गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा योग्यता के आधार पर नौकरी दी जा रही है, जिसके फलस्वरूप अब युवा सडकों के किनारे खड़े होने की बजाए कोचिंग सैंटर में अपनी परीक्षा की तैयारी करते नजर आ रहे हैं। जबकि इससे पहले युवा और उनके अभिभावक पर्ची और खर्ची के लिए नेताओं के पीछे दौड़ते थे और भारी भरकम राशि देकर नौकरी प्राप्त करते थे। जो लोग पैसे देकर नौकरी लगते हैं वो दफ्तरों में कैसी व्यवस्था देंगे, इसे आप भली भांति जानते हैं। इसी मुद्दे पर एक व्यक्ति ने बताया कि अब बगैर पैसे के नौकरी मिल रही है। जिनक पैसे का ब्योंत नहीं था, उन गरीब परिवार के बच्चे अब सरकारी नौकरी में आ रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार से लड़ रही है। किसी भी नेता व अधिकारियों व कर्मचारियों को बख्शा नहीं जा रहा है। इस कार्य में जनता का सहयोग जरूरी है।

**अब सरकारी अस्पतालों में भी मिलेंगी प्राइवेट अस्पतालों जैसी मिलेगी चिकित्सा सुविधाएं :** मनोहर लाल ने जन संवाद कार्यक्रम के दौरान बताया कि हरियाणा सरकार अब सरकारी अस्पतालों में भी प्राइवेट अस्पतालों जैसी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बना रही है ताकि गरीब व जरूरतमंद व्यक्तियों को अच्छी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

**सीवरेज व एसटीपी ड्रेन की एक माह में विशेष अभियान चलाकर करवाएं सफाई :** मुख्यमंत्री ने जन संवाद कार्यक्रम के दौरान मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून का सीजन आने वाला है। इसकी शुरूआत से पहले करनाल शहर की सभी सीवरेज व एसटीपी ड्रेन की एक माह का विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें ताकि बरसात के दिनों में लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीवरेज व नालों के रास्तों को चौड़ा किया जाए ताकि बरसाती पानी की निकासी सही तरीके से हो सके। सीएम ने जन संवाद कार्यक्रम के दौरान वार्ड नम्बर 5 की विकास कॉलोनी, गोपी वाली गामड़ी, पाम एनक्लेव, कटाबाग तथा असंल डीआरटी एनक्लेव के लोगों की पीने के पानी की समस्या को लेकर निवारण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अगले एक माह के दौरान जहां नए ट्यूबवैल की जरूरत है वहां लगावाना सुनिश्चित करें तथा जल्द से जल्द पाईपलाईन बिछाने का कार्य भी पूरा किया जाए।

## चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** थाना सेक्टर 32-33 की टीम द्वारा घर में घुसकर चोरी की एक वारदात को अंजाम देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक पंखा, एक गैस सिलेंडर, एक बैटरा, मोटरसाइकिल व अन्य सामान बरामद किया गया है।

पुलिस टीम द्वारा गत दिवस तीन आरोपियों रवि पुत्र रमेश, अमनदीप पुत्र जोगिंदर व पारस पुत्र संजीव वासियान उत्तम नगर करनाल को कर्ण विहार करनाल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी नशा करने के आदी हैं। आरोपियों ने नशा करने के लिए रुपयों का इंतजाम करने हेतु उत्तम नगर के एक मकान में घुसकर सामान चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी उस घर से एक फ्रीज भी चोरी करके ले गए थे, लेकिन बाद में आरोपी उस फ्रीज को मौके पर ही छोडकर फरार हो गए थे।

इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता लखविंदर सिंह पुत्र बूटा सिंह वासी गली नंबर 9 उत्तम नगर करनाल ने पुलिस थाना सेक्टर 32-33 में शिकायत देते हुए बताया कि 2 जून को वह रात के समय करीब डेढ़ बजे अपने घर में मौजूद था।

## सीएम ने कॉमन सर्विस सेंटर के संचालकों से किया संवाद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले साढ़े 8 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में उठाए गए अनेक कदम नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रहे हैं। ई-गवर्नेंस के माध्यम से सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में मानव हस्तक्षेप को कम करके आम जनमानस को उनके घर द्वार पर सभी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इससे एक ओर जहां भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है, वहीं प्रशासनिक प्रक्रियाओं ने भी गति पकड़ी है और पुरानी जर्जर व्यवस्था में परिवर्तन आया है। परिणामस्वरूप आज प्रशासन स्मार्ट (सिंपल, मोरल, अकाउंटेबल, रिस्पांसिबल,



ट्रांसपेरेंट) बना है। सीएम करनाल से ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कॉमन सर्विस सेंटर के संचालकों से सीधा संवाद कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीएससी संचालकों से उनके अनुभवों को भी जाना। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएससी संचालकों से योजनाओं के लिए डेटा अपलोड करने से संबंधित जानकारी मांगी तो कुछ सीएससी संचालकों ने कहा कि कई बार उनके स्तर पर पोर्टल पर डाटा दर्ज करने में गलती हो जाती है, जिससे पात्र लाभार्थी को देरी से लाभ मिलता है।

इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि सीएससी स्तर पर अपलोड किए गए डाटा में किसी भी प्रकार की गलती होती है तो उस गलती को 48 घंटों के अंदर दुरुस्त किया जाए, ताकि लोगों को सेवाओं के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। इसके अलावा सीएससी संचालकों ने 60 वर्ष की आयु से अधिक नागरिकों की आयु सत्यापन का विषय भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। इस पर मुख्यमंत्री ने बताया कि 58 से 60 वर्ष की आयु की सत्यापन की प्रक्रिया सुगमता से चल रही है और 60 वर्ष आयु वर्ग से अधिक की सत्यापन प्रक्रिया भी सरकार जल्दी शुरू करेगी।

## अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस की एंटी कैटल की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर घोघडीपुर रोड चौक से नई अनाज मंडी करनाल की तरफ जाने वाली सडक पर खड़े आरोपी आकाश उर्फ कुणाल पुत्र प्रदीप कुमार उर्फ बबलू वासी नंगला जिला शामली उत्तर प्रदेश को काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से पहनी हुई पेंट की जेब से 315 बोर की एक अवैध देसी पिस्तौल बरामद हुई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना शहर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह उपरोक्त



पिस्तौल को करीब तीन महीने पहले मेरठ के पास एक ढाबा मालिक से पचपन सौ रुपए में शौकिया तौर पर खरीद कर लाया था। आरोपी को आज अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी व आरोपी जिस व्यक्ति से अवैध हथियार खरीद कर लाया था।

## 'ढाई लाख सूर्य नमस्कार का अभियान योग दिवस तक पूर्ण किया जाएगा'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सवा लाख सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत फव्वारा पार्क सेक्टर 12 में एक विशेष आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों योग साधकों ने पहुंचकर सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ तथा नोडल अधिकारी डॉ अमित पुंज ने विशेष रूप से बताया कि 9 अप्रैल से शुरू किए गए इस अभियान को 4 जून को पूरा कर लिया गया है और लगभग 2100 साधक प्रतिदिन सूर्य नमस्कार कर रहे हैं।

## घर से कीमती जेवरात व नकदी चुराने के मामले में आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस की एंटी कैटल थेफ्ट टीम द्वारा घर में घुसकर कीमती जेवरात व नगदी चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में एक आरोपी जिसान उर्फ लाल्ला पुत्र यासीन वासी मंसूरा जिला शामली उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय सूचना पर नंगला चौक करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर खुलासा हुआ कि आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर नशा करने, ऐसो आराम करने व अय्याशी करने के लिए उक्त वारदात को अंजाम दिया था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी व उसका साथी करनाल में सेक्टर 4 में एक वेल्डिंग की दुकान पर काम सीख रहे थे। इस दौरान आरोपी जब किसी मकान में वेल्डिंग का काम करने जाते थे तो आरोपी उस समय उस मकान की व आसपास के मकानों की रैकी कर लेते थे। वारदात वाले दिन दोनों आरोपी दुर्गा कॉलोनी करनाल में उक्त गली में से गुजर रहे थे। उसी समय उन्होंने एक घर के गेट पर ताला लगा देखा। उसी दौरान आरोपियों ने आव देखा ना ताव और उस मकान में चोरी करने के लिए दीवार कूदकर मकान के अंदर घुस गए। इसके बाद आरोपी घर के अंदर रखी अलमारी में से सोने के गहने व लगभग तीन लाख रुपए चोरी करके मौके से फरार हो गए।

पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपियों ने चोरी करने के बाद नगदी व जेवरात आपस में बांट लिए थे और पकड़े गए आरोपी जिसान ने अपने हिस्से के जेवरात हिमाचल प्रदेश में एक जगह पर किराए के कमरे में छुपा कर रख दिए थे।

## 'हम हिंदी भाषा के संवर्धन एवं उत्थान के लिए संकल्पित'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** गुरू नानक खालसा कॉलेज के सभागार में डॉ. राधेश्याम शर्मा पूर्व कुलपति, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा व गुरू जम्भेश्वर तकनीकी विश्वविद्यालय हिसार के मार्गदर्शन में खालसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरिन्दर सिंह की अध्यक्षता में हिंदी साहित्य भारती हरियाणा करनाल जनपद (ईकाई) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अनेक हिंदी प्रेमी, विद्वान शिक्षक एवं साहित्यकारों ने बहुत ही मनोयोग एवं सक्रियता से सहभागिता की।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी सदस्यों ने डॉ. राधेश्याम शर्मा को



उनके सुपुत्र मनस्वी शर्मा के भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन की खुशी में बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बैठक में सर्वप्रथम अपनी बात रखते हुए नई शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा की। उन्होंने भारतीय भाषाओं विशेष तौर से हिंदी के भविष्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम हिंदी भाषा के संवर्धन एवं उत्थान के लिए संकल्पित एवं प्रतिबद्ध है। हम चाहते हैं कि विज्ञान, चिकित्सा, कानून व तकनीक की शिक्षा हिंदी में पढ़ाई जाए। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने इसकी महत्ता को समझते हुए अनेक संवैधानिक प्रावधानों को स्वीकारा है।

बैठक में सभी सदस्यों ने नई शिक्षा नीति में हिंदी या अन्य भारतीय भाषाओं पर किसी प्रकार का संकट तो नहीं आएगा, इस बिंदू पर भी खुलकर विचार किया।

प्राचार्य डॉ. गुरिन्दर सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 से हिंदी, पंजाबी व संस्कृत पर असर पड़ सकता है।

## तालियों की गडगड़ाहट से गुंजायमान हुआ रामलीला भवन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कुंजपुरा गांव स्थित रामलीला भवन में रविवार को विकास क्लब साहित्य कला मंच कुंजपुरा की ओर से मासिक सांझा विरासत कार्यक्रम आयोजित किया गया। रचनाकारों ने शायराना अंदाज में न केवल मौजूदा परिप्रेक्ष्य में मानव के समक्ष आ रही चुनौतियों और समस्याओं का जिक्र किया, बल्कि जीवन में संभलकर पग धरने का संदेश दिया। तालियों की गडगडाहट से रामलीला भवन गुंजायमान रहा। बतौर मुख्य अतिथि अदबी संगम संस्था कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष सूबे सिंह सुजान ने हिंदी साहित्य के विकास पर जोर दिया। उन्होंने रचना पेश करते हुए कहा कि देखो इस दुनिया के सगलों से, मरके भी तो बचा नहीं जाता, रो के कुछ देर चुप हो जाते हैं, दर्द लेकिन चला नहीं जाता..। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शायर इकबाल पानीपती ने कहा कि कहां मासूम बच्चों की उन्हें किलकार प्यारी है, जिन्हें चाहत है कुरसी की जिन्हें सरकार प्यारी है। विशिष्ट अतिथि डॉ. हरीश बावला ने कहा कि मेरे खत भी उसे अब तो जलाने पड़ गए देखो, उसे क्या-क्या तकल्लुफ अब उठाने पड़ गए देखो। क्लब के संरक्षक प्रेमपाल सागर ने कहा कि न आसमां से बिजलियां गिराने की बात कर, कर उजड़ों को फिर से बसाने की बात कर।

## 'नियमित रक्तदान करने से मिलता है कई बिमारियों से छुटकारा'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **एचडीएफसी** बैंक लिमिटेड और जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान महाकल्याण शिविर का आयोजन डॉ.विकास सैनी के नेतृत्व में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में किया गया। शिविर के लिए लगभग 90 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 77 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। सरकारी अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनोद कमल और ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. सचिन गर्ग ने शिविर में आए सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। डॉ.विनोद कमल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने बताया



कि नियमित रक्तदान करने से कई बिमारियों से छुटकारा मिलता है और शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। युवाओं को साल में 3 या 4 बार रक्तदान जरूर करना चाहिए।

शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडका एवं लडकी को अपना ब्लड टैस्ट अवश्य कराना चाहिए। हर गर्भवती महिला को भी अपने रक्त की जांच अवश्य करानी चाहिए। शिविर में सभी रक्त दाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने

**8 शिविर के लिए लगभग 90 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 77 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया**

बताया कि हमारा अगला रक्तदान शिविर 11 जून को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक लगाया जाएगा। रक्तदान शिविर के आयोजन में कमलजीत मोतिया, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 7 के प्रधान संजीव बजाज, प्रवीण जांगड़ा, मास्टर शामेंद्र कुमार, मास्टर राकेश कुमार, मास्टर मुनीश कुमार, आशु जैन, कुलदीप कुमार और अनमोल अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

# संपादकीय

## दहलाते रेल हादसे

**बेशक** बालासोर रेल दुर्घटना देश क्या दुनिया के भीषणतम हादसों में एक है। इतना ही नहींऔर याद भी नहीं कि देश में कभी एक साथ तीन रेलें इस तरहटकराई हों? दुर्घटना से जो एक सच सामने आया है वो बेहद दुखद और चौंकाने वाला है जिसमें रिजर्व बोगियों के अलावा मौतें जनरल बोगियोंमें सवारों की भी हुईं। उससे भी बड़ी हमेशा की तरह सच्चाई ये कि यह दुर्घटना स्टेशनपहुंचने से थोड़ा पहले हुई।अप और डाउन दोनोंट्रैककिसी स्टेशन पर पहुंचने से पहले यात्री सुविधाओं की दृष्टि सेकई लूप ट्रैक में विभाजित होकर रुकने वालीट्रेनों कोप्लेटफॉर्म तक और माल व नॉन स्टाप गाड़ियों को आगे का सीधा ट्रैक पकड़ाते हैं।यहां आगे जा रही या पीछे से आ रही ट्रेनों की स्थिति और निगरानीमें जरा सी चूकहादसों में बदल जाती है, यही हुआ। यकीनन ट्रेनों के परिचालन के लिए नित नई उन्नत और नवीनतम तकनीक विकसित होती जा रही है। बावजूद इसके हादसे उतने ही गहरे जख्म भी छोड़ जाते हैं।दरअसल ये हादसा बहानागा रेलवे स्टेशन के पास शालीमार-चेन्नै कोरोमंडल एक्सप्रेस (12841),और सर एम.विश्वेश्वरैया टर्मिनल-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12864) तथा मालगाड़ी एक-दूसरे से टकराने से हुआ। कोरोमंडल एक्सप्रेस डिरेल होकर खड़ी मालगाड़ी से टकराई डिब्बे गिरे और लोग निकल जान बचाने इधर-उधर भगाने लगे। ठीक ऊसी समय दूसरे ट्रैक पर आ रही यशवंतपुर हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12864)आ गई और पहले गिरी दोनों ट्रेनों से टकरा गई। इसके चलते हादसे का रूप भयंकर वीभत्स और दिल दहला देने वाला हो गया। जान बचाकर भागते कई लोग भी शिकार हो गए। सुबह जब ड्रोन से तस्वीरें मिलने शुरू हुईं तो रोंगटे खड़े कर देने वाले दर्दनाक मंजरों ने और डरा दिया। जबकि बोगियों के अन्दर की तस्वीरें बेहद दर्दनाक थीं। किसी का सर धड़ से अलग था किसी के हाथ-पैर और क्षत-विक्षत शरीर।मालगाड़ी के डिब्बे के ऊपर सवारी गाड़ियों के डिब्बे जिग-जैग पोजीशन में एक-दूसरे ऊपर 50-55 फीटतक जा चढ़े। कई डिब्बे सैकड़ों मीटर दूर तक जा फिकाए। दोनों ही ट्रेन अपनी पूरी क्षमता से भरी थीं यानी 1750 यात्रियों को लेकर कुल 3500 यात्रियों की क्षमता के साथ अलग-अलग लेकिन पूरी रफ्तार से दौड़ रहीं थीं। सैकड़ों जाने चली गईं और दुर्घटना का शिकार हो गए। पिछले 20 वर्षों में यह सबसे बड़ा हादसा है।

बीते बरस की ही बात है, जीरो रेल एक्सीडेण्ड मिशन में ऑटो ब्रेक सिस्टम पर तेजी से काम की खूब बातें हुईं। ट्रेन प्रोटेक्शन एण्ड वार्निंग यानी टीपीडब्ल्यूएस तकनीक का ढिंढ़ोरा पिटा।वो प्रणाली बताई गई जिसमें गलती से भी कोई ट्रेन रेड सिग्नल जंप कर जो तो यह वार्निंग प्रणाली उसे रोक देगी। डिवाइस लोकोपायलट के उन क्रियाकलापों को मॉनीटर करेगाजिसमें ब्रेक, हार्न, थ्रोटल हैंडल शामिल हैं।यदि कोई लोको पायलटप्रतिक्रिया नहीं देगा या झपकी लग जाएगी तो ये सिस्टमखुद तुरंत ऐक्टिवेट होकर ब्रेक लगाएगा।यदि ट्रेनों की रफ्तार तय स्पीड से ज्यादा हुई और रेड सिग्नल दिखा तो भी सिस्टम लोको पायलट का रिस्पांस न मिलने पर खुद सक्रिय होगा तथा धीरे-धीरे ब्रेक लगाकर इंजन बंद कर देगा।इस हादसे पर इससे भी बड़ी विडंबना या मजाक ये कि महज एक दिन पहले 1 जून को ही रेल मंत्रालय ने ट्रेन सुरक्षा पर बड़ा चिंतन शिविर किया।

नई तकनीकों पर जोरदार पक्ष रखा।रेल के सफर को सुरक्षित और आरामदेह बनाने पर फोकस किया और दावा कि कवच तकनीक से लैस ट्रेनों का आपस में एक्सीडेंट हो ही नहीं सकता।

# पर्यावरण संरक्षण से ही होगी पृथ्वी की सुरक्षा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरूआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। इस बार की थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर आधारित है। इस दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम इसी थीम पर आधारित होंगे। संकल्प लेना होगा कि हमें प्रकृति से सदभाव के साथ जुड़ कर रहना है।

**हमारी धरती, जनजीवन को सुरक्षित रखने** के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। पूरी दुनिया आधुनिकता की ओर बढ़ रही हैं। दुनियाभर में हर दिन ऐसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण खतरे में हैं। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रही हैं। साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन रही हैं। सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये प्रकृति को संरक्षित रखने और इससे खिलवाड़ न करने के लिए जागरूक किया जाता हैं। इन कार्यक्रमों के जरिये लोगों को पेड़-पौधे लगाने, पेड़ों को संरक्षित करने, हरे पेड़ न काटने, नदियों को साफ रखने और प्रकृति से खिलवाड़ न करने जैसी चीजों के लिए जागरुक किया जाता है। इस बार हम सब को मिलकर पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लेकर उस दिशा में काम करना प्रारम्भ करना चाहिये।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरूआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। इस बार की थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर आधारित है। इस दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम इसी थीम पर आधारित होंगे। हमें अपने मन में संकल्प लेना होगा कि हमें प्रकृति से सदभाव के साथ जुड़ कर रहना है। इस पर्यावरण दिवस पर हम सब इस बारे में सोचें कि हम अपनी धरती को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए और क्या कर सकते हैं। किस तरह



इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पर्यावरण दिवस पर अब सिर्फ पौधारोपण करने से कुछ नहीं होगा। जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि हम उस पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करेंगें। देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण बड़ी मात्रा में कृषि भूमि आबादी की भेंट चढ़ती गई। जिस कारण वहां के पेड़ पौधे काट दिये गये व नदी नालों को बंद कर बड़े-बड़े भवन बना दिए गए। जिससे वहां रहने वाले पशु, पक्षी अन्यत्र चले गए। लेकिन लाकडाउन ने लोगों को उनके पुराने दिनों की याद दिला दी है। पुराने समय में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये पड़ो को देवताओं के समान दर्जा दिया जाता था। ताकि उन्हे कटने से बचाया जा सके। बड़-पीपल जैसे घने छायादार पेड़ो को काटने से रोकने के लिये उनकी देवताओं के रूप में पूजा की जाती रही है। इसी कारण गावों में आज भी लोग बड़ व पीपल का पेड़ नहीं काटते हैं। मनुष्य प्रकृति द्वारा बनाया गया सबसे बुद्धिमान प्राणी माना जाता है। उसने एक ओर जहां विज्ञान से प्रौद्योगिक का विकास किया वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध शहरीकरण तथा औद्योगिकीकरण भी किया। इसी का नतीजा है कि उद्योगों से निकलने वाला धुआँ, दूषित पदार्थ आदि प्रदूषण को जन्म दें रहे हैं। इस कारण जलप्रदूषण, वायुप्रदूषण हुआ है। आवास एवं शहरीकरण हेतु वनों की अत्यधिक कटाई के कारण मिटटी प्रदूषण एवं भूमि कटाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। वर्तमान समय में प्रदूषण किसी एक गांव, कस्बे या शहर की समस्या नहीं है अपितु यह संपूर्ण विश्व की बहुत विकराल समस्या बन गई है।

यदि समय रहते प्रदूषण जैसी समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो इसका खामियाजा संपूर्ण मानव जाति को भुगतना होगा। और इसके भयंकर परिणाम होंगे जो हमारे साथ भविष्य में आने वाली पीढ़ी भी भुगतेगी। नेशनल हेल्थ पोर्टल आफ इंडिया के मुताबिक देश में हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण की वजह से हो जाती है। वायु प्रदूषण के चलते लोगों को शुद्ध हवा नहीं मिल पाती है। जिसका हमारे शरीर में फेफड़े, दिल और दिमाग पर बुरा असर पड़ रहा है। देश में 34 प्रतिशत लोग प्रदूषण की वजह से मरते हैं।

पर्यावरण का अर्थ होता है परि हमारे चारों ओर जो आवरण हैं। जो हमें चारों ओर से घेरे हुए है। पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ होता है चारों ओर से घेरे हुए। पर्यावरण उन सभी भौतिक, रासायनिक एवं जैविक कारकों की समष्टिगत एक इकाई है। जो किसी जीवधारी अथवा पारितंत्रीय आबादी को प्रभावित करते हैं। हमारे चारों तरफ का वह प्राकृतिक आवरण जो हमें सरलता पूर्वक जीवन यापन करने में सहायक होता है वह पर्यावरण कहलाता है। पर्यावरण से हमें वह हर संसाधन उपलब्ध हो जाते हैं जो किसी सजीव प्राणी को जीने के लिए आवश्यक है। पर्यावरण ने हमें वायु, जल, खाद्य पदार्थ, अनुकूल वातावरण आदि उपहार स्वरूप भेंट दिया है। पर्यावरण स्वस्थ जीवन और ग्रह पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पृथ्वी विभिन्न जीवित प्रजातियों के लिए एक घर है और हम सभी भोजन, हवा, पानी और अन्य जरूरतों के लिए पर्यावरण पर निर्भर हैं। इसलिए, प्रत्येक व्यक्ति के लिए अपने पर्यावरण को बचाना और उसकी रक्षा करना महत्वपूर्ण है।

तीन वर्ष पूर्व लाकडाउन का वह समय पर्यावरण की दृष्टि से अब तक का सबसे उत्तम समय रहा था। उस दौरान शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी वायु प्रदूषण का स्तर घटकर न्यूनतम स्तर पर आ गया है। देश की सभी नदियों का जल पीने योग्य हो गया था। जो किसी चमत्कार से कम नहीं है। पूरी दुनिया में पिछले वर्ष जैसा पर्यावरण दिवस शायद ही फिर कभी मने। सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। लाकडाउन के दौरान बिना कुछ खर्च किए ही नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी। उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी। देश की सबसे अधिक प्रदूषित मानी जाने वाली गंगा नदी सबसे शुद्ध जल वाली नदी बन गयी थी।

विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है। वास्तविक रुप में पृथ्वी को बचाने के लिये आयोजित इस उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोगों को सक्रियता से शामिल करना होगा। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पड़ो के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी।

इस दिन हमें आमजन को भागीदार बना कर उन्हे इस बात का अहसास करवाना होगा कि बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन का खामियाजा हमे व हमारी आने वाली पीढियों को उठाना पड़ेगा। इसलिये हमें अभी से पर्यावरण को लेकर सतर्क व सजग होने की जरूरत है। हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तेजी से काम करना होगा तभी हम बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन को संतुलित कर पायेगें। तभी हमारी आने वाली पीढ़ियां शुद्ध हवा में सांस ले पायेगी।

# कविता

## पर्यावरण

कुदरत भी अब कराह उठी,
दौर संक्रमण का आया है,
प्रकृति दोहन बहुत हो चुका,
धरती का श्रृंगार लुट रहा,
जागो, उठो पहचानो अब तो
खुदा की नियामत है पर्यावरण,
पौधारोपण को बढ़ाना है !

पेड़ों के निरंतर कटाव से
उजड़ रहे जीवों की आशियाने भी,
असम्भव है बिन वृक्षों के जीना,
आधार जीवन का ये रहे सर्वदा,
जागो, उठो पहचानो आज को
खुदा की नियामत है पर्यावरण,
स्वच्छ हवा में जीना है !

शत्रु मानवता का कोई और नहीं
दौड़ महज शहरीकरण की है,
प्राणवायु के दूषित होने से
महफूज रहीं ना सांसें भी,
अतिक्रमण के विषैले दौर में
पर्यावरण को अब संवारना है,
पौधारोपण को बढ़ाना है !

मुनीष भाटिया

## हादसे में भी अव्वल रहे संघ के कार्यकर्त्ता

**अशोक भाटिया**

**ओडिशा** के बालासोर में हुए भयानक ट्रेन हादसे की तस्वीरें दिल दहलाने वाली हैं। इस हादसे में अब तक 280 लोगों की मौत हो चुकी है। जैसे ही हादसे की खबरें टी वी पर आना शुरू हुई भाजपा के विरोधी दलों को तो जैसे सरकार की आलोचना का मौका मिल गया । जहाँ सहायता की जरुरत थी वहां आलोचनाओं का अम्बार लग गया । रेल मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री का त्यागपत्र मांगने वालों को तो जैसे मन की मुराद मिल गई । दूसरी ओर सांप्रदायिक हिंदूवादी, फासीवादी और इसी तरह के अन्य शब्दों से पुकारे जाने वाले संगठन के तौर पर आलोचना सहते और सुनने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने चुपचाप अपना सेवा कार्य शुरू कर दिया । बताया जाता है कि यदि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता यदि समय पर नहीं पहुँचते तो मौत का यह आँकड़ा कहीं अधिक हो सकता था। बताया जा रहा है कि एनडीआर ?फ की टीम के पहुँचने से पहले ही आर एस एस कार्यकर्ता मौके पर पहुँचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गए थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 600 स्वयंसेवक बालेश्वर ट्रेन दुर्घटना में घायलों के लिए किसी देवदूत से कम नहीं थे। वो दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन की बोगियों में घुस-घुसकर घायलों को पीठ पर लादकर बाहर निकाल रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, बालासोर में हुए ट्रेन हादसे का शिकार लोगों की मदद के लिए आरएसएस के कार्यकर्ता तन, मन, धन से अभी भी जुटे हुए हैं। इस हादसे की जानकारी मिलते ही करीब 600 कार्यकर्ता मौके पर पहुँच गए थे। वहाँ मची चीख-पुकार के बीच आरएसएस कार्यकताओं ने घायलों को इलाज के लिए तुरंत ही हॉस्पिटल ले जाना शुरू कर दिया था। आरएसएस कार्यकताओं के राहत और बचाव कार्य शुरू होने के बाद एनडीआरफ की टीम भी हादसे वाली जगह पहुँच गई। इसके बाद संघ कार्यकर्ता उनके साथ मिलकर लोगों को बचाने में जुट गए। एक ओर जहाँ आरएसएस के कुछ कार्यकर्ता ट्रेन मेंदबे हुए लोगों व घायलों की मदद कर रहे थे। वहीं, कुछ अन्य कार्यकर्ता घायलों को खून देने के लिए हॉस्पिटल पहुँच गए। रक्त दान करने आए युवाओं की भीड़ देखकर हॉस्पिटल के डॉक्टर भी हैरान हो गए थे। दरअसल, बालासोर के आर एस एस के व्हाट्सएप ग्रुप में हादसे की जानकारी के साथ ही रक्तदान करने की अपील की गई थी। इसके बाद कार्यकर्ता हॉस्पिटल पहुँच गए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिंदू जागरण मंच बजरंग दल सेवा भारती के स्वयंसेवकों की एक यूनिट बालेश्वर जिला अस्पताल भद्रक जिला मुख्यालय अस्पताल सोरो अस्पताल कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज व अन्य अस्पतालों में भी डटी रही। शनिवार की शाम तक घायलों की मदद के लिए स्वयंसेवक 700 यूनिट रक्तदान कर चुके हैं और यह प्रक्रिया लगातार जारी है।

# विचार

## रूकेगा कुपोषण और अनाज की बर्बादी

**प्रेम शर्मा**

**केन्द्र** सरकार द्वारा देश में अनाज भण्डारण क्षमता बढ़ाये जाने का निर्णय देश में काफी हद तक कुपोषण और अनाज की बबार्दी को रोकेगा। फिलहाल देश में एक अनुमान के अनुसार 40 प्रतिशत से अधिक उत्पादन बर्बाद हो जाता है। भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली कुल जनसंख्या का लगभग 25.7 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्रों में 13.7 प्रतिशत परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन व्यतीत करने वाले है। भारत में कुपोषण का एक प्रमुख कारण गरीबी को माना जाता है। रूस-यूक्रेन युद्ध से बाधित हुई खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के चलते दुनिया के तमाम देश खाद्यान्न संकट से जूझ रहे हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम के मिजाज में आये अप्रत्याशित बदलाव से अनाज की गुणवत्ता और मात्रा पर असर होने लगा है। किसी संप्रभु राष्ट्र के लिये खाद्यान्न की आत्मनिर्भरता अपरिहार्य ही है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले भारत को आने वाले समय के लिये अनाज के एक-एक दाने की रक्षा करनी होगी। वह भी ऐसे में जब किसान का खेती से मोहभंग हो रहा है। वहीं दूसरी ओर जब विकास कार्यों तथा आवासीय-कारोबारी निर्माण के लिये बड़े पैमाने पर कृषि भूमि का उपयोग हो रहा है, भंडारण क्षमता बढ़ाना जरूरी हो जाता है। ऐसे में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा अन्न भण्डारे को लेकर किए गए फैसले की सराहना की जानी चाहिए, जिसमें सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना को मंजूरी दी गई है। जिसके अंतर्गत अन्नदाता के उत्पादों को बचाने के लिये ब्लॉक स्तर पर पांच सौ से दो हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम बनाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही योजना के क्रियान्वयन के लिये अंतर मंत्रालयी समिति के गठन को भी हरी झंडी मिली है। निश्चय ही यह देर से उठाया गया दुरुस्त कदम है। निश्चय ही देश में मौजूदा 1450 लाख टन की भंडारण क्षमता को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। यही वजह है कि अगले पांच सालों में 700 लाख टन भंडारण क्षमता और बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। भारत दुनिया के सर्वाधिक अन्न उत्पादक देशों में गिना जाता है, लेकिन उसकी भंडारण क्षमता अन्य विकसित देशों के मुकाबले बेहद कम रही है। जिससे किसान को फसल तैयार होने के तुरंत बाद मंडियों में अनाज बेचने जाना पड़ता है। भंडारण क्षमता न होने के कारण किसान को औने-पौने दामों में अपने उत्पाद बेचने पड़ते हैं। यही वजह है कि भरपूर फसल उत्पादन के बावजूद उसे घाटा उठाना पड़ता है क्योंकि आपूर्ति बढ़ने से उत्पादों के दाम गिर जाते हैं। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के अनुसार अब भारत विश्व में अनाज के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है. इस योजना की मदद से भंडारण की कमी की वजह से जो अनाज की बबार्दी होती थी वह रुकेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी बड़े उत्पादक देशों के पास अपने वार्षिक उत्पादन से अधिक की भंडारण क्षमता उपलब्ध है, लेकिन भारत में अन्न के भंडारण की क्षमता, वार्षिक उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत है। परिणामस्वरूप अनाज की बबार्दी होती है और किसानों को डिस्ट्रेस सेल करनी पड़ती है. दुनिया में चीन, अमेरिका, ब्राजील, रूस, अर्जेंटीना आदि के पास भंडारण की क्षमता कहीं अधिक है। इससे वहां के किसानों और उनसे जुड़े क्षेत्रों को मदद मिलती है। सहकारिता मंत्रालय देश के केंद्र शासित प्रदेशों व राज्यों के दस जिलों में इसकी पायलट योजना शुरू करेगा। जिससे हासिल अनुभव का लाभ शेष देश को दिया जा सकेगा, साथ ही योजना की खामियों को दूर किया जा सकेगा। केंद्रीय सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में एक अंतर मंत्रालयी समिति योजना के क्रियान्वयन की देखरेख करेगी। निश्चित रूप से इस योजना के क्रियान्वयन से हर साल बर्बाद होने वाला लाखों टन अनाज बचाया जा सकेगा। वह अनाज भी, जो आंधी, तूफान व बारिश में मंडियों में बर्बाद होता रहा है। यदि किसान अनाज को गोदामों में रोकने की स्थिति में होगा तो वह बाजार की जरूरत के हिसाब से ऊंचे दामों में अपने उत्पाद बेच सकेगा।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## भौतिक समुद्र विज्ञानी - भौतिक

**विजय गर्ग**

**भौतिक** समुद्र विज्ञानी समुद्र के पानी में होने वाली भौतिक स्थितियों और भौतिक प्रक्रियाओं का अध्ययन और विश्लेषण करने में पेशेवर विशेषज्ञ हैं। सबसे महत्वपूर्ण रूप से समुद्र के पानी की गति और भौतिक गुण। भौतिक समुद्र विज्ञानी तापमान, तरंगों की गति, उनकी प्रगति, घनत्व और धारा के बारे में जानने के लिए भी जिम्मेदार होता है। चूँकि ये गुण सीधे तौर पर मनुष्य के नियमित जीवन से संबंधित होते हैं, जिससे भौतिक समुद्र विज्ञानी समुद्र विज्ञान के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण प्रोफाइलों में से एक बन जाता है। एक भौतिक समुद्र विज्ञानी बनने के लिए, समुद्र के नीचे आवश्यक नियमित पाठ्यक्रम के साथ-साथ कुछ विशिष्ट पाठ्यक्रम लेने होते हैं। भौतिक समुद्र विज्ञानी पात्रता शैक्षणिक योग्यता भौतिक समुद्र विज्ञान में एक कोर्स करने के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता मुख्य विषयों में से एक के रूप में गणित और रसायन विज्ञान के साथ शुद्ध विज्ञान में स्नातक या समुद्र विज्ञान या संबंधित विषयों में स्नातक की डिग्री है। आयु सीमा उम्मीदवार को 17 वर्ष की आयु प्राप्त करनी चाहिए। भौतिक समुद्र विज्ञानी आवश्यक कौशल जैसा कि फिजिकल ओशनोग्राफर का काम लंबे समय तक काम करने की मांग करता है, विषम घंटों में काम करना और वह भी बहुत खतरनाक और शारीरिक रूप से कठिन स्थिति में, इस प्रकार एक सफल फिजिकल ओशनोग्राफर बनने के लिए सबसे आवश्यक कौशल अपने काम के लिए एक मजबूत उत्साह और जुनून है, बहुत मजबूत और निर्धारित मानसिक और शारीरिक स्थिति। भौतिक समुद्र विज्ञानी के पास अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने के लिए बहुत मजबूत गणितीय कौशल, उत्कृष्ट अवलोकन और व्यावहारिक कौशल, सटीकता और विस्तार पर ध्यान और सभी उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संचार कौशल होना चाहिए। फिजिकल ओशनोग्राफर कैसे बनें? एक भौतिक समुद्र विज्ञानी बनने के लिए दिए गए चरणों का पालन करना होगाः स्टेप 1 मुख्य विषय के रूप में भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित के साथ +2 परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इच्छुक भौतिक समुद्र विज्ञानी को कुछ संबंधित स्नातक पाठ्यक्रम जैसे बी.एससी (समुद्री विज्ञान) में प्रवेश लेना होता है।

## रेवड़ी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मुझे** घर पर लाया गया। कुछ दिन बीते। एक दिन अचानक मेरी बंजर भूमि के लिए किसान फसल योजना के पैसे मेरे खाते में जमा होने लगे। मैं दिल्ली का किसान हूँ। यहाँ केवल राजनीति नहीं होती। कभी-कभी चमत्कार भी होते हैं। मैंने जीवन में कभी खेती नहीं की। इसलिए बिन उगाई फसल के लिए पैसे मिलने लगे तो किसे खुशी नहीं होगी। मुझे फिर से मुफ्ताटैक का दौरा पड़ने ही वाला था कि बेटे ने आकर बताया कि सरकार ने केवल आधे पैसे जमा किए हैं और आना बाकी है। जैसे-तैसे मैं मुफ्ताटैक से बच पाया। मैं आधार कार्ड से बूढ़ा हो चला हूँ।

इसलिए वृद्ध पेंशन योजना का लाभार्थी हूँ। असलियत में मेरी उम्र कुछ और है। उम्र ऐसी कि मैं कहीं भी नौकरी कर सकता हूँ। लेकिन जब बैठे-बिठाए चार पैसे मिल रहे हों, तो भला कोई नौकरी क्यों करेगा। कभी-कभी मेरा ईमान जाग उठता था। चुल्लू भर पानी में डूब मरने की इच्छा भी होती थी। हाय मैं यह भी न कर सका, क्योंकि सरकार मुफ्त का पानी चुल्लू भर की मात्रा से अधिक देती थी। मैं अपनी इकाई से कम सरकार की इकाई से ज्यादा चलता हूँ। सरकार ने फलाँ इकाई तक बिजली मुफ्त कर दी थी। इसलिए मैंने उस इकाई को कभी पार नहीं की जहाँ मुझे सरकार को एक रुपया भी देना पड़े। कहते हैं मुफ्त की आदत पड़ जाए तो कैंसर और एड्स की बीमारियाँ भी बौने लगने लगती हैं। कभी-कभी तो लगता है कि मुफ्त की फिनाइल पैसे देकर खरीदे गए दूध से भी अधिक मजा देता होगा। मैं जब भी टीवी चलाता हूँ तो एक नई उम्मीद जाग उठती है कि आज सरकार कौनसी मुफ्त योजना लाने जा रही है।

अब मुझे मुफ्तखोरी की आदत पड़ गई है। बीवी-बच्चों को भी मुफ्तभोगी बनने की ट्रेनिंग देता रहता हूँ। वे समझदार हैं। इसीलिए काम की तलाश से ज्यादा मुफ्त स्कीमों की खोज में लगे रहते हैं। मुझे गर्व है कि वे मुझ पर गए हैं। अब तो डॉक्टरों का कहना है कि मुझे मुफ्ताटैक का दौरा नहीं पड़ सकता, क्योंकि उन्होंने मुझे अनंत इच्छाओं की डोज वाली दवा लेने की सलाह जो दी है।

# 'अम्बाला छावनी को बेहतर बनाने की कोशिश में जनता का बहुत बड़ा योगदान'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी को बेहतर बनाने के लिए वह कोशिश कर रहे हैं और इस कोशिश में जनता का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा जनता का हाथ मेरी पीठ पर है, इसलिए वह बड़े से बड़े तूफानों से ठकरा जाते हैं और अपने शहर के लिए काम करवाकर लाते हैं।



विज बीती देर शाम जीएमएन कालेज के प्रांगण में मंत्रणा ग्रुप की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरें इसलिए रात दो-दो बजे तक बैठकर उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी। उनके घर से जीटी रोड तक प्रदेशभर से आए लोगों की लाइन लगती है और वह शिकायतों का निवारण करते हैं ताकि उनके शहर के लोगों को गर्व रहे कि उनके द्वारा चुना गया व्यक्ति काम कर रहा है। उन्होंने कहा अम्बाला का जो हक था वह छीनकर लाने में कुछ हद तक कामयाब हुए हैं।

इससे पहले गृह मंत्री अनिल विज के कार्यक्रम में पहुंचने पर लोगों ने उनका स्वागत किया। गृह मंत्री विज ने सभी के बीच जाकर उनसे बातचीत और संवाद भी किया। कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने अम्बाला के मशहूर गोलगप्पों का स्वाद भी चखा। कार्यक्रम में मंत्रणा ग्रुप से जसवंत जैन, डॉ. गुरदेव सिंह, अजय अग्रवाल, डीएस माथुर, आलोक गुप्ता, डा. हरप्रकाश शर्मा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।

**छह बार विधायक बना, इसका श्रेय अम्बाला छावनी की जनता को : मंत्री अनिल विज** – गृह मंत्री अनिल विज ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह छह बार विधायक बने और जनता को इसका श्रेय जाता है। उन्होंने कहा जब आपने मुझे बार-बार चुना और मुझे यह अवसर दिया। अम्बाला छावनी सदा से उपेक्षित रहा, पहले जो दर्द आपके सीने में था वह दर्द मेरे सीने में भी था कि अम्बाला के लोगों का जो हक है, वह सरकारों से छीनकर ला सकें। उन्होंने कहा छावनी में बिजली व पानी तो मुख्य समस्या थी। उन्होंने अध्ययन किया तो पता चला कि पूर्व सरकारों ने अम्बाला छावनी केवल भांखड़ा से आ रही बिजली पर निर्भर था, यह हरियाणा से जुड़ा नहीं था। उन्होंने अम्बाला से शाहबाद तक 66केवी के दो सर्कट डलवाए, तेपला में 220 केवीए का सब स्टेशन बनाकर दिया और आज दूर से भी अम्बाला छावनी को बिजली मिलती है। पहले जितने धरने प्रदर्शन होते थे वह बिजली के होते थे अब पिछले कई वर्षों से लोगों को लगातार बिजली मिल रही है।

**नहरी पानी उपलब्ध कराया, जल्द नई पाइप लाइन से होगी आपूर्ति : मंत्री अनिल विज** – गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि पहले अम्बाला छावनी के ज्यादातर झगड़े पानी के नलके पर होते थे। उन्होंने पूर्व में जनसूई हेड से 18 किमी. दूर से पाइप डालकर अम्बाला छावनी के कोने-कोने तक पानी पहुंचाया। अब उन्होंने एक और पाइप लाइन को शामिल कराया है और पाइप लाइन रेलवे लाइन तक पहुंच चुकी है। केवल रेलवे की अनुमति बाकि है। उसका पानी लाकर भी घसीटपुर में डाला जाएगा। डिफेंस कालोनी तक पानी 20 फुट ऊंचा बिना मोटर चढ़ेगा। कुछ बुस्टकर तैयार हो चुके हैं और कुछ रह गए हैं ताकि हर आदमी को पानी मिल सके। बिजली व पानी की मौलिक आवश्यकता को उन्होंने अम्बाला छावनी में पूरा किया।

> 8 जनता का हाथ मेरी पीठ पर है, इसलिए वह बड़े से बड़े तूफानों से ठकरा जाते हैं और अपने शहर के लिए काम करवाकर लाते हैं

**विकास के कई कार्य अम्बाला छावनी में करवाए : मंत्री अनिल विज** – गृह मंत्री अनिल विज ने कहा उन्होंने अम्बाला छावनी में सीवरेज डलवाई और इसका कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा। सीवरेज के साथ-साथ अम्बाला छावनी में बब्याल, मच्छौंडा, खुड्डा और 12 क्रास रोड पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगवाए। सदर क्षेत्र के सभी नाले-नालियों को बंद कर अंडरग्राउंड पाइप लाइन डलवाई जिससे मक्खी-मच्छर खत्म हुई और नालों में गंदगी भी नहीं डलेगी। शहर में कोई ओपन ड्रेन न हो इसपर वह काम कर रहे हैं। अम्बाला एक ऐतिहासिक स्थान है और आजादी की पहली लड़ाई का जन्म अम्बाला छावनी से हुआ। अब शहीदों की याद में 450 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय शहीद स्मारक बनाया जा रहा है। दुनियाभर से लोग इस स्मारक को देखने के लिए आएंगे। कांग्रेस ने हमेशा बताया कि आजादी की लड़ाई हमने लड़ी, मगर कांग्रेस के जन्म से 28 साल पहले 1857 में आजादी का बिगुल बज गया था। इन शहीदों को नमन करने के लिए शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। शहीद स्मारक के साथ ही साइंस म्यूजियम बनाया जा रहा है जहां साइंस नियमों पर आधारित 350 एग्जीबिट लगाए जाएंगे। उन्होंने अम्बाला छावनी को सब डिवीजन का दर्जा दिलाया और आज यहां पुरानी लाइब्रेरी के स्थान पर नया एसडीएम आफिस तैयार है जहां लगभग सभी सरकारी दफतर चल रहे हैं और यहां नई लाइब्रेरी बनाई जहां रोज लगभग 300 बच्चे पढ़ते हैं।

**बैंक स्क्वेयर के लिए 60 करोड़ का लोन मंजूर : अनिल विज** – गृह मंत्री अनिल विज ने कहा बैंक स्क्वेयर के लिए 60 करोड़ का लोन हरियाणा स्टेट फाइनेंशियल कारपोरेशन से लिया है और जल्द ही यह बिल्डिंग बनकर तैयार होगी। छावनी सिविल अस्पताल को नया रूप दिया गया है। पुराने सिविल अस्पताल में महज 150 ओपीडी होती थी, मगर आज यहां अस्पताल में तीन हजार से ज्यादा ओपीडी है जोकि पीजीआई के बराबर है। यहां कैथ लैब, डायलिसिस सेंटर, सीटी स्कैन, एमआरआई एवं अल्ट्रासाउंड की सुविधा है। अम्बाला ही नहीं पूरे हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया गया है। सिविल अस्पताल के समक्ष जगाधरी रोड पर एस्कलेटर लगाने की कवायद चल रही है जिससे यहां आना-जाना आसान होगा।

सिविल अस्पताल के विस्तार के लिए और 16 एकड़ जमीन सेना की लेने की प्रक्रिया चल रहा है। यहां 50 बिस्तरों का क्रिटिकल केयर सेंटर व प्रयोगशाला बनाने की योजना है। इसके अलावा स्पाइन इंजरी सेंटर और धर्मशाला बनाने की योजना भी है। इसी तरह अम्बाला छावनी में एनसीडीसी का सेंटर भी जल्द बनकर तैयार हो जोकि राष्ट्रीय स्तर का सेंटर होगा।

**रिंग रोड तक बसेगा शहर, इंडस्ट्री और नए सेक्टर डिवेलप होंगे : अनिल विज** – गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में उन्होंने साहा रोड बनाई जिसपर बहुत राजनीति पहले हुई। लोग बनाने से पहले बोलते हैं मगर वह काम होने के बाद बोलते हैं। उन्होंने रिंग रोड मंजूर करवाई और बहुत जल्द इसका कार्य आरंभ होगा। दो ठेकेदारों को वर्क अलॉट भी हो चुका है। रिंग रोड बनने से अम्बाला रिंग रोड तक बस जाएगा और इंडस्ट्री एवं सेक्टर भी डिवेलप होंगे। उन्होंने बाजार में मल्टीलेवल पार्किंग, ऑल वेदर स्वीमिंग पूल, जिम्नास्टिक हॉल, फुटबाल स्टेडियम, सुभाष चंद्र बोस पार्क, योगशाला, बैडमिंटन हॉल, डोमेस्टिक एयरपोर्ट, 12 हजार स्ट्रीट लाइट एवं अन्य मंजूर करवाए जिनमें से कई पूरे हो चुके हैं जबकि कुछ पूरे होने वाले हैं।

श्री विज ने कहा पहले लोग अम्बाला से चंडीगढ़ घूमने जाते थे, मगर आज चंडीगढ़ से लोग अम्बाला छावनी सुभाष पार्क में घूमने आ रहे हैं। उन्होंने लगभग 140 से अधिक धर्मशालाएं बनाकर दी। सड़कों के टेंडर लगने शुरू हो गए हैं और जो टूटी सड़कें है वह जल्द नई बनेंगी।

## न्यूज फ्लैश

### अपराधों की रोकथाम के लिए नागरिकों और पुलिस के मध्य बेहतर तालमेल अनिवार्य

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, प्रबन्धक थाना व इन्चार्ज पुलिस पोस्ट थानाधिकार क्षेत्रों में अपराधों की रोकथाम हेतू आमजन व पुलिस के मध्य बेहतर तालमेल बनाकर समन्वय समिति के सदस्यों की गोष्ठी से करें विचारविमर्श: जशनदीप सिहँ रंधावा ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिला अम्बाला में अपराधों की रोकथाम/अपराधियों को पकड़ने, नशा तस्करों पर शिंकजा कसने, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने, नागरिकों की समस्याओं का निदान करने व बेहतर कानून एवम व्यवस्था बनाए रखने के लिए आमजन और पुलिस के मध्य बेहतर तालमेल अनिवार्य है। अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति की सूचना पुलिस को देकर सहयोग करें नागरिक। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबन्धक थाना व चैकी इन्चार्ज को निर्देश दिए है कि वह समय समय पर अपराधों की रोकथाम के लिए आमजन से समन्वय स्थापित कर पुलिस और जनता में बेहतर तालमेल बनाते हुए जिस भी क्षेत्र में अपराध अधिक मात्रा में घटित होते हैं ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर सुरक्षा एवम अपराधों की रोकथाम हेतू पुलिस को पूर्ण सहयोग करने बारे आमजन को प्रेरित करें और अपराधियों से सम्बन्धित जानकारी पुलिस और आमजन मिलकर सांझा करें जिससे अपराधों की रोकथाम कर जिला में सुरक्षित माहौल कायम किया जा सके। आमजन की पुलिस से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या का तुरन्त निदान करें जिससे पुलिस और आमजन के बीच मधुर तालमेल स्थापित हो सके और उन्हें किसी भी प्रकार की अपराधिक घटना का सामना ना करना पड़ें। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने कहा कि अम्बाला पुलिस हर समय आमजन की सेवा, सुरक्षा व सहयोग के लिए सदैव तत्पर है।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर शान्ति भंग करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर आम नागरिकों की शान्ति भंग करने के मामले में 02 जून 2023 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी अरूण उर्फ विक्की निवासी मॉल रोड अम्बाला छावनी को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर आम नागरिकों की शान्ति भंग करने के मामले में गिरफ्तार कर थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज किया।

### 33 बोतल अवैध शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अवैध शराब की तस्करी करने वालों के विरूद्ध अम्बाला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 02 जून 2023 को थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी रोहित उर्फ मेहता निवासी आशा सिहँ गार्डन बलदेव नगर अम्बाला शहर जिला अम्बाला को 100 पव्वे (25 बोतल) अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एक अन्य मामले में 02 जून 2023 को थाना मुलाना क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी रमन कुमार निवासी गाँव सुहाना थाना मुलाना जिला अम्बाला को (08 बोतल) अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर थाना मुलाना में मामला दर्ज कर किया गया।

# सोनीपत जोत महोत्सव 20 अगस्त को हरिद्वार में



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
महावीर दल पंजी सोनीपत के तत्वावधान में आयोजित वर्ष 2023 की जोत महोत्सव की प्रथम मीटिंग का आयोजन शिवा शिक्षा सदन स्कूल में किया गया। इस वर्ष सोनीपत जोत महोत्सव अपनी 43 वी जोत महोत्सव हरिद्वार दिनांक 20 अगस्त 2023 को मनाने जा रहा है।इस वर्ष अमित जैन सपुत्र राजकुमार जैन हनुमान जी का स्वरूप व राजीव सेठी सपुत्र सोहन लाल सेठी शिव जी का स्वरूप धारण करगे। इस अवसर पर महावीर दल पंजी सोनीपत ने उजाला सिग्नस जे के हिन्दू अस्पताल के साथ मिलकर मैम्बरो के लिए हैल्थ कार्ड डा सुरेश कालडा ने जारी किया। इस मोके पर महावीर दल पंजी सोनीपत के संयोजक श्री सोहन लाल बत्रा, परधान राजकुमार मदान, महासचिव बी आर आहूजा, रमेश बजाज, बलजीत शर्मा, राजकुमार पाँचाल एडवोकेट, रोहित आहूजा, शशि करन नाशा, जवाहर चांदना, के साथ लगभग 70 मैम्बर उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा मासिक हवन यज्ञ का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
भगवान परशुराम सेवा समिति रजि (1069) अम्बाला कैन्ट का मासिक हवन यज्ञ जून महीने के पहले रविवार 4 जून को भगवान परशुराम मंदिर नग्गल करधान में समिति के पुरोहित पंडित दीपलाल जयपुरी द्वारा विधि विधान से करवाया गया हवन में यजमान समिति के खजांची शशिकांत पराशर ओर उनकी धर्मपत्नी सुनीता पराशर जी थे। हवन के बाद समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया कि समिति अब हवन हर महीने भगवान परशुराम मंदिर में किया करेगी ओर समिति के सदस्यों के जन्मदिन ओर शादी कज सालगिरह के प्रोग्राम परशुराम मंदिर में करेगे। समिति के महासचिव सुरिंदर राजू शर्मा ने बताया कि जल्दी ही भगवान परशुराम मंदिर में मूर्तियों की स्थापना की जाएगी जिसमें अम्बाला की सभी धार्मिक, सामाजिक सभाओ ओर संस्थाओं को



निमंत्रण दिया जाएगा इस मंदिर में परशुराम जी,गणेश जी हनुमान जी,राधकृष्ण, राम दरवार ओर शिवलिंग की स्थापना की जाएगी। सुरिंदर राजू ने बताया कि नग्गल करधान में मंदिर बनने से आस पास के गाँव मे लोगों में पूरा जन समर्थन मिल रहा है उनोने कहा कि भगवान परशुराम मंदिर में भगवान परशुराम जी का लगभग 50 फुट लंबा फरसा बनाया जाएगा। सुरिंदर राजू शर्मा ने कहा कि समिति ने 80जी ओर 12ए में भी रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। प्रधान अतुल शर्मा ने कहा कि समिति जल्दी ही एक धर्मशाला निर्माण के लिए भी जगह लेकर लोगो के सहयोग से बनाएगी । इस हवन यज्ञ में अतुल शर्मा, सुरिंदर राजू शर्मा,नीतीश शर्मा, शशिकांत पराशर,सुनीता पराशर,राजीव शर्मा, कृष्ण शर्मा, नंदू भाई, सुरेश कौशिक,राजेश गोल्डी,हितेश भारद्वाज, संदीप शर्मा, सतीश शर्मा, ममता शर्मा, रश्मि शर्मा,सुषमा शर्मा, सुरभि शर्मा, सुमन शर्मा,बलदेव राज,नरेश मोदगिल,गौरव शर्मा,अंशुल शर्मा,ओर अन्य सदस्य माजूद रहे।

# मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** थाना शहजादपुर में दर्ज मारपीट व दुर्व्यवहार के मामले में 02 जून 2023 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी जगदीश चन्द, चरणजीत सिहँ, हरिदास निवासी बाल्मीकि बस्ती शहजादपुर जिला अम्बाला व आरोपी महिला को शामिल जाँच कर न्यायिक प्रक्रियानुसार कार्यवाही की। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता सुरिन्द्र कुमार निवासी बाल्मीकि बस्ती शहजादपुर ने 10 अप्रैल 2023 को थाना शहजादपुर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 05 अप्रैल 2023 को आरोपी जगदीश चन्द, चरणजीत सिहँ, हरिदास निवासी बाल्मीकि बस्ती शहजादपुर जिला अम्बाला व आरोपी महिला ने उसके घर में घुस कर उससे व उसके परिवार के सदस्यों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए दुर्व्यवहार करने का अपराधिक कार्य किया है।

# 'कबीरदास ने दिया सामाजिक सद्भाव का सन्देश'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
नगर निगम महापौर निखिल मदान ने रविवार को संत शिरोमणि, महान कवि कबीरदास जी की जयंती के अवसर पर वॉर्ड नं 2 धानकान बस्ती के राम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने कबीरदास जी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और सभी लोगों को कबीर जयंती की शुभकामनायें दी।



कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने मेयर निखिल मदान का फूल मालाओं और ढ़ोल नगाड़ों से भव्य स्वागत किया।अपने सम्भोदन में निखिल मदान ने कहा कि संत कबीरदास जी ने ऊंच नीच,छुआ छूत,भेदभाव जैसी अनेकों कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आपसी भाईचारे और समानता का संदेश दिया। संत कबीरदास ने अपनी कविताओं और दोहों से पूरे समाज को ये सीख दी कि कोई भी इंसान अपने कर्मों से महान बनता है नाकि अपने जन्म से, उन्होंने सभी लोगों से सदैव इंसानियत और भलाई के रास्ते पर चलने का आान किया। संत कबीरदास जी के मानवता,समानता और समरसता के सन्देश आज भी प्रासंगिक है। संत शिरोमणि कबीर दास जी ने अपनी काव्य-कला और शिक्षा प्रद रचनाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं भेदभाव के विरुद्ध जन-जागृति पैदा की। भक्ति आंदोलन के प्रवर्तक, संत शिरोमणि कबीर दास जी की जयंती पर वो उनको नमन करते हैं साथ ही समस्त देशवासियों को शुभकामनायें देते है। मेयर निखिल मदान ने इसके उपरांत कांग्रेस पार्टी द्वारा रोहतक में आयोजित प्रदेश स्तरीय कबीर जयंती समारोह में भाग लिया और सभी लोगों को शुभकामनाएं दी।मेयर निखिल मदान ने धानक कबीर समाज जागृति मंच द्वारा शहर के गीता विद्या मंदिर में आयोजित कबीर जयंती समारोह में भी बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और कबीरदास जी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इसके बाद मंच की पूरी कार्यकारिणी ने मेयर निखिल मदान को कबीर दास जी की तस्वीर और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

# 'कमजोर पासवर्ड रखना साईबर अपराध को निमन्त्रण देना'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि साईबर अपराधी द्वारा किसी व्यक्ति को झांसा देते हुए पैसे प्राप्त करने के लिए अलग-अलग तरह के प्रलोभन दिए जाते हैं। ऐसे में हम जागरूक रहकर ही किसी भी प्रकार की ठगी से बच सकते है। अपने नैट बैंकिंग, ई-मेल, फेसबुक, इन्सटाग्राम इत्यादि एकाउंट पर सुरक्षित पासवर्ड लगाएँ ताकि हैक्कर आपके खाते पर अटैक करता है तो वह असफल हो जाए। जन्मतिथि, अपने परिवार के सदस्य का नाम इसके अलावा पासवर्ड बनाते समय की-बोर्ड पर एक पंक्ति एक अक्षरों का इस्तेमाल ना करें। अपने बैंक खाते, ई-मेल तथा सोशल मीडिया एकांउट पर सुरक्षित पासवर्ड बनाएँ



ताकि आपका एकाउंट सुरक्षित रहे। कभी भी सभी एकाउंट का एक पासवर्ड ना रखें। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बतलाया कि मल्टीफैक्टर ओथेंटिकेशन का प्रयोग करें। किसी भी प्रकार की एप्प को सतर्कता के साथ इस्तेमाल करें। सर्विस डिलवरी टोल फ्री नम्बर गुग्गल पर सर्च करते समय नम्बर आफिशयल वैब साईटस से ही लें। अपने इन्टरनैट मीडिया एकाउंट व बैंकिंग एप्पस को सुरक्षित लॉक करके रखें।

# विधायक पंवार ने कॉलोनी वासियों की सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
विधायक सुरेंद्र पंवार ने वार्ड नंबर-16 स्थित वेस्ट रामनगर की गली नंबर-3 में पहुंचकर कॉलोनी वासियों की समस्याएं सुनी। कॉलोनीवासियों ने बताया कि कई दिनों से उनकी गली में पेयजल संकट गहराया हुआ है, जिसकी वजह से उनका जीना दूभर हो गया है। विधायक सुरेंद्र पवार ने मौके पर ही नगर निगम अधिकारियों को फोन कर समस्या का स्थाई समाधान करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही पानी की आपूर्ति गली में पुनः शुरू करवाई गई। कॉलोनीवासियों ने विधायक सुरेंद्र पंवार को बताया उनकी गली में पिछले 3 दिनों से



पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही। जिसकी वजह से बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया गया है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होता। मौके पर पहुंचे पेयजल आपूर्ति विभाग के सुपरवाइजर ने बताया कि इस गली में घर अंतिम छोर पर होने की वजह से पेयजल की आपूर्ति बाधित रहती है। विधायक सुरेंद्र पवार ने मौके पर ही नगर निगम कार्यरकारी अभियंता को फोन कर पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्या का स्थाई समाधान करने का निर्देश दिया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि बेशक गली में नई पाइपलाइन बिछानी पड़े, परन्तु समस्या का स्थाई समाधान हो। गर्मी के मौके पर पेयजल भी नहीं मिलेगा तो मनुष्य जीवित कैसे रहेगा उन्होंने कहा कि 1 सप्ताह बाद वह दोबारा गली में पहुंचकर पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जांच करेंगे। उन्होंने बताया कि शहर में पेयजल की पूर्ण मात्रा में। पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए नए वाटर बूस्टिंग स्टेशन शुरू किये गए है, सिचाई विभाग से भी पेयजल लेकर शहर में पेयजल आपूर्ति को बढ़वाने के लिए प्रयासरत है।

# आदेश की ओर से साहा में निशुल्क हेल्थ कैम्प आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
आदेश अस्पताल एवं मैडिकल कॉलेज की तरफ से निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन साहा की सैनी धर्मशाला में किया गया। मेगा कैंप की शुरूआत एमडी डा. गुणतास गिल ने की। शिविर में आदेश अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों, नर्सों व अन्य स्टॉफ की टीम ने कैंप में पहुंचे आथोर्पेडिक्स, कान, नाक, गला, जनरल मेडिसन, आंख रोगों, बच्चा रोग, स्त्री रोग, दांतों के रोग, त्वचा के रोग व हृदय



रोगियों सहित 538 रोगियों की जांच की और दवाईयां भी निःशुल्क वितरित की। मेगा हेल्थ कैंप में सुबह 9 बजे से ही बड़ी संख्या में रोगियों का आना शुरू हो गया और देर तक रोगियों के जांच की प्रक्रिया चलती रही। चिकित्सकों ने रोगियों को समझाया कि बीपी व शुगर जैसे रोगों की अनदेखी न करें क्योंकि इन बीमारियों का शुरूआती दौर से उपचार जरूरी है।

# नाबालिग के शरीर से बाहर आ गईं थीं आंतें..

## दिल्ली मर्डर की पोस्ट मॉर्टम रिपोर्टः रिपोर्ट में कहा गया है कि चाकू के वार से कुछ बॉडी पार्ट्स भी बाहर लटक गए थे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** शाहबाद डेयरी इलाके में 28 मई को 16 साल की लड़की की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चाकू के वार से मृतका की आंते बाहर निकल आईं थी। इसका अलावा कुछ बॉडी पार्ट्स भी बाहर लटक गए थे। उसके सिर में भी चाकू घोपा गया था। पुलिस ने इस हत्या के आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को अस्पताल से 17 पन्नों की चार्जशीट मिली है।

**मृतका के शरीर पर चाकू के 16 घावः** रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि आरोपी नाबालिग लड़की पर कई बार चाकुओं से वार किए। यहां तक कि उसने पीड़िता के सिर में भी चाकू घोंप दिया और फिर सिर को पत्थर से कुचला। पीड़िता के शरीर पर चोट के कई निशान मिले हैं। उसके सिर की हड्डियों में दरारें और चोटें पाई गई हैं। सूत्रों ने कहा है कि पीड़िता के शरीर पर चाकुओं के 16 घावों में से सबसे ज्यादा घाव कंधे और कमर के हिस्से में मौजूद हैं। साथ ही, उसके शरीर में कई हड्डियां टूटी मिलीं। ये दर्शाता है कि उसकी हत्या किस क्रूरता के साथ की गई। डॉक्टरों के मुताबिक शरीर पर गहरे जख्मों के कई निशान हैं। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि चाकू और पत्थर मारने के बाद साहिल वहां से चला गया, कुछ सेकेंड बाद लौटा और सड़क पर पड़ी लड़की पर फिर पत्थर से हमला किया।

**चाकू और जूते बरामदः** पुलिस ने 1 मई को मर्डर वेपन चाकू के साथ-साथ जूते बरामद किए हैं। इन्हें जांच के लिए फॉरेंसिंक लैब में भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि 28 मई को नई दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में 20 साल के साहिल नाम के व्यक्ति ने नाबालिग की कई बार चाकुओं से वार करके हत्या कर दी और सिर को पत्थर से कुचल दिया था।घटना के बाद आरोपी को पुलिस ने यूपी के बुलंदशहर से गिरफ्तार किया था। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ था जिसमें साहिल को कथित तौर पर लड़की पर चाकू से कई बार वार करते हुए दिखाया गया है। जब वह जमीन पर गिर गई तब भी उसने चाकू मारना जारी रखा। साहिल ने उसे लात भी मारी और फिर पास में पड़े एक बड़े से पत्थर को उठाया और उसके सिर पर दे मारा। फुटेज में ये भी दिखाया गया कि लोग घटना को देखने के बाद भी कुछ नहीं कर रहे हैं।




## दो टीचर ने किया था मां-बेटी का मर्डर, गिरफ्तार

**कृष्णा** नगर इलाके में आकाशवाणी से सेवानिवृत्त महिला राजरानी और उनकी बेटी गिन्नी का गला रेतकर हत्या करने वाले ट्यूटर को शाहदरा जिले के स्पेशल स्टाफ ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथी अंकित सिंह राजपूत को दो दिन पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। लूटपाट के लिए वारदात को अंजाम दिया था। बता दें कि 31 मई को कृष्णा नगर इलाके में संदिग्ध हालात में मां-बेटी का शव मिला था। पुलिस ने उसी



समय हत्या की आशंका जताई थी। मनोज जैन नाम के शख्स ने आज शाम छह बजे पुलिस को फोन करके सूचना दी कि उनकी बिल्डिंग के प्रथम तल के फ्लैट्स से बहुत दुर्गंध आ रही है। पुलिस मौके पर पहुंची तो दरवाजा बंद था, जिसके बाद पुलिस पड़ोसी की बालकनी से महिला के फ्लैट की बालकनी में गई और खिड़की तोड़कर अंदर गई। मां व बेटी के शव पड़े हुए थे। कई वर्ष पहले राजरानी का पति से तलाक हो चुका है। वह बेटी के साथ अकेले रहती थी। बेटी किसी कंपनी में नौकरी करती थी, पिछले काफी समय से वर्क फ्रॉम होम में काम कर रही थी।





दिल्ली में यमुना नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए एक पहल के तहत बड़ी संख्या में लोग यमुना के किनारे मानव श्रृंखला बनाने के लिए इकट्ठा हुआ।

## दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली और एनसीआर के कई हिस्सों में आज रविवार सुबह से तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। बारिश से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को बारिश के साथ आंशिक बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इसके बाद आकाश साफ होने के कारण अगले सप्ताह गर्मी बढ़ने से तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

# सिसोदिया को दिल्ली हाईकोर्ट से मिलेगी राहत?

## अंतरिम जमानत पर 5 जून को आएगा फैसला



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट सोमवार को पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की पत्नी के स्वास्थ्य के आधार पर उनकी अंतरिम जमानत याचिका पर फैसला सुनाएगा। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने सुनवाई के दौरान दलीलों पर गौर करने के बाद एलएनजेपी अस्पताल में सिसोदिया की पत्नी की ताजा मेडिकल रिपोर्ट मांगते हुए अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया।

**शनिवार को पत्नी से नहीं मिल सके सिसोदियाः**
कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को तीन जून को पुलिस हिरासत में अपनी बीमार पत्नी से नियमानुसार सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक मिलने की अनुमति दी थी। शनिवार को सिसोदिया को उनके घर पर लाया गया था। हालांकि, वह अपनी पत्नी से मुलाकात नहीं कर सके। तबियत बिगड़ने के बाद सिसोदिया की पत्नी को एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**6 सप्ताह की सिसोदिया ने मांगी अंतरिम जमानतः** बता दें कि मनीष सिसोदिया ने हाल ही में अपनी पत्नी की बीमारी का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत ली और छह सप्ताह की जमानत मांगी।

### आएगा फैसला

**= तबियत बिगड़ने के बाद सिसोदिया की पत्नी को एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया था**

सिसोदिया की ओर से पेश हुए वकील मोहित माथुर बताया कि मनीष सिसोदिया अपनी पत्नी की एकमात्र देखभाल करने वाले हैं, क्योंकि उनका इकलौता बेटा विदेश में पढ़ रहा है। कोर्ट ने शुक्रवार को मनीष सिसोदिया को हिरासत में अपनी पत्नी से मिलने की अनुमति देते हुए कहा, "मनीष सिसोदिया मीडिया से बातचीत नहीं करेंगे, मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करेंगे या इंटरनेट का उपयोग नहीं करेंगे।" ईडी की ओर से पेश वकील जोहैब हुसैन ने शनिवार को सिसोदिया की पत्नी के मेडिकल के मुद्दे के संबंध में एक रिपोर्ट पेश की। साथ ही सिसोदिया की अंतरिम जमानत का विरोध किया। ईडी के वकील ने बताया कि पहले की प्रिस्क्रिप्शन रिपोर्ट और वर्तमान प्रिस्क्रिप्शन रिपोर्ट समान है। उनकी सेहत में कोई बदलान नहीं आया है। कोर्ट ने निर्देश दिया था कि मेडिकल रिपोर्ट का सत्यापन किया जाए।

## सोनिया विहार में शख्स की पीट-पीटकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नई दिल्ली, एएनआई। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार में 32 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है। वह दिल्ली के सुदर्शन पार्क इलाके में रहता था।

पुलिस ने बताया कि उन्हें घटना के बारे में जानकारी तब मिली, जब मृतक को लोक नायक अस्पताल में लाया गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार, हमें सूचना मिली कि सुदर्शन पार्क मोती नगर के रहने वाले अनिल कुमार को एलएनजेपी अस्पताल मृत अवस्था में लाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि मृतक की दाहिनी आंख के नीचे कट लगा था और पूरे शरीर पर चोट के निशान थे। आगे की जांच में पता चला कि अनिल कुमार नशामुक्ति केंद्र में एक मरीज था और घटना तब हुई जब पीड़ित का केंद्र में एक शख्स के साथ तीखी बहस हुई। एक अधिकारी ने कहा, "रात करीब 10 बजे अनिल कुमार ने अभिनय (मरीज) को डंडे से पीटना शुरू कर दिया। यह देखकर अन्य कैदी आग बबूला हो गए और उन्होंने अनिल पर लाठी और घूसों से हमला कर दिया।

### हमला किया

**= पुलिस ने बताया कि उन्हें घटना के बारे में जानकारी तब मिली, जब मृतक को लोक नायक अस्पताल में लाया गया**

## रोजाना जब्त किए जा रहे 100 से ज्यादा पुराने वाहन

### कार्यवाही

**= पिछली 28 मई से चल रहे इस अभियान में प्रतिदिन 100 से अधिक वाहन जब्त किए जा रहे हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार ने उम्र पूरी कर चुके जिन वाहनों को उठाने पर प्रतिबंध लगाया था, पिछली 28 मई से यह कार्रवाई अब फिर से शुरू हो गई है, बल्कि कार्रवाई अब अभियान बन गई है। पिछली 28 मई से चल रहे इस अभियान में प्रतिदिन 100 से अधिक वाहन जब्त किए जा रहे हैं। पहले जो अभियान 10 टीमों के साथ चह रहा था, इस अभियान में पहले की जगह 18 टीमें लगाई गई हैं। एक की जगह प्रतिदिन दो जिलों में अभियान चल रहा है। दिल्ली सरकार के विरोध के बाद भी विभाग ने केंद्रीय वायु गुणवता प्रबंधन आयोग के निर्देश पर अभियान शुरू किया है।

**दूसरे राज्यों में स्क्रैप करा लें वाहनः** विभाग ने लोगों से अपील की है कि अपने वाहन दूसरे राज्यों में पंजीकृत करा लें या स्क्रैप करा लें। परिवहन विभाग द्वारा गत 26 मार्च को जारी की गई सूची के अनुसार अब तक दिल्ली में करीब 55 लाख वाहन डी-रजिस्टर हुए हैं। मगर विभाग के पास यह जानकारी नही है कि उम्र पूरी कर चुके अभी दिल्ली में कितने वाहन मौजूद हैं।

**28 मई से चल रहा अभियानः** विभाग इसके लिए सर्वे भी कराने जा रहा है। मगर इसी बीच केंद्रीय वायु गुणवता प्रबंधन आयोग के निर्देश पर विभाग ने 28 मई से उम्र पूरी कर चुके वाहनों को उठाने का अभियान शुरू कर दिया है। इससे पहले 29 मार्च को विभाग ने उम्र पूरी कर चुके वाहनों को उठाने का अभियान शुरू किया था। उस दौरान 2500 से वाहन जब्त किए गए थे। दिल्ली सरकार के निर्देश पर यह अभियान गत तीन मई को बंद कर दिया गया था। दरअसल दिल्ली सरकार के पास इस अभियान को लेकर शिकायतें आ रही थीं।

## जहांगीरपुरी में भीषण आग से 100 से ज्यादा झुग्गियां जलकर खाक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके में के-ब्लॉक स्थित झुग्गियों में रविवार सुबह करीब 10 बजे अचानक आग लग गई। आग में 100 से ज्यादा झुग्गियां खाक हो गईं। सूचना पर आग पर काबू पाने के लिए मौके पर दो दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियां पहुंची हैं। आग के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। लोग आनन-फानन में झुग्गियों से अपना सामान निकालने में लगे रहे। जानकारी के मुताबिक, अभी किसी के जख्मी होने की सूचना नहीं है।



लोगों का कहना है कि अभी कुछ बच्चे नहीं मिल पा रहे हैं। उधर, रविवार तड़के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के एक छात्रावास के कमरे में आग लग गई। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार, आग लगने की सूचना सुबह करीब 6:09 बजे मिली, जिसके बाद दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग एसी, फर्नीचर और कपड़ों में लगी थी। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### काबू पाया

**= सूचना पर आग पर काबू पाने के लिए मौके पर दो दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियां पहुंची हैं**

## दिल्ली मेट्रो के लोहे के पाइप चोरी करते हुए पकड़ा गया शख्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पुलिस ने 33 वर्षीय** एक व्यक्ति को कथित तौर पर दिल्ली मेट्रो के लोहे के पाइप को चोरी करते हुए पकड़ा है। दिल्ली पुलिस से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को सुबह करीब 10 बजकर 43 मिनट पर एक पीसीआर कॉल आई।

**चोरी के सामान के साथ पकड़े गएः** बताया गया कि दक्षिण दिल्ली में एमबी रोड के आरपीएस कॉलोनी के पास महरौली-बदरपुर रोड पर मेट्रो के चोरी हुए सामान (लोहे के पाइप) के साथ दो लोगों को पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस मौके पर पहुंची और तिगरी एक्सटेंशन निवासी नीरज (33) को मेट्रो के एक सुरक्षा प्रबंधक ने पकड़ा।

**एक अन्य आरोपित फरारः** उन्होंने कहा कि पुलिस के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले एक अन्य व्यक्ति भाग गया था। अधिकारी ने कहा कि दोनों आरोपित पाइप चुरा रहे थे और उन्हें एक ऑटो रिक्शा में लोड कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 379 (चोरी के लिए सजा) और 34 (सामान्य इरादे) के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

## नौकरशाहों के बीच बढ़ रहा विवाद, आईएएस ने सतर्कता सचिव के खिलाफ प्रताड़ना की दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अभी तक** दिल्ली में सरकार और नौकरशाहों के बीच देखना को मिला। अब खुद नौकरशाही के बीच एक विवाद सामने आया है। पत्नी के साथ-साथ आईएएस उदित प्रकाश राय ने भी दिल्ली सरकार के सतर्कता विभाग के विशेष सचिव वाई वीवीजे राजशेखर के खिलाफ प्रताड़ित करने की शिकायत दी है। मुख्य सचिव को भेजी गई शिकायत में कहा गया है कि जांच मामले में नोटिस मिलने के बाद मिजोरम से अवकाश लेकर सतर्कता विभाग के सामने पेश होने के लिए



दिल्ली आए, इसके बारे में भी पहले ही राजशेखर को सूचित किया था, मगर राजशेखर अपने ऑफिस से कहीं निकल गए। पत्र में उन्होंने कहा है कि जांच के नाम पर मुझे और मेरे परिवार को परेशान किया जा रहा। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, एलजी, केंद्रीय गृह मंत्री आदि को भेजी है। इससे पहले दिल्ली सरकार और अफसरों के बीच विवाद देखने को मिला था। दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने सतर्कता सचिव राजशेखर से उनका सारा काम ले लिया गया है। राजशेखर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे।

### आरोप

**= पत्र में उन्होंने कहा है कि जांच के नाम पर मुझे और मेरे परिवार को परेशान किया जा रहा**

## यमुना के किनारे बनी 22 किमी की मानव श्रृंखला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** यमुना नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए एक पहल के तहत बड़ी संख्या में लोग यमुना के किनारे मानव श्रृंखला बनाने के लिए इकट्ठा हुआ। यमुना संसद पहल के अंतर्गत, लोगों ने दिल्ली के कई इलाकों जैसे-आईटीओ, वजीराबाद, कालिंदीकुंज, गीता कालोनी और ओल्ड उस्मानपुर में ह्यूमन चेन बनाई। लोगों ने नदी में गिरने वाले सिवेज और औद्योगिक कचरे से निजात दिलाने की मांग की। सामाजिक, सांस्कृति और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी अभियान में हिस्सा लिया। भाजपा के पूर्व संगठन सचिव गोविंदाचार्य, दिल्ली आप के संयोजक और अरविंद केजरीवाल सरकार के मंत्री गोपाल राय और दिल्ली भाजपा के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा सहित कई राजनेताओं ने भी अभियान में भाग लिया। हाथों में हाथ लेकर यमुना की निर्मलता को वापस लाने का पवित्र संकल्प दोहराया गया...सभी ने ये संकल्प लिया कि दिल्ली में यमुना नदी जीवनदायिनी रही है इसलिए नदी का अस्तित्व बचाए रखना बेहद जरूरी है। यमुना चिंतकों ने विशेष तौर पर नदी में जल की अविरलता बरकरार रखने तथा नदी में गिरते नालों का जल शोधित कर डालने की मांग की।

# कैंसर की नैनो मेडिसिन घटाएगी शरीर में साइड इफेक्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जल्द ही कैं**सर के उपचार में दवाओं से होने वाले साइड इफेक्ट और रिकवरी के बाद फिर से कैंसर होने की आशंका लगभग खत्म हो जाएगी। कैंसर के इलाज के लिए तैयार हो रही नैनो मेडिसन सीधे प्रभावित जगहों पर असर करेगी। साथ ही, मरीज को कैंसर की सामान्य दवा के मुकाबले एक तिहाई ही दवा लेनी होगी। अभी मौजूद कैंसर की ओरल दवाएं ब्लड या कोशिकाओं के साथ कैंसर प्रभावित जगहों पर असर करती हैं, जिनका असर शरीर में अन्य जगहों पर भी पड़ता है। कैंसर की रोकथाम व इलाज को प्रभावी बनाने के लिए कोच्चि स्थित अमृता आयुर्विज्ञान संस्थान का स्कूल ऑफ नैनोसाइंसेज एंड मॉलिक्यूलर मेडिसिन विभाग आईसीएमआर के साथ मिलकर नैनो मेडिसन तैयार कर रहा है। दवा वर्ष 2026 तक तैयार हो जाएगी। इस दवा को सर्जरी व इंजेक्शन के माध्यम से कैंसर प्रभावित जगहों पर दिया जाएगा। फिलहाल, ब्रेन ट्यूमर और लिवर कैंसर के लिए तैयार हो रही दवा टेबलेट व लिक्विड फॉर्म में है। यदि ब्रेन में ट्यूमर 2 एमएम से छोटा है तो सर्जरी करके टेबलेट उक्त जगह पर लगाई जाएगी जो करीब एक माह तक दिमाग में रहकर कैंसर के सभी सेल को मार देगी और दवा अपने आप ही खत्म हो जाएगी। वहीं, ब्रेन में ट्यूमर 6 एमएम से ज्यादा है तो इंजेक्शन के माध्यम से लिक्विड फॉर्म में दवा



को इंजेक्ट किया जाएगा, जो ट्यूमर सेल को धीरे-धीरे खत्म कर देगा। वहीं, लिवर में भी इसी विधि से दवा दी जाएगी।

**दवा सीधे प्रभावित जगह पर असर करेगीः** नैनो तकनीक के माध्यम से कैंसर प्रभावित जगहों पर सीधे दवाएं देने से कैंसर की हैवी मेडिसन का साइड इफेक्ट घटेगा। अभी जो दवाएं दी जाती हैं वह ब्लड व अन्य कोशिकाओं के साथ मिलकर प्रभावित जगहों पर असर करती हैं। इसमें दवाओं का असर उन जगहों पर भी जाता है जहां पर कैंसर नहीं है। इससे मरीज को नुकसान होता है। नई तकनीक में दवा सीधे प्रभावित जगह पर असर करेगी, जिससे कैंसर की दवाई का निगेटिव असर घटेगा।

**जानवरों पर हो चुका है परीक्षणः** कैंसर की रोकथाम के लिए तैयार किए जा रही इस दवा का परीक्षण जानवरों पर हो चुका है। चरणबद्ध तरीके से इस दवा का परीक्षण चूहे, खरगोश, सुअर सहित अन्य छोटे-बड़े जानवरों पर किया जा चुका है। अभी तक का ट्रायल सफल रहा है। सभी जानवरों पर इसके परिणाम बेहतर आए हैं। ट्रायल के लिए इस्तेमाल किए गए यह सभी जानवर अमृता अस्पताल की लैब में ही रखे हुए हैं। इन जानवरों पर करीब एक साल तक परीक्षण किया गया। परीक्षण के बाद डेटाबेस के आधार तैयार रिपोर्ट से मनुष्य पर ट्रायल की मंजूरी मिली है।

दवा से भविष्य में होने वाले कैंसर की आशंका खत्म होगीः नैनो तकनीक से तैयार हो रही मेडिसन के बारे में अमृता स्कूल ऑफ नैनोसाइंसेस एंड मॉलिक्यूलर मेडिसिन, कोच्चि के प्रोफेसर डॉ. मंजूर ने बताया कि नैनो तकनीक से तैयार होने वाली यह दवा कैंसर के मरीजों को काफी राहत देगी।

### परीक्षण

**= भी मौजूद कैंसर की ओरल दवाएं ब्लड या कोशिकाओं के साथ कैंसर प्रभावित जगहों पर असर करती हैं**

## न्यूज फ्लैश

### हाईवे पर बस ने पिकअप में मारी टक्कर, दर्जनभर घायल

**मथुरा।** हरियाणा से कोकिलावन दर्शन के लिए श्रद्धालुओं से भरी पिकअप में रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए। जिन्हें उपचार दिलाया गया है। पीडित चालक ने रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। घटनाक्रम के अनुसार राहुल पुत्र नाथीराम निवासी खटेसरा, पलवल, जिला हरियाणा अपनी पिकअप से कोकिलावन दर्शनों के लिए जा रहा था। उसमें उसके साथ उसके परिजन एवं रिश्तेदार भी बैठे हुए थे। कोटवन पुलिस चैकी के समीप रोडवेज बस ने पिकअप पिकअप में टक्कर मार दी।दुर्घटना में कर्मवीर, भूपसिंह, मोहन पुत्रगण गिर्राज, इंदरा पत्नी कर्मवीर, प्रीति पत्नी भूपसिंह, ज्ञानवती पत्नी दन्दीर, वंश पुत्र भूपसिंह, पलक पुत्री दन्दीर निवासीगण गांव अलावलपुर, जिला पलवल घायल हो गए। लोगों ने उन्हें निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया । मामले में राहुल ने रोडवेज बस के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### जल यात्रा में स्नान करने के बाद भगवान जगन्नाथ हुए अस्वस्थ

**मथुरा।** वृंदावन की परिक्रमा मार्ग स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में ठाकुर जी को ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए रविवार को एकादश फल और 108 घड़ों के जल से स्नान कराया गया। मंदिर सेवायत स्वामी ज्ञानप्रकाश महाराज ने बताया कि ज्येष्ठ माह की भीषण तपिश झेलने के कारण भगवान को ठंडक प्रदान करने के लिए ज्येष्ठ पूर्णिमा को जल यात्रा सेवा का आयोजन होता है। इसमें विधि विधान से भगवान जगन्नाथ को सहस्र धारा स्नान कराया जाता है। जिससे प्रभु को गर्मी से राहत मिल सके। मान्यता है, कि स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ को बुखार चढ़ जाता है और ठाकुर जी अस्वस्थ हो जाते हैं। ज्ञानप्रकाश महाराज ने बताया कि भगवान को स्वस्थ करने के लिए परंपरा के अनुसार उनका जड़ी-बूटी, औषधि और गर्म पदार्थों का ही भोग लगाया जाता है। जिससे प्रभु का उपचार हो सके। तब कहीं जाकर भगवान 15 दिन पश्चात भक्तों को दर्शन देते हैं। स्वस्थ होकर ठाकुर जी रथ पर सवार होकर अपने भक्तों के बीच जाकर भक्तों को दर्शन देते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि रथयात्रा महोत्सव इस बार 20 जुलाई को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसमें भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे। वही इस नगर भ्रमण कार्यक्रम में काफी दूर से श्रद्धालु उपस्थित होते हैं। साथ ही पूरे नगर में जगह-जगह पर रथ यात्रा का स्वागत किया जाता है और साथ ही प्रसाद स्वरूपी खानपान की वस्तुएं भक्तों को वितरित की जाती है।

### हत्या के प्रयास में वांछित दो दबोचे

**मथुरा।** हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को अवैध असलहा व कारतूस के साथ थाना हाईवे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे उमेश चन्द्र त्रिपाठी के मुताबिक निरंजन पुत्र हरी सिंह निवासी महोली थाना हाईवे तथा रवि ठाकुर पुत्र राधेश्याम निवासी गोपालनगर थाना हाईवे को गिरफ्तार किया गया है। रात्रि में चैकिंग के दौरान थाना हाईवे से हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित चल रहे दोनों अभियुक्तों को सलेमपुर रोड कान्हा माखन स्कूल के पास गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से दो अवैध देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

### महिला से पर्स लूटने के दो आरोपी पकड़े

**मथुरा।** थाना वृन्दावन पुलिस ने महिला से पर्स लूटने की घटना में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। तीन जून को रेखा पत्नी मोहन धमेजा निवासी गोल मार्केट जयत सिंगरौली सीधी मध्य प्रदेश हाल निवासी यमुना पैलेस सुनरख रोड वृन्दावन मथुरा ने तीन अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनका पर्स छीन लेने के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया था। प्रभारी निरीक्षक थाना वृन्दावन विजय कुमार सिंह के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना का खुलासा करते हुए अभियुक्त अजय पुत्र शिवनाथ पाल निवासी ग्राम पुरिया परास घाटमपुर थाना सजैती कानपुर नगर तथा राजू पुत्र रमेश निवासी इकरार थाना शेरगढ़ जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया गया। लूटा हुआ एक लेडीज पर्स जिसमें 800 रुपये व एक आधार कार्ड बरामद किये गये हैं।

### सपा की महानगर इकाई का हुआ गठन

**मथुरा।** जनपद में समाजवादी पार्टी संगठन को फिस से मजबूत करने और सुसंगठित करने का प्रयास कर रही है। निकाय चुनाव के बाद महानगर कमेटी का गठन पूरा किया गया है। महानगर अध्यक्ष ऋतु गोयल ने बताया कि उपर से अनुमोदन मिलने के बाद महानगर कमेटी अस्तित्व में आ गई है। महानगर कमेटी के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी मिल गई है। अब संगठन को मजबूत करने और पार्टी की रीति निति को जनता तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मथुरा महानगर कमेटी को गठित किए जाने की मिली मंजूरी के बाद महानगर अध्यक्ष ऋतु गोयल ने उपर भेज दी थी। उनके मुताबिक नई कार्यकारिणी को मंजूरी मिल गई है। कार्यकारिणी में ऋषि कांत अग्निहोत्री, बल्लभ भाई कुशवाहा, हाजी फारूख, नारायण दास यादव, भगवती चतुर्वेदी, अनिल वर्मा को उपाध्यक्ष बनाया है।

# एक बार दिया रक्त कई लोगों के चेहरे और जिंदगी में ला सकता है खुशी: देवेंद्र कादियान

## तीन जगहों पर लगे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 292 यूनिट ब्लड एकत्रित, युवाओं के साथ महिलाओं ने उत्साह से किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।** समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि रक्त जिंदगी का सबसे अनमोल रत्न है। एक बार दिया रक्त कई लोगों के चेहरे और जिंदगी में खुशी ला सकता है। रक्त किसी फैक्टरी में नहीं बनता इसलिए रक्तदान करके किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। ये बातें समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने ब्लड डोनेशन कैंप में रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कही। रविवार को अलग-अलग 3 जगहों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पहला रेलवे रोड पर स्थित फिटनेस



जिम में प्रांत अध्यक्ष प्रवीन गुप्ता की अध्यक्षता में महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में भाविप वीर सावरकर शाखा गन्नौर व फिटनेस जिम में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 102 यूनिट ब्लड और दूसरा पुगथला के दादा अभय सिंह देवता मंदिर परिसर में शहीद भगत सिंह खेल स्टेडियम व ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित दूसरा विशाल रक्तदान शिविर में बीपीएस खानपुर से सेहत कर्मियों ने करीब 70 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया। तीसरा अगवानपुर गांव के राजकीय स्कूल परिसर में फाउंडेशन एवं ग्राम पंचायत अगवानपुर ने संयुक्त रूप से ब्लड डोनेशन कैंप लगाया।

इसमें 120 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। दोनों जगहों पर मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की और रिबन काटकर कैंप का शुभारंभ किया। आयोजकों ने उनका बुके भेंट कर स्वागत किया। रक्तदान शिविरों में युवाओं के साथ महिला व लड़कियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया और उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस मौके पर प्रांत उपाध्यक्ष संस्कार प्रवीन सिंघल, मंजू भूटानी, मंजू शर्मा, मोनिका गुजराल, पूनम सिंघल, पिटर त्यागी, भारत भूषण भुटानी, मोहन शर्मा, अमरीश त्यागी, आशा सिंघल, शशिकांत शर्मा, भारतीय सेना के सूबेदार एलबी आनंदा, सरपंच मंजीत कुमार, पंच संदीप, रमेश कुमार, यशपाल बजाना, सारिका कालरा, कुलदीप, अमित मलिक, काउंसलर बिजेंद्र कुमार, वर्षा आदि मौजूद रही।

# सावधान: इन संस्थाओं में न लें दाखिला, किया गया है ब्लैक लिस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** जनपद के 58 आईटीआई को ब्लेक लिस्ट किया गया है। छात्र छात्राएं किसी झांसे में न आएं और इन आईटीआई में दाखिला न लें। यह कार्यवाही 22 करोड़ से अधिक के छात्रवृत्ति घोटाले में इन संस्थाओं के खिलाफ की गई है। जनपद की ब्लैक लिस्ट की गई संस्थाओं के खिलाफ एफआईआर पूर्व में ही दर्ज कराई जा चुकी है। निदेशालय समाज कल्याण विभाग की ओर से जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह को दो जनू को जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि काली सूची में दर्ज जनपद के 45 निजी तथा 13 अन्य शिक्षण संस्थाओं ब्लैक लिस्ट आर्डर प्राप्त कराये जाएं और निदेशक पवन कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इन 58 शिक्षण संस्थाओं को जारी ब्लैक लिस्ट आर्डर की छाया प्रति संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि इन शिक्षण संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट ऑर्डर की छाया प्रति प्राप्त कराते हुए प्राप्ति रसीद को प्रत्येक दिशा में आठ जून 2023 तक अनिवार्यत: उपलब्ध करान सुनिश्चित करें। जिन आईटीआई और अन्य संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट किया गया है उनमें राजवीर सिंह सिकरवार प्राइवेट आईटीआई सैंदपुर बल्देव, पंडित एनआर प्राइवेट आईटीआई अडूकी, गोपाल प्राइवेट आईटीआई छोरोरा, एचपीआरए प्राइवेट आईटीआई मडोरा बल्देव, एसआरएल प्राइवेट आईटीआई पंडवा मांट, एसजीएस प्राइवेट आईटीआई जाजम पट्टी, जेएस प्राइवेट आईटीआई आमेरपुर बल्देव, श्रीमती धर्मवती भेडजीत सिंह प्राइवेट आईटीआई बरौली बल्देव महावन, चंदनवन प्राइवेट आईटीआई भरतपुर, जी सिटी प्राइवेट आईटीआई नटवर नगर, केशव देव प्राइवेट आईटीआई लोरिहा पट्टी सौंख, रतन प्राइवेट आईटीआई महावन, श्री हरदम सिंह वैदिक प्राइवेट आईटीआई नूरपुर महावन, श्रीमती विमला देवी प्राइवेट आईटीआई भदर सौंख गोवर्धन, बाबा हरचंद सिंह प्राइवेट आईटीआई पवन कुंज, लोटस प्राइवेट आईटीआई कोसीखुर्द शामिल है।

# कांग्रेस का लगातार बढ रहा ग्राफ, बनेगी कांग्रेस की सरकार: अशोक अरोड़ा



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

हरियाणा के पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि देश व प्रदेश में लगातार कांग्रेस का ग्राफ बढता जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में जहां देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी वहीं प्रदेश में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी। वे सेक्टर 3 में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। यहां पहुंचने पर पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा को फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज देश की जनता महंगाई की मार से परेशान है। प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध नही है। रोजगार न मिलने के कारण युवा वर्ग कॉलेज में दाखिला लेने की बजाए विदेशों की ओर रूख कर रहे हैं। ऐसे में देश की युवा शक्ति विदेशों की ओर जाने को अग्रसर है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार युवाओं को रोजगार के कोई अवसर उपलब्ध करवाने में नाकाम साबित हुई है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश में बनाए गए नफरत के माहौल को दूर करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश में भारत जोड़ो यात्रा निकाली ताकि देश के लोगों को असलियत पता चल सके।

## पशु पैंठ में चेयरमैन ने पकडी कर चोरी, जारी की चेतावनी

**मथुरा।** आर्थिक तंगी से जूझ रही नगर पालिका कोसीकलां की हालत सुधारने को पालिकाध्यक्ष की नजर कमाई के स्त्रोतों पर है। पशु पैंठ पालिका की आय का मुख्य बिंदु है। जहां कर चोरी के चलते हालात चैपट हैं। रविवार को पालिकाध्यक्ष ने कर चोरी को रोकने के लिए मोर्चा संभाला और छापामार कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक वाहन कर चोरी कर जाते मिले। पालिका कर्मियों से लेकर वाहन स्वामियों तक को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसा हुआ तो पालिका सीधे मुकदमा दर्ज कराएगी। रविवार की दोपहर को पशु पैंठ के दौरान अचानक उस समय अफरातफरी मच गई जब चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने कर चोरी करते हुए पशुओं से लदे कई वाहन पकड लिए।

# विश्व साइकिल दिवस पर चलाई 100 किलोमीटर साइकिल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**विश्व साइकिल** दिवस पर युवा गौरव दहिया ने 100 किलोमीटर साइकिल चलाकर युवाओं को साइकिल चलाने के प्रति प्रेरित करने का प्रयास किया। इस अवसर पर डॉक्टर अनुराग अरोड़ा ने युवा को हेलमेट देकर उसका मनोबल बढ़ाते हुए साइकिल चलाने के लाभों के बारे में लोगो को जागरूक करते हुए कहा साइकिल चलाना परिवहन का एक स्वस्थ, टिकाऊ और किफायती रूप है। यह शारीरिक फिटनेस में सुधार, वायु प्रदूषण और यातायात की भीड़ को कम करने और सामाजिक समावेश को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। उन्होने ने कहा



पहले के समय में ज्यादातर लोग या तो पैदल चलते थे या साइकिल का इस्तेमाल किया करते थे. इसके कारण उनकी फिजिकल एक्टिविटी होती रहती थी और वे शारीरिक रूप से फिट रहते थे।

लेकिन जैसे-जैसे शहरीकरण बढ़ा, साइकिल का चलन भी काफी कम हो गया। आज के समय में ज्यादातर लोगों के पास बाइक, स्कूटर या कार होती है, थोड़ी सी दूरी तय करने के लिए भी लोग इन व्हीकल्स का इस्तेमाल करते है। व्हीकल के ज्यादा इस्तेमाल ने पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाया और लोगों की सेहत को भी।

# 'धार्मिक सामाजिक आयोजनों से समाज में बढ़ता है आपसी भाईचारा'

## जेष्ठ मास की पूर्णमासी को बहादुरगढ़ क्षेत्र में आयोजित विभिन्न गांवों के भंडार व धार्मिक सामाजिक आयोजनों में समाजसेवी राजेश जून ने की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**

ग्रामदेवता कुलदेवता और देवी माई हमारी भारतीय संस्कृति के वाहक हैं इनकी पूजा-अर्चना से गांव में सुख शांति और भाईचारा बढ़ता है आपसी एकता मजबूत होती है , एक दूसरे से मिलकर कुशल क्षेम जानने का अवसर भी मिलता है, उपरोक्त शब्द बहादुरगढ़ हल्के से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व आरजे अस्पताल के निदेशक समाजसेवी राजेश जून ने खेड़ी जसोर गांव में हर श्रंगी मां देवी माई मंदिर में आयोजित देसी घी के भंडारे में कहें।



गांव जसोर खेड़ी में सभी ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित माता श्रंगी देवी मंदिर के भंडारे में पहुंचे राजेश जून का ग्राम वासियों ने जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। राजेश जून ने ग्रामवासियों के साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया व देवी माता के मंदिर में माथा टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि व मंगल कामना की प्रार्थना की । लडरावन गांव में आयोजित भंडारे में पहुंचकर राजेश जून ने ग्राम वासियों से मुलाकात की , साथ ही बामनोली गांव में रस्म तेरहवीं में पहुंचकर दिवंगत आत्मा को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बामडोली रंढाला गढी भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

रोशनलाल जून के परिवार में बेटी के जन्म पर आयोजित कुआं पूजन कार्यक्रम में भी शिरकत की , डाबोदा कलां मेहंदीपुर गांव में भंडारे में पहुंचे।

इसरहेडी गांव में भंडारे के साथ-साथ खैरपुर मांडोठी में आयोजित विभिन्न गांवो में ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित धार्मिक सामाजिक आयोजनो व भंडारे में पहुंचकर राजेश जून ने प्रसाद ग्रहण किया व क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की साथ ही बामडौली गांव में गृह प्रवेश के अवसर पर पहुंचकर परिवार को अपनी ओर से बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। हल्का बहादुरगढ़ के विभिन्न गांवो में आयोजित भंडारों व धार्मिक सामाजिक अनुष्ठानों में पहुंचे राजेश जून का ग्राम वासियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत व अभिनंदन किया।

## फसल ऋण पर ब्याज वसूली बंद करें सरकार: नफे सिंह राठी, इनेलो प्रदेशाध्यक्ष



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**

बेमौसमी बरसात व ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल से किसान पहले ही परेशान था उसके ऊपर से सरकार ने इस बार फसल ऋण पर दोबारा से ब्याज वसूली शुरू कर दी है। जिस कारण किसानों पर आर्थिक रुप से दोहरी मार पड़ी है। किसानों से सामने इस दोहरी मार से आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। यह कहना है इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी का। पत्रकारों से बातचीत करते हुए इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि सहकारी बैंकों से किसानों ने जो फसल ऋण लिया हुआ था। उस पर ब्याज माफी की योजना चली आ रही थी। लेकिन इस बार सरकार ने फसल ऋण पर ब्याज माफी योजना रिन्यू नहीं की है और किसानों से फसल ऋण पर ब्याज वसूलना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि किसान पहले की बेमौसमी बरसात व ओलावृष्टि के कारण आर्थिक नुकसान झेल रहे थे उसके ऊपर सरकार ने फसल ऋण पर ब्याज वसूलना शुरू कर दिया। जिससे अब किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार बिना देरी के इस योजना को रिन्यू करे और जिन किसानों से ब्याज की वसूली हुई है। उन्हें तुरंत प्रभाव से वापस किया जाए।

## वृंदावन पहुंच रहे रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु, व्यवस्थाएं सिकुड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** रविवार और पूर्णिमा यानी वृंदावन में श्रद्धालुओं की भीड उमड आना सुनिश्चित था। भीडभाड देख कर दुकानदारों के चेहरे खिल जाते हैं लेकिन वृंदावन में इसका उलट देखने को मिल रहा है। यहां दुकानदार अधिक भीड का रोना रो रहे हैं और अव्यवस्था का ठीकरा प्रशासन के सिर फोड़ रहे हैं। कान्हा की नगरी श्री धाम वृंदावन में स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में प्रशासन के द्वारा कई बार भीड़ नियंत्रण को लेकर व्यवस्था तैयार की गई है, लेकिन श्रद्धालुओं की आने वाली भीड़ के दबाव के चलते प्रशासन की हर व्यवस्थाएं मंदिर परिसर में फेल नजर आ रही हैं। जिसके बाद प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाते हुए भीड़ नियंत्रण को लेकर कई व्यवस्थाएं तैयार की थी, लेकिन ठाकुर बांके बिहारी लाल के भक्त वीकेंड और त्योहारों के समय पर आकर प्रशासन की तमाम व्यवस्थाओं की पोल खोल देते हैं।

# योग शिविर में साधकों ने किया आसन, ध्यान साधना

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** भारतीय योग संस्थान पंजीकृत की हरियाणा प्रांत इकाई के कुरुक्षेत्र जिला के अंतर्गत अर्जुन योग जिला द्वारा गांव कसेरला में आयोजित सात दिवसीय 'योग द्वारा मोटापा व अन्य रोग निवारण शिविर' के चौथे दिन आज संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर एवं अर्जुन जिला प्रधान मनीराम सैनी द्वारा साधकों को सूक्ष्म क्रियाएं, गहरे लंबे श्वास, ओम ध्वनि, सूर्य नमस्कार, सहित विभिन्न योगासनों, प्राणायाम व ध्यान



साधना का अभ्यास करवाया गया । उपस्थित साधक साधिकाओं को गायत्री मंत्र व संस्थान की वैदिक प्रार्थना का अर्थ समझाया गया । सूर्य नमस्कार, योगासनों व प्राणायाम के साथ-साथ साधकों ने शवासन व ध्यान साधना में भी पूरी रुचि दिखाई । सभी साधकों ने मन से हँसी की क्रिया की । योग साधना के प्रति बच्चों का रुझान भी बहुत अच्छा रहा । अधिकतर साधक साधिकाओं ने इस शिविर को बहुत उपयोगी मानते हुए पूरे उत्साह व अंतर्मन से इसमें भाग लिया । विशेष बात यह रही कि कसेरला गांव के ही युवा साधक शुभम तथा युवा साधिका सुमन ने पूरे आत्मविश्वास के साथ साधकों को एक एक आसन करवाया और कल दो दो योगासनों का अभ्यास करवाने की पेशकश की । संस्थान के प्रांतीय प्रैस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने उपस्थित साधक साधिकाओं को बताया कि सात दिवसीय शिविर के पश्चात गांव में भारतीय योग संस्थान का नियमित योग साधना केंद्र खोल दिया जाएगा क्योंकि गांव के सरपंच, सभी पंच व साधक तथा विद्यार्थी योग में पूरी रुचि ले रहे हैं ।

# 'पेड़-पौधे लगाकर भूलना नहीं देखभाल करना भी जिम्मेदारी'

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, गुरुग्राम**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रविवार को ऑल स्किल एंड रिसर्च फॉउंडेशन की ओर से सेक्टर-4 स्थित शिव पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। फाउंडेशन के अध्यक्ष एमपी शर्मा, वीरेंद्र व उनकी टीम द्वारा नवीन गोयल का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवीन गोयल ने उन महिलाओं को सम्मानित किया, जिन्होंने स्वयं सहायता ग्रुप के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं। नवीन गोयल ने कहा कि



मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, भाजपा हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब, पूर्व सांसद डा. सुधा यादव के मार्गदर्शन में वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण विभाग की ओर से गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में वृक्षारोपण पर काम होता है, ताकि

**8 नवीन गोयल ने बच्चों से कहा कि वे योग और प्राणायाम को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं**

हर क्षेत्र में पर्यावरण की खराबी को सुधारा जा सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण हम सभी के जीवन से जुड़ा विषय है। जीरो से उम्रदराज व्यक्ति के लिए स्वच्छ पर्यावरण जरूरी है। बीमारियों से अगर हमें बचना है तो अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना होगा। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हरियाली बढ़ाएं। शिव विहार पॉकेट के बच्चों के द्वारा फिट इंडिया की मुहिम के तहत एक साइकिल रैली भी निकाली गई। इस रैली में नवीन गोयल ने स्वयं भी साइकिल चलाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक किया। इस अवसर पर नवीन गोयल ने गुरुग्राम में पर्यावरण संरक्षण के प्रति आगे आने के लिए लोगों से अपील की। नवीन गोयल ने बच्चों से कहा कि वे योग और प्राणायाम को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। नियमित तौर पर योग करके खुद को फिट रखें। बचपन से ही अगर यह आदत हो गई तो उनका जीवन निरोगी हो सकता है। इस दौरान पर शिव विहार पॉकेट के प्रधान जगदीश मेहता, प्रवीन मिश्रा, रवि कंबोज, संजीव बंसल, डॉ. सतीश धमार्णी, डॉ. विनोद धमार्णी, नीरज मेहता, दीपाली, सुशील गौड़, बबीता खंडेलवाल व अन्य जन उपस्थित रहे।

# पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है । अपराध अन्वेषण शाखा-2 व थाना शहर पेहवा पुलिस ने पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी विक्रम उर्फ विक्की पुत्र रामपाल वासी भागल जिला कैथल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।प्रेस को जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया ने बताया कि थाना शहर में दी अपनी शिकायत में शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली एक



महिला ने बताया कि वह घरेलू कार्य करती है। दिनांक 2 जून 2023 को सुबह उसकी पांच साल की बेटी खेलने के लिए गली में गई थी । सुबह 11 बजे तक जब लड़की वापस नहीं आई तो पता चला कि एक नाबालिग लड़की को पुलिस वाले घायल अवस्था में हस्पताल ले गई है। वह पुलिस के साथ एलएनजेपी हस्पताल पहुंची जहाँ पर डॉक्टर ने बताया कि उसकी लड़की के साथ किसी ने दुष्कर्म किया है।

# पहलवानों के समर्थन में कुतुबगढ़ गांव में हुई महाचौपाल

## कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी सदस्य एवं उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव ने पहलवानों के समर्थन में अभियान की शुरूआत की





**महाचौपाल का हुआ आयोजन...**

= देवेंद्र यादव ने रविवार को कुतुबगढ़ गांव में चौपाल आयोजित कर देश के पहलवानों के लिए समर्थन मांगा।

= कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी सदस्य एवं उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव इस आंदोलन को दिल्ली देहात के 360 गांवों तक ले जाएंगे और गांवों के लोगों से समर्थन मांगेंगे।



**तीरथ राज/नई दिल्ली**

**देश के** अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवानों का यौन शौषण और उत्पीड़न के विरुद्ध आरोपी सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ आंदोलन जारी है। अब इस आंदोलन में पहलवानों को कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य एवं उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव का समर्थन मिला है। उन्होंने देश के पहलवानों कों समर्थन देने के उद्देश्य से पूरी दिल्ली देहात में व्यापक स्तर पर चौपाल आयोजित करने का निर्णय लिया है। देवेंद्र यादव ने रविवार को कुतुबगढ़ गांव में चौपाल आयोजित कर देश के पहलवानों के लिए समर्थन मांगा। कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी सदस्य एवं उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव ने इस आंदोलन को दिल्ली देहात के 360 गांवों तक ले जाएंगे और गांवों के लोगों से समर्थन मांगेंगे। इन पंचायतों में दिल्ली के पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेतागण समय-समय पर विभिन्न गांवों में सम्मिलित होंगे।

उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी व पूर्व विधायक देवेंद्र यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पहलवान बेटियों के साथ-साथ अन्य खिलाड़ियों के साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है, जो कि अति निंदनीय है और दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दौरान पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक कुंवर करन सिंह, पूर्व विधायक सुमेश शौकीन, पूर्व विधायक जय किशन, पूर्व विधायक जसवंत राणा, काउंसलर मनदीप सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चतर सिंह, पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विकास छिकारा, एनएसयूआई दिल्ली अध्यक्ष कुणाल सेहरावत, महिला कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका सिंह, मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आकांक्षा ओला, कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी सिद्धार्थ कुंडू, लक्ष्मण रावत, डॉक्टर नरेश, हरि किशन जिंदल, जेपी पंवार, अजीत चौधरी, अमनदीप सिंह सुदन, राष्ट्रीय किसान मोर्चा के कन्वीनर युद्धवीर सिंह, छिकारा खाप के प्रधान बलजीत सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर प्रवीण राणा, पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान के बेटे बॉबी चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष शांति स्वरूप, जेपी राणा, विकास शौकीन, अशोक यादव, धर्मवीर यादव, अनिल राणा और कई पूर्व निगम पार्षद एवं प्रत्याशी एवं अनेक खापों और गांवों के प्रधान भी मौजूद रहे।

### 'आरोपी बृजभूषण को जेल में बंद किया जाए'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**महाचौपाल** में सभी ने निर्णय लिया कि आगामी 9 जून तक आरोपी सांसद बृजभूषण को जेल में बंद किया जाए और पहलवानों पर लगे केस तुरंत वापिस लिए जाएं। अगर 9 जून तक खिलाड़ियों को इंसाफ नहीं मिला तो अगली चौपाल नरेला, मुंडका, नजफगढ़, पालम, महिपालपुर, घोंडा और महरौली में आयोजित करने का फैसला लिया गया है।

### पहलवानों को न्याय मिलने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा: देवेंद्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी सदस्य एवं उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा कि पहलवान कई महीनों से जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार अहंकार वश उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है। इसके विपरित पहलवानों पर बर्बरतापूर्ण पुलिसिया कार्रवाई की जा रही है और उन्हें सड़कों पर घसीटा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बेटियों पर अत्याचार की पराकाष्ठा पार हो चुकी है। जिसके बाद हमने निर्णय लिया है कि पहलवानों के समर्थन में दिल्ली में गांव-गांव जाकर चौपाल आयोजित की जाएं और गांव के लोगों से समर्थन मांगा जाए, जिसकी शुरूआत आज से हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जिन बेटियों के साथ अन्याय हुआ है, उनको जेल में डाला जा रहा है, जबकि आरोपी को जेल में होना चाहिए था।

# आईटीओ: छठ घाट पर यमुना संसद कार्यक्रम का होगा आयोजन: राय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के प्रसिद्ध आईटीओ के पास स्थित छठ घाट पर सुबह यमुना संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दिल्ली प्रदेश के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय भी सम्मिलित हुए। यमुना संसद में दिल्ली के लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर यमुना की सफाई को लेकर संकल्प लिया। यमुना नदी की महत्ता और दिल्ली की प्रदूषण की समस्या के बारे में दिल्लीवासियों को अवगत कराने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के बारे में राज्य के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने पत्रकारों को सम्बोधित करते कहा कि यमुना दिल्ली के लिए एक नदी ही नहीं है बल्कि यह दिल्ली के एक बहुत बड़े इकोसिस्टम को सपोर्ट करती है। दिल्ली अपनी अधिकतर पानी से संबंधित जरूरतों के लिए यमुना नदी पर निर्भर है। यमुना नदी इस क्षेत्र और उसके लोगों की आर्थिक और पारिस्थितिक आवश्यकताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि, वर्षों से रसायनों, प्लास्टिक और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल प्रदूषकों की विशाल मात्रा ने नदी के पारिस्थितिक संतुलन के साथ छेड़छाड़ की है, लेकिन हमारी सरकार हर वह कोशिश कर रही है जिससे की इस पवित्र नदी की गरिमा को बनाए रखा जा सके। गोपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा समर एक्शन प्लान लॉन्च किया गया था, जिसका एक महत्वपूर्ण भाग जनजागरूकता अभियान को बढ़ावा देना भी है। जन भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए आज सामाजिक स्तर पर यमुना संसद का आयोजन किया गया है। जिसमे दिल्ली के लोगो ने वजीराबाद से लेकर कलिंदी कुंज तक मानव श्रृंखला बनाकर यमुना की सफाई को लेकर संकल्प लिया है। आज सामाजिक संगठन के नेतृत्व में इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राय ने उपस्थित सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि दिल्ली के पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सभी यह संकल्प ले की यमुना नदी के पानी में ना तो प्रदूषण करेंगे और ना ही किसी को करने देंगे क्योकि जनसहभागिता से ही पर्यावरण को बेहतर और प्रदूषण मुक्त बनाने का रोडमैप बनेगा। दिल्ली सरकार दिल्ली के नागरिकों के साथ मिलकर इस अभियान को जन अभियान की तरह चलाएगी।

# वजीराबाद घाट यमुना मईया के जयकारों से हुआ गुंजायमान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**यमुना** संसद के माध्यम से दिल्ली के लोगों को यमुना स्वच्छ, दिल्ली स्वस्थ, यमुना स्वच्छ दिल्ली पोल्यूशन मुक्त, यमुना बचेगी-दिल्ली बचेगी का संदेश देने के लिए एक लाख लोगों की मानव श्रृंखला बनाकर, यमुना के प्रति लोगों का भाव जगाने के लिए सरकारों को यमुना सफाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर भव्य आयोजन किए गए। जिसके तहत हजारों की संख्या में यमुना प्रेमी, सनातन प्रेमी, पर्यावरण प्रेमी, बच्चे, बूढ़े, नौजवान व महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष,



वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी व राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने संतों के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर वजीराबाद घाट पर आए हजारों लोगों को यमुना के प्रति जागरूक कर उन्हें उत्साहित किया। यमुना में किसी भी प्रकार की पूजा के बाद बची सामग्री को यमुना में न डालने का आहवाहन किया। श्री गोयल ने अपने वक्तव्य में उपस्थित लोगों को बताया कि यमुना जी भगवान श्री कृष्ण की पटरानी हैं। हमें 'यमुना मईया' को वैसा ही सम्मान देना है जैसाकि हम राधा रानी को देते हैं। स्वच्छ यमुना से कई प्रकार की जानलेवा बिमारियां दिल्ली छोड़ के भागने पर मजबूर होंगी। इस मौके पर हरपाल सिंह राणा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बड़ी संख्या में संगत पार्टी से जुड़ रही हैं: हरमीत सिंह





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शिरोमणि** अकाली दल दिल्ली स्टेट को उस समय बड़ी सफलता मिली जब जागो पार्टी के नेता सरबजीत सिंह बूटा गोविंदपुरी व उनके साथी और गढ़ी सिंह सभा श्री निवासपुरी की संगत महा सिंह सोढी के नेतृत्व में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुई। सरदार कालका और पार्टी अध्यक्ष सरदार एमपीएस चड्ढा ने यहां गुरुद्वारा माता सुंदरी परिसर स्थित पार्टी मुख्यालय में इन सभी नेताओं को सिरोपा डाल कर पार्टी में शामिल होने पर अभिवादन किया और आश्वासन दिया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर संबोधित करते हुए सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मौजूदा टीम द्वारा कौम व पंथ के प्रति की जा रही सेवाओं को देखते हुए आज दिल्ली के विभिन्न इलाकों से संगत पार्टी से जुड़ रही है।

# 8 दिवसीय आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केन्द्रीय** आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में "आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर" का शुभारंभ शिक्षाविद डा.अमिता चौहान व डॉ.अशोक कुमार चौहान के सान्निध्य में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44, नोएडा में हुआ। शिविर में 200 आर्य युवक भाग ले रहे हैं। समारोह की अध्यक्षता आर्य नेता आनन्द चौहान ने की। एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा के संस्थापक अध्यक्ष डा.अशोक कुमार चौहान ने कहा कि भारतीय युवा विश्व को नेतृत्व प्रदान कर उसे बदलेंगे। शिविर में भाग लेने वाले युवा जो भी वह लक्ष्य





रखेंगे,उस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। अनिल आर्य जी भगवान के दूत हैं,देश का कैसे विकास हो? भगवान ने आपको इस मिशन के लिए भेजा है। हवन करने से भगवान सद्बुद्धि देता है। युवाओं यहां से प्रण करके जाना है कि हम विश्व को दिखाएंगे और पूरी दुनियां को बदलेंगे। वैदिक विद्वान डा.जयेंद्र आचार्य (प्राचार्य,आर्ष गुरुकुल नोएडा) ने कहा कि शिविर का उद्देश्य आप जो भी कार्य करें उस पर कोई उंगली न उठा सके। ऐसा चरित्रवान बनने के लिए आर्य समाज से जुड़े,जहां धर्म,परमात्मा और इंसान को इंसान बनाने का कार्य होता है। आर्य नेता ठाकुर विक्रम सिंह (संस्थापक अध्यक्ष,राष्ट्र निर्माण पार्टी) ने ध्वजारोहण कर शुभारम्भ किया और कहा कि चरित्र वान युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायँगे। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर युवा पीढ़ी के आदर्श हैं उन्होंने देश की आजादी में उल्लेखनीय योगदान दिया।

# परिवार की तरह सभी को करनी चाहिए पेड़-पौधे की रक्षा: डॉ. विपिन पिव्हाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भाजपा** नेता डॉक्टर विपिन पिव्हाल ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए, जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। श्री पिव्हाल ने सभी से अपील करते हुए कहा कि अपने आस-पास उचित जगह देखकर पौधा अवश्य ही लगाये और उस पौधे को नियमित रूप से पानी दे और दूसरें को भी प्रेरित करें कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाये।



उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है। यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम पौधारोपण करें। डॉक्टर पिव्हाल ने आगे बताया कि पेड़-पौधे जहां एक ओर में छाया देते है, वहीं इनमें हमें फल, फूल व इनसे प्राप्त पत्ते व जड़ों व टहनियों से दवाईयां भी मिलती है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण के लिए कहें। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाये और उस पौधे की देखरेख भी करें।

उन्होंने आगे बताया कि आज हम बड़ी-बड़ी इमारते बनाने के चक्कर में पेड़ काट देते है जो गलत है। आज पर्यावरण दिवस पर हम संकल्प लें कि हम अपने आस-पास अधिक से अधिक पौधे लगाये जिससे की क्षेत्र का वातावरण हरियालीमय नजर आये।

# पब्लिक स्कूल में गतका प्रतियोगिता हुई आयोजित





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा राष्ट्रीय गतका संघ व गतका एसोसिएशन ऑफ दिल्ली के सहयोग से प्रथम राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल पंजाबी बाग में चेयरमैन सर्वजीत सिंह विरक की देखरेख में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सरदार मनजिंदर सिंह शामिल हुए। जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इससे पूर्व समागम को संबोधित करते हुए, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने राष्ट्रीय गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह ग्रेवाल व उनके सहयोगियों को बधाई दी जिनके अथक प्रयासों के चलते गतका राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि गतका सिख कौम की मार्शल आर्ट है जिसकी शिक्षा हमें गुरु साहिबान ने दी। यह आर्ट मीरी और पीरी दोनों सिद्धांतों पर आधारित है। इस खेल की बदौलत खिलाड़ी को इस प्रकार प्रशिक्षण मिलता है कि जरूरत पड़ने पर तलवार का इस्तेमाल सही तरीके से किया जा सके।

# बिजली के तारों का जंजाल हटाने का अभियान हुआ शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सदर** बाजार में बिजली व टेलीफोन के तारों को के जंजाल को लेकर आए दिन कोई न कोई शॉर्ट स्कर्ट होता रहता है जिसको लेकर व्यापारी आए दिन सभी अधिकारियों से संपर्क करते रहते थे। इसी कड़ी में रविवार को सदर बाजार की बारी मार्केट में तारों के जंजाल के अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा ने बताया इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा ने बताया सभी विभागों से एक बैठक की गई थी जिसके बाद निर्णय लिया



गया था कि 4 जून से यह अभियान शुरू किया जाएगा और इसको देखते हुए आज बीएसईएस, एयरटेल, एमटीएनएल, टाटा सहित, इंटरकॉम व केबल के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे जिन्होंने तारों का जंजाल हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व कुलदीप सिंह ने जिस प्रकार तारों का जंजाल था।

# 'भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव करवाए समान विकास कार्य'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** भारत सरकार के ऊर्जा एवं भारी उद्योग विभाग के केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बीती शाम राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर -2 जो की अब राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 19 हो गया है, अजरौंदा चौक एवं सेक्टर 15ए, के बरसाती पानी की निकासी के लिए नई पाइप लाइन डालने का कार्य का शिलान्यास किया। केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि यह पाइप लाइन ट्रैफिक पुलिस बूथ से लेकर विद्या मन्दिर स्कूल तक डाली जाएगी, जिसको पहले से मौजूद 900 बरसाती पाइप "लाइन में जोड़ा जाएगा। इस कार्य में ळशील्लूं'ी२२ ळ्नूील्लङ्क'ङ्क्ट८ द्वारा एनएच -19 को पार किया जाएगा, जिसमें 630`, ल्उद्धए द्व्स्त्री के साथ 1900` टर उंश्ल्लॅ जिसकी लंबाई 140 मीटर है। और 600`ॉ फ्ळउ ठढ3 पाइप जिसकी लंबाई 350



मीटर है। यह बरसाती पानी सेक्टर-13 स्थित बरसाती डिस्पोजल में जाएगा और इस पाइप लाइन को डालने से अजरौंदा चौक पर इकठ्ठा होने वाले बरसाती पानी की वजह से लगने वाले ट्रैफिक जाम व सेक्टर 15ए, में बरसाती जल भराव की समस्या से छुटकारा मिलेगा। इस कार्य की लागत राशि 1.16 करोड़ है। शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात सेक्टर-15 सिद्धपीठ श्री शिव शक्ति धाम मंदिर में जनसंवाद कार्यक्रम में शिरकत की और सेक्टर-15 के निवासियों की समस्याओं को सुनकर उसका जल्द से जल्द निपटारा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने ओडिशा के बालासोर के पास बाहानगा बाजार स्टेशन के पास हुए रेल हादसे के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हादसे की निष्पक्ष जांच होगी और लापरवाही करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों ने हमको काम करने के लिए चुना है और उनकी अपेक्षाओं हम कितना खरा उतर रहे है यह देखने का विषय है 2014 से पहले और आज के फरीदाबाद में कितना बदलाव हुआ है। जब किसी शहर का पुनर्निर्माण होता है तो कुछ समस्याए तो कुछ समय के लिए आती है। बाईपास रोड पर दिल्ली-वडोदरा-मुंबई हाईवे का काम लगातार चल रहा है जिसे हम जनवरी 2024 तक शुरू कर देंगे। कल की सुविधाओं के लिए आज कुछ मुसीबतें तो झेलनी होंगी। सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की नीति से पिछले 9 वर्षों से देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास करवाएं जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि दुनिया के बड़े-बड़े अर्थशास्त्रियों का आकलन है कि 2027 में भारत जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की 3 सबसे शक्तिशाली देशों में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रपति कहता है मोदी बॉस और दुनिया के इतिहास में हमने यह पल आज तक नहीं देखा कि किसी दूसरे देश के प्रधानमंत्री ने किसी दूसरे देश के प्रधानमंत्री के पैरों को हाथ लगाया हो। इटली की प्रधानमंत्री कहती है मोदी से ज्यादा लोकप्रिय नेता कोई नहीं तो यह सब सुनकर हम देशवासियों का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। 70 सालों में इस देश में 90,000 किलोमीटर हाईवे बने और इन 9 सालों में हमने 50,000 किलोमीटर हाईवे बनाए। 70 सालों में देश में सिर्फ 74 एयरपोर्ट थे और अब इन 9 सालों में 74 और नए एयरपोर्ट बनाए गए हैं। पहले देश में सिर्फ 7 एम्स हॉस्पिटल थे और इन 9 सालों में 15 और नए एम्स हॉस्पिटल बनाए गए हैं। हर दिन इस देश में एक नई आईआईटी बनती है और 9 सालों में 15000 नई आईआईटी बनाई गई। पहले देश में सिर्फ 400 मेडिकल कॉलेज से जिनकी संख्या 9 सालों में बढ़कर 700 हो गई है। 2014 से पहले हम 8 लाख करोड़ के मोबाइल इंपोर्ट करते थे और आज तीन लाख करोड़ के मोबाइल हम एक्सपोर्ट करते हैं बच्चों के खिलौने भी आज हम दुनिया भर में एक एक्सपोर्ट कर रहे हैं। आज 70 प्रतिशत सेना का सामान आत्मनिर्भर नीति के तहत देश में बन रहा है। हमने इन 9 सालों में 600000 गांव में ब्रॉडबैंड सेवा को शुरू कर दिया है। देश सांस्कृतिक और आर्थिक तौर पर आगे बढ़ रहा है। पहले अंग्रेजो की बनाई संसद थी और आज आत्मनिर्भर भारत की प्रतीक अपनी संसद है। विधायक नरेंद्र गुप्ता के कहा कि चौधरी कृष्ण पाल के नेतृत्व में सेक्टर-15 और समस्याओं का व्यवस्थित तरीके से समाधान कर रहे है। सभी सड़कों पर जलभराव की समस्या न हो इसके लिए सड़कों के साथ-साथ ड्रेनेज भी बनवाये जा रहे है। आने वाली पीढ़ी के लिए हम कैसा शहर छोड़कर जाएंगे यह हमे आज सोचना होगा। हरियाणा के यशश्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निर्णय लिया गया है की सेक्टर-16 ए के सर्किट हाउस का पुनर्निर्माण किया जाएगा। अभी इसमें 5 कमरे है इसमें 55 कमरों का और एक बड़े हाल का निर्माण किया जाएगा। पिछले 9 सालों में देश और प्रदेश ने बहुत उन्नति की है और आने वाले सालों में भी बहुत से विकास कार्य किए जा रहे हैं ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति का जीवन भी सुखद हो सके। हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में मौजूदा सरकार 'सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र पर प्रदेश के हर क्षेत्र का समान विकास करवाने के लिए प्रयासरत है।

प्रदेश में हर व्यक्ति को उसके घर-द्वार पर ही सरकार की योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिले, इसके लिए विभिन्न विभागों की योजनाओं व सेवाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है। हम तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ रहे है और हमारे देश में डिजिटल इंडिया की ताकत कोने-कोने में पहुंच रही है। इस अवसर पर भाजपा अजरौंदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह साहनी, युवा नेता मुकुल चोपड़ा, निवर्तमान पार्षद छात्रपाल, संजू चपराना, संजीव चौधरी, राकेश ठाकुर, रविंद्र कोहली, कमल सिंह, नरेश चौहान, जे पी गुप्ता, ओ पी गेरा, रीमा मल्होत्रा, रश्मि सहगल सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लोअर की सिलाई में छिपाकर जेल में पहुंचाया जा रहा था सुल्फा

**सोनीपत।** सोनीपत-गोहाना सड़क मार्ग स्थित जिला कारागार में बंदी के पास नशीला पदार्थ पहचाने का मामला सामने आया है। आरोपित जेल में बंद युवक के पास नशीला पदार्थ पहुंचा रहे थे। ड्योडी की जांच के दौरान मादक पदार्थ पकड़ा गया। इस संबंध में जेल में बंद युवक के पिता व उसके थाई के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव घसोली निवासी सुनील जिला कारागार में बंद है। उसे नशे की लत लगी हुई है। पहले वह नशा नहीं मिलने से जेल में परेशान रहता था। पिछले कुछ समय से वह मस्त रहने लगा था। जेल प्रशासन ने इसकी जांच की तो पाया गया कि वह नशा का सेवन कर रहा है। अधिकारियों को यह भी जानकारी मिली कि उसको सामान पहुंचाने के दौरान नशा सप्लाई किया जा सकता है। इसके चलते जेल अधिकारियों ने निगरानी शुरू कर दी। जांच में सामने आया कि बंदी सुनील के लिए उसके परिवार के लोग जरूरी सामान के नाम पर हर सप्ताह कुछ न कुछ पहुंचाते रहते थे। वह शनिवार को भी सुनील के लिए कपड़े लेकर आए थे। जेल की ड्योढ़ी पर जांच की गई तो उसके लोअर की सिलाई में नशीला पदार्थ मिला। नशा को उसके ओजर में सिल दिया गया था। जेल प्रशासन जब तक सतर्क हो पाता, तब तक सामान पहुंचाने के लिए आए बंदी सुनील का चचेरा भाई राहुल और उसका पिता रामेश्वर चले गए थे। उन्होंने ही जेल में नशा पहुंचाने का प्रयास किया था। जेल अधिकारियों ने बंदी सुनील से पूछताछ की तो हकीकत सामने आ गई। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। शहर थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई बलवान सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### फायर कर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने फायर कर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मनीष निवासी पटेल नगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मामले में पुलिस ने एक आरोपित को पहले गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पटेल नगर निवासी दीपक ने गत 3 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसके पड़ोसी से उनका कई सालों से झगड़ा चल रहा है। जिसकी रंजिश रखते हुए मनीष ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। उसके घर के सामने उन पर गोली चलाई। बड़ी मुश्किल से किसी तरह अपनी जान बचाई। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित पकंज को पहले काबू कर लिया था। वहीं वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### उद्घोषित अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सोनीपत।** सदर थाना पुलिस ने उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आजाद उर्फ बिल्लू निवासी सफीदों जींद का है। जांच अधिकारी परमजीत सिंह ने बताया कि वर्ष 2019 में दर्ज मामले में आरोपित को अदालत ने 2023 में फरार अपराधी घोषित किया था। आरोपित के खिलाफ कोर्ट की अवमानना का मुकदमा दर्ज कर उसके गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### घर में घुसकर हमला करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव पिनाना में आधी रात को घर में घुसकर दो भाइयों पर हमला करने के आरोप का मामला सामने आया है। शराब के नशे में हमलावरों ने हाकी और राड से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गए। झगड़े का शोर सुनकर आसपास के लोगों के पहुंचने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

## पूर्णिमा को लेकर गांव में लगाया भंडारा

**सोनीपत।** जेठ माह में हर वर्ष पूर्णिमा को गांव रतनगढ़ में सेत गुरू रविदास सेवा समिति द्वारा बाबा खेड़े वाले का विशाल भंडारे का आयोजन हरिजन चौपाल में किया गया। ग्रामीणों ने प्रसाद लेने से पहले बाबा खेड़े वाले के दर्शन कर पुष्प अर्जित किए। समिति के सदस्य रमेश चंद्र फौजी जयबीर रंगा, गुलाब सिहं, रविंद्र, प्रवीन, सुभाष भोरिया, हरीश कुमार, लक्ष्मण, सतीश, धर्मबीर, पूर्व सरपंच संजय, सहित अन्य मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि समिति की तरफ से जरूरतमंद लोगों की सहायता व सामाजिक कार्य समिति की तरफ से करते रहते है।

## सेवा, सुशासन और को समर्पित मोदी सरकार: मूलचंद मित्तल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव**

भाजपा जिला कार्यालय "अटल कमल" पर व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विमल खंडेलवाल की अध्यक्षता ज़िला व्यवसायिक प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में भाजपा जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल एवम् व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गौतम चौधरी ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 साल के कार्यकाल के दौरान किए गए सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यों प्रकाश डाला और कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया कमहामंत्री



मूलचंद मित्तल जी ने कहा कि केंद्र सरकार ने 9 सालों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की नई परिभाषा लिखी है । मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत का निर्यात बढ़ा है जिससे देश आर्थिक और व्यापारिक रूप से विश्व पटल पर मजबूत हुआ है कमेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत देश में उद्योगों को स्थापित किया गया जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पर ज्यादा से ज्यादा उत्पन्न हुए हैं । आज भाजपा जिला व्यवसायिक प्रकोष्ठ की वेबसाइट का भी आज विधिवत उद्घाटन किया गया, जिसमें महत्वपूर्ण सूचनाएँ और जानकरियाँ व्यापारी भाइयों के के लिए उपलब्ध रहेंगी। भाजपा जिला संयोजक विमल खंडेलवाल ने बताया कि भाजपा सरकार में व्यवसायियों के लिए कारखाने चलाने के लिए बिजली की बहुत ज्यादा आवश्यकता होती है, सरकार ने उसी का ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्री को बिजली मुहैया करवा रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में दिल्ली मुंबई हाईवे जैसे अन्य हाईवे का जाल पूरे भारतवर्ष में बिछाया गया है, जिससे ट्रांसपोर्टेशन बहुत सुगम हो गया है, छोटे उद्योगों को को कम कीमत पर ब्याज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वह अपने रोजगार को और अच्छे तरीके से बढ़ा सकें, भाजपा की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है जो कहती है वह करके दिखाती है, 2024 में भाजपा पिछली बार से ज्यादा बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। जिसके लिए किले की पूरी टीम लोगों के साथ संवाद स्थापित करेगी और सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक बताने का काम करेगी, बैठक में जिला संयोजक विमल खंडेलवाल, सह संयोजक अशोक कुकरेजा, राजीव सिंगला, कार्यकारिणी सदस्य नीलम चौधरी, पूजा सरस्वत, लोकेश

## सोनीपत समाज पंचायत का हर कदम पर साथ दूंगा: ललित बत्रा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। दिल्ली** एनसीआर में शामिल सोनीपत में रैपिड रेल आने में हो रही देरी से जिले वासी बेहद चिंतित हैं । रैपिड रेल को लेकर सरकार व जनप्रतिनिधियों ने जिलेवासियों को लगातार सपने दिखाए हैं , लेकिन वित्तीय बाधाओं की वजह से इसमें लगातार देरी हो रही है । शहर के पचास से अधिक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस मामले में सोनीपत समाज पंचायत के बैनर तले अपनी आवाज पुरजोर तरीके से उठाई है ।

समाज पंचायत के बैनर तले संजय सिंगला की अध्यक्षता में



आज शहर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई जिसमें सोनीपत एन सी आर में वर्षों से अधर में लटकी रैपिड मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट को यथाशीघ्र पूरा करने की जोरदार मांग उठाई। बैठक में विशेष रूप से पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन ललित बत्रा ने भी सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि वे उनके मुहिम में उनका पूरा साथ देंगे ।

## सघन दस्त नियंत्रण पखाड़ा का करेगा आयोजन

**सोनीपत।** जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से 5 से 17 जून तक सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। दस्त से होने वाली शिशु मृत्यु दर को शून्य करने के उद्देश्य से पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक की ओर से पखवाड़े को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी गई है। पखवाड़े के दौरान गांव, शहर व जिला स्तर पर स्वच्छता के लिए गहन समुदाय जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में 0 से 5 वर्ष के बच्चों वाले घरों में ओआरएस के पैकेट व जिंक की गोलियां के पैकेट का वितरण करेंगी।

## शिमला मिर्च के बोरों से मांस व गायों के पैर किए थे बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर टोल पर शिमला मिर्च के बोरों के नीचे छिपाए गोमांस और गायों के पैरों के साथ पकड़े गए गोतस्कर बार-बार अपना पता बदल रहे है। वह पुलिस को गुमराह कर रहे है और तस्करी गैंग के मुखिया का नाम बताने को तैयार नहीं है। ऐसे में मुरथल थाना पुलिस ने चारों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। वहीं गोमांस और गायों के पैरों के सैंपल लेने के बाद उनको जमीन में दबा दिया गया है। गोरक्षा दल के जिला प्रशासनिक प्रमुख मनीष राई की शिकायत पर पुलिस ने एक वाहन (छोटा हाथी) को पकड़ा था। उसमें से खून टपकता चल रहा था। पुलिस ने छोटा हाथी की जांच में पाया कि शिमला मिर्च के बोरों के नीचे गायों का मांस छिपाया हुआ था। उसके साथ ही गायों के पैर भी टुकड़े करके छिपाए हुए थे।पुलिस ने छोटा हाथी के साथ में तीन तस्करों को पकड़ा गया था। वहीं मांस लादकर ले जा रहे वाहन को सुरक्षा कवर प्रदान कर रही अर्टिका कार को भी तीन किमी आगे बहालगढ़ के पास पकड़ा था। उसमें से तीन तस्कर कूदकर भाग गए थे। पुलिस ने छोटा हाथी वाहन से मिले 15 क्विंटल गोमांस और गायों के पैरों के टुकड़ों के सैंपल लेने के बाद उनको जमीन में दबवा दिया है। गोतस्करों ने पुलिस को बताया कि गोमांस को पंजाब से लाया गया है और दिल्ली पहुंचाना है। वह उत्तर प्रदेशा के मेरठ के रहने वाले है। उनके पास मांस को दिल्ली पहुंचाने का ठेका है। वह रोजाना मांस की गाड़ी भरकर लाते है। आरोपितों की पहचान मेरठ के रहने वाले फरियाद, रिमाजूदीन और रेन्चू के रूप में हुई थी। उसके बावजूद चारों मेरठ का अपना पता नहीं बता रहे है।

## मैं आपकी समस्या लेकर सीएम से मिलूंगा: राजेश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**आज आउटसोर्स कर्मचारियों के प्रतिनिधियों ने विधायक राजेश नागर से मिलकर अपनी रोजी रोटी पर संकट की जानकारी दी। कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि प्रदेश सरकार 35 हजार कर्मचारियों की भर्ती करने जा रही है, लेकिन उन्हें डर है कि इसके बाद उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाएगा। इस पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि मैं आपकी चिंता से वाकिफ हूं और इसको लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलूंगा और आपकी चिंता को दूर कराने के लिए प्रयास करूंगा। आटसोर्स पार्ट 2 कर्मचारी प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने विधायक राजेश



नागर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने अपनी सेवाओं के नियमितीकरण, सेवा सुरक्षा विधेयक का प्रस्ताव विधानसभा में लाने, पार्ट 2 कर्मचारियों के पदों को रिक्त न समझ कर भरा हुआ माने जाने, वेतन में वृद्धि इत्यादि मांगें शामिल थीं। कर्मचारी प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार ने नियमित भर्ती के सभी नियमों को लागू कर हमारे जैसे सात हजार कर्मचारियों को विभिन्न विभागों में भर्ती किया था जिनको तीन से लेकर 15 वर्ष तक का समय हो गया है। परंतु वह अभी भी नियमित नहीं हुए हैं लेकिन अब सरकार जबकि 35 हजार कर्मचारियों की भर्ती करने जा रही है तो हमें डर है कि हमारी नौकरी न चली जाए। यदि ऐसा होता है तो हजारों परिवारों में रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। जिसे सेवा सुरक्षा अधिनियम लाकर बचाया जाए। विधायक राजेश नागर ने कहा कि वह स्वयं कर्मचारियों का ज्ञापन लेकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे। नागर ने कहा कि हमारी मनोहर सरकार ने एक लाख पदों पर भर्ती करने की योजना पर काम शुरू किया है। पहली बात तो यही होगी कि आप लोगों की आशंका निर्मूल होगी, यदि ऐसा नहीं भी होता है तो सरकार ने आपके लिए भी कुछ अच्छा सोचा होगा। मैं इस बारे में बात करूंगा।

## मंत्री पुरी से मिलेगा सोनीपत समाज पंचायत का प्रतिनिधिमंडल

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। दिल्ली एनसीआर में शामिल सोनीपत में रैपिड रेल आने में हो रही देरी से जिले वासी बेहद चिंतित हैं । रैपिड रेल को लेकर सरकार व जनप्रतिनिधियों ने जिलेवासियों को लगातार सपने दिखाएं हैं , लेकिन वित्तीय बाधाओं की वजह से इसमें लगातार देरी हो रही है । शहर के पचास से अधिक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस मामले में सोनीपत समाज पंचायत के बैनर तले अपनी आवाज पुरजोर तरीके से उठाई है । पिछले दिनों स्थानीय सांसद रमेश कौशिक को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा था । रविवार को शंभू दयाल स्कूल में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति



से तय किया गया कि अब उनका पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल केंद्र सरकार में आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी से नई दिल्ली में जाकर मुलाकात करेगा । बैठक में विशेष रूप से पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन ललित बत्रा ने भी सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि वे उनके मुहिम में पूरा साथ देंगे । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की मंशा है की इस क्षेत्र को रैपिड रेल की सौगात जल्द से जल्द मिले । बैठक में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.एसके शर्मा ने कहा कि दिल्ली -पानीपत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (दिल्ली-पानीपत आरआरटीएस) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली , सोनीपत और पानीपत को जोड़ने वाला 103 किमी (64 मील) लंबा, सेमी-हाई स्पीड रेल कॉरिडोर स्वीकृत है । यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम के चरण-1 के तहत नियोजित तीन रैपिड-रेल कॉरिडोर में से एक है। 160 किमी/घंटा की अधिकतम गति और 120 किमी/घंटा की औसत गति के साथ, सिस्टम का उपयोग करने वाले यात्री 65 मिनट में पानीपत और दिल्ली के बीच की दूरी को कवर करने में सक्षम होंगे। उन्होंने बताया कि सराय काले खां से लेकर पानीपत तक16 स्टेशन प्रस्तावित हैं । इसके अंतर्गत सोनीपत में कुंडली, केएमपी इंटरचेंज, राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, मुरथल ,बरही व गन्नौर समेत कुल छह स्टेशन प्रस्तावित हैं । इसका डीपीआर दिसंबर 2020 से केंद्र सरकार के पास पड़ा हुआ है। =अब इसका विस्तार करनाल तक भी प्रस्तावित है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग कि है कि इस मामले में आने वाली तमाम वित्तीय बाधाओं को दूर कर इसका निर्माण कार्य जल शुरू किया जाए। सोनीपत समाज पंचायत के संयोजक संजय सिंगला ने कहा कि वित्तीय बाधाओं की वजह से जिले वासियों का रैपिड रेल का सपना पूरा नहीं हो पा रहा है ।

## मूलचंद शर्मा ने संत सतगुरु कबीर दास साहेब जी की जयंती के उपलक्ष में दी बधाई और शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने संत सतगुरु कबीर दास साहेब जी की जयंती के उपलक्ष में बल्लभगढ़ अंबेडकर चौक से शुरू हुई शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। वहीं सतगुरु कबीर पंथ सेवा समिति बल्लभगढ़ के सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा अपने पैतृक गांव सदपुरा पहुंचे। जहां गांव सदपुरा पहुंचने पर ग्रामीणों ने अपने लाडले बेटे और हरियाणा सरकार में लोकप्रिय परिवहन एवं उच्चतर



शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने गांव सदपूरा के प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर मंदिर के नवनिर्माण की नींव रखी। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने अपने गांव वालो की राधा कृष्ण मंदिर के हाल में समस्याएं सुनते हुए कहा गांव के विकास को लेकर हमेशा गांव बस्ती के साथ रहूंगा। गांव के विकास में कोई कमी नहीं रहने दूंगा।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 05 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

न्यूज फ्लैश

## मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किया गया जन संवाद कार्यक्रम लोकप्रिय-

चण्डीगढ: हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के जन कल्याण के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया हुआ है जिनका अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को अत्याधिक लाभ पहुंच रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल यमुनानगर के गांव आहलूवाला में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को सबसे ज्यादा मान सम्मान दे रही है। इसके अलावा गांव में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं जिससे आज गांवों की कायाकल्प हो रही है और शहरों के समान मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल विकास की राजनीति करती है और विकास को आधार मानकर राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गो व सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके अलावा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं में बढौतरी करने के लिए मेडिकल कॉलेज बनाने एवं अस्पतालों को अपग्रेड करने का कार्य किया है ताकि नागरिकों को उनके नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। सरकार ने अप्रैल माह से बुढ़ापा पेंशन बढ़ाकर 2750 रूपए प्रति माह कर दी है जो कि पूरे देश में सर्वाधिक है। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किया गया जन संवाद कार्यक्रम लोगों में बहुत ही लोकप्रिय हो रहा है और इससे लोगों को रूबरू होने के अलावा समस्याओं को रखने का मौका मिल रहा है।

## देश में आज विकास लोगों की चौखट तक पहुंच रहा है: सहस्त्रबुद्धे

**राजगढ़।** आज का भारत विरासत के साथ विकास करने वाला देश है? आज भारत के विकास में गति के शक्ति भी है, बीते नौ वर्षों में भारत गरीब एवं वंछितों की सेवा करने वाला देश बना है। देश में आज विकास लोगों के दरवाजे की चौखट तक पहुंच रहा है। यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सहस्त्रबुद्धे ने रविवार को राजगढ़ स्थित संस्कृति होटल में आयोजित प्रेस वार्ता एवं संवाद कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, आवास, लाड़ली बहना योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ आमजन को मिल रहा है। राजगढ़ जिले में ही आज हम अभूतपूर्व विकास देख रहे हैं, जिले में डेम, सड़कों का जाल बिछ गया है साथ ही सिंचाई का रकबा रिकार्ड मात्रा में बड़ा है। भारत के विकास में आज गति, शक्ति, सुरक्षा के साथ संयम भी है।बीते 9 वर्षों में भारत गरीबों एवं वंछितों की सेवा करने वाला,नारीशक्ति को संबल देने वाला और युवाओं के सपनों को पूरा करने वाला देश बना है। सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि पहले योजनाएं कागजों की धूल फांकती रहती थी आज एक ही कार्यकाल में योजनाएं बनती भी है और जमीन पर उतरती भी है, शिलान्यास और उद्घाटन दोनों एक ही कार्यकाल में होता है। उन्होंने कहा कि बीते 9 सालों में भारत ने गुलामी की बेड़ियां तोड़ी है, राजपथ अब कर्तव्य पथ है,रेसकोर्स रोड़ अब लोक कल्याण मार्ग है और प्रधानमंत्री, प्रधानसेवक के रुप में जनता की सेवा कर रहे है। उन्होंने कहा कि हम जनता के प्रति जवाबदेही को मानते हैं, जनता ही हमारे लिए सर्वोपरी है।पिछले 9 सालों में विकास को अनुभव का विषय बनाया है।

# 'बालेश्वर ट्रेन दुर्घटना में हमने कई लोगों को खोया'

## जो लोग घायल हुए हैं उन सभी के परिवारों के प्रति मैं अपने और भारत सरकार की ओर से संवेदना व्यक्त करता हूं: अमित शाह


### दुख व्यक्त किया

**बालेश्वर में तीन ट्रेन दुर्घटनाओं में अबतक 275 लोगों की मौत हो गई, जबकि 1100 से ज्यादा घायल हो गए**

**टीम एक्शन इंडिया/कोच्चि**
**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को ओडिशा के बालेश्वर जिले में हुई ट्रेन दुर्घटना पर दुख जताते हुए कहा कि ट्रेन दुर्घटना में हमने कई लोगों को खोया है। उस दुर्घटना में जिन लोगों की जान गई है और जो लोग घायल हुए हैं उन सभी के परिवारों के प्रति मैं अपने और भारत सरकार की ओर से संवेदना व्यक्त करता हूं।

**रेल हादसे में कितने लोगों ने गंवाई जान:** गौरतलब है कि बालेश्वर में तीन ट्रेन दुर्घटनाओं में अबतक 275 लोगों की मौत हो गई, जबकि 1100 से ज्यादा घायल हो गए। रेल मंत्रालय के मुताबिक, मरम्मत का काम युद्धस्तर पर चल रहा है और अधिकारी दुर्घटनास्थल पर बहाली प्रक्रिया की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। इस बीच, अमृता अस्पताल की सिल्वर जुबली के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा, धर्म, परंपरा, संस्कृति और सेवा के चारों क्षेत्र में अम्मा ने दशकों में जो योगदान किया है, उसकी बदौलत न सिर्फ भारत, बल्कि समस्त विश्व में हमारी सनातन संस्कृति को यश दिलाया है। उन्होंने अम्मा ने हमारी संस्कृति को एक नया आयाम और परिचय देने का काम किया है। अमित शाह ने कहा कि सेवा के क्षेत्र में अमृता अस्पताल ने अपने स्वर्णिम 25 साल पूरे किए हैं। 1998 से 2023 तक की यात्रा में 20 लाख से ज्यादा मरीजों का पूर्णतः मुफ्त इलाज किया गया। करोड़ों लोगों ने पैसा देकर अपना इलाज कराया है, परंतु 20 लाख गरीबों का मुफ्त इलाज कर उन्हें नया जीवन देने का काम किया है।





### पीएम मोदी ने फोन पर मरम्मत कार्य का लिया जायजा



**रेल** मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बालासोर ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना स्थल पर बहाली कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए फोन किया। वैष्णव दुर्घटनास्थल पर मौजूद हैं और बहाली कार्य का जायजा ले रहे हैं। इससे पहले आज वैष्णव ने कहा था कि ओडिशा के बालासोर में बहाली का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।

## ओडिशा ट्रेन हादसे का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ओडिशा** के बालासोर जिले में हुए ट्रेन हादसे की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग को लेकर एक जनहित याचिका शीर्ष अदालत में दायर की गई है। जनहित याचिका में कवच नामक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश/निर्देश भी मांगे गए हैं। इस याचिका को अधिवक्ता विशाल तिवारी ने दायर की है।

**दो महीने में अपनी जांच पूरी करे जांच आयोग:** याचिका में कहा गया है कि शीर्ष अदालत के एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाले जांच आयोग को दो महीने में अपनी जांच पूरी कर दुर्घटना के मूल कारण की जांच करने की कोशिश करनी चाहिए और सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अपनी रिपोर्ट देनी चाहिए। तिवारी ने अपनी याचिका में कहा है कि वह रेलवे दुर्घटना सुरक्षात्मक उपायों को लागू करने और भविष्य में दुर्घटनाओं से बचने के लिए ऐसे उपायों को मजबूत करने और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए सरकार से विशेष दिशा-निर्देश मांग रहे हैं। पिछले तीन दशकों में देश में हुई रेल दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने इस तरह के टकरावों और दुर्घटनाओं के खिलाफ सुरक्षा प्रवर्तन तंत्र विकसित करने में धीमी गति से काम किया है

## विपक्ष के ध्रुवीकरण में लालू संभालेंगे कमान!



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**देश की** नरेंद्र मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के दावे के साथ तैयार होने का प्रयास कर रही विपक्षी एकता का नेता कौन होगा? पिछले दिनों जातियों के एक नेता ने यह कह दिया कि 12 जून को पटना में विपक्षी नेताओं की बैठक में तय हो जाएगा कि नीतीश कुमार नेतृत्व करेंगे। लेकिन, जानकारी यह भी आ रही है कि कांग्रेस अब भी इसके लिए फ्रंट पर नहीं है। मतलब, कांग्रेस को छोड़ बाकी विपक्षी दल इस बैठक में आगे-आगे रहेंगे। राहुल गांधी या मल्लिकार्जुन खरगे इस बैठक में नहीं आ रहे और सिर्फ बिहार स्तर के नेता रहे तो कांग्रेस की भागीदारी संशय में रहेगी। ऐसे में एक नई संभावना दिखाई देने लगी है। यह संभावना इसलिए भी मजबूत हो रही क्योंकि विपक्षी एकता के लिए प्रयास कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से ज्यादा कांग्रेस में पूर्व रेल मंत्री रहे और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की स्वीकारता है। 12 जून को होने वाली बैठक से पहले लालू जिस तेजी से एक्टिव हुए हैं और फिट नजर आ रहे हैं, से संभावना बन रही है कि विपक्ष के ध्रुवीकरण में नीतीश की जगह वही कमान संभालेंगे। कमान का मतलब, किंग मेकर का रूप लिए नजर आ सकते हैं लालू प्रसाद। लालू पहले भी ऐसी भूमिका निभा चुके हैं।

### दावेदारी

**12 जून को पटना में विपक्षी नेताओं की बैठक में तय हो जाएगा कि नीतीश कुमार नेतृत्व करेंगे**

**1998 में कांग्रेस ने लालू यादव से हाथ मिला लिया:** महागठबंधन में तालमेल बनाए रखने के लिए लालू प्रसाद अहम कड़ी हैं, यह बात नीतीश कुमार अच्छी तरह जानते हैं।



संत कबीर कुटीर निवासी हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संत कबीरदास जी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और प्रदेशवासियों को संत कबीरदास जयंती की शुभकामनाएं दी।

## रेल हादसा: सांप्रदायिक पोस्ट करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/ओडिशा**
**ओडिशा** के बालासोर में शुक्रवार शाम तीन ट्रेनें दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। इस भयानक रेल हादसे में 261 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं, 900 से ज्यादा लोग घायल हैं। इस हादसे के बाद लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मेंस पर अपनी अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दी है। वहीं, कुछ लोग सोशल मीडिया पर इस हादसे को 'सांप्रदायिक रंग' देने की कोशिश में जुटे हैं। इस हादसे पर कई लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट भी साझा किए जा रहे हैं। इस रेल हादसे को लेकर किए जा रहे सांप्रदायिक और हिंसक पोस्ट पर लगाम लगाने के लिए ओडिशा पुलिस ने कमर कस ली है।

**साप्रंदायिक पोस्ट करने वालों पर होगी कार्रवाई:** ओडिशा पुलिस ने चेतावनी दी है कि उन लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी जो इस हादसे से जुड़ी साप्रंदायिक और हिंसक पोस्ट को सोशल मीडिया पर शेयर करेंगे। पुलिस ने लोगों से झूठे और दुर्भावनापूर्ण पोस्ट फैलाने से रोकने का आग्रह किया है। पुलिस ने आगे कहा कि ओडिशा में जीआरपी द्वारा दुर्घटना के कारणों और अन्य सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## पहलवानों के विरोध प्रदर्शन को मिल रहा अंतर्राष्ट्रीय समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया/मंगलुरु**
**केंद्रीय** कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार पहलवानों के मुद्दों को हल करने और नई दिल्ली में उनके विरोध को समाप्त करने की पूरी कोशिश कर रही है। उडुपी में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने दावा किया कि विरोध को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिल रहा है क्योंकि यह केंद्र सरकार के खिलाफ है।

## '...दृश्य देखकर ही कलेजा फटने लगता है'



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** के उप मुख्यमंत्री ने ओडिशा ट्रेन हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि यह बहुत बड़ी घटना है। इसमें बिहार के भी कई लोग घायल हुए हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा हादसा है। तेजस्वी यादव ने हादसे में मृत लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह हादसा लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने कहा कि यह लापरवाही तो हुई है, जिस प्रकार के दृश्य सामने आए हैं, वह देखकर कलेजा फटने को आता है, जिस प्रकार से बच्चों से लेकर बुजुर्ग यात्रियों की मृत्यु हुई है।

ये कहीं न कहीं रेलवे द्वारा जो दावा किया जाता था कि सेफ्टी जो है, प्रायोरिटी है, लेकिन इतना बड़ा हादसा हो गया। इसके बाद भी अभी भी किसी पर जिम्मेवारी तय नहीं हुई है, इसका जिम्मेवार कौन है।

**तापमान में गिरावट** एमपी के 15 शहरों में पारा 40 डिग्री पार, यूपी में हीटवेव अलर्ट, दिल्ली में सुबह बरसा पानी

## मौसम की मार: राजस्थान में आंधी-बारिश, 3 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली-एनसीआर** के कई हिस्सों में रविवार सुबह हुई बारिश ने तापमान में राहत दी है। ठंडी हवाओं और बादल के चलते दिल्ली में न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, राजस्थान, हरियाणा और यूपी के कुछ इलाकों में भी बारिश हो सकती है। राजस्थान में शनिवार रात आए आंधी-तूफान के चलते 3 लोगों की जान चली गई। अजमेर में आंधी-बारिश से एक घर की दीवार ढह गई थी। दबने से मां और दो बेटों की मौत हो गई। मध्य प्रदेश में 15 शहरों में तापमान 40 डिग्री पार चला गया। शाम को हुई बारिश से गर्मी से राहत मिली। यूपी में भी 10 शहरों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। पटना शनिवार को देश की सबसे गर्म राजधानी रही। यहां पारा 42.7 डिग्री रिकार्ड हुआ। दूसरे नंबर पर 42.6 डिग्री के साथ चेन्नई और 42.2 डिग्री के साथ तीसरे नंबर पर रायपुर रहा।



### गर्मी से राहत मिली

**अजमेर में आंधी-बारिश से एक घर की दीवार ढह गई थी। दबने से मां और दो बेटों की मौत हो गई**

**राजस्थान: अगले 3 दिन आंधी-बारिश, फिर 45℃ होगा तापमान:** राज्य में जोधपुर और उदयपुर के आसपास के इलाकों में बारिश हुई और ओले गिरे। राजधानी जयपुर, चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर, राजसमंद और पाली में भी बरसात हुई। बीकानेर में ओलों की जबरदस्त बारिश के बाद जमीन सफेद चादर से ढकी नजर आई। राज्य के उत्तर-पश्चिम जिलों के अलावा दक्षिण-पूर्वी जिलों में भी कई जगह 82 किमी स्पीड से तेज अंधड़ आया और भारी बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन के लिए आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान उमस बढ़ेगी, कई शहरों में पारा 2 से 4 डिग्री तक बढ़ेगा। 6 जून के बाद कई शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर जा सकता है। अगले हफ्ते तक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कमजोर पड़ने से गर्मी भी बढ़ेगी।

